डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 21.12.2020 से 27.12.2020 ▶ वर्ष-37 ▶ अंक-51 ▶ मूल्य ₹10.00

किसान महासम्मेलन

किसानों के लिए पूरी तरह समर्पित है मध्यप्रदेश सरकार - प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

"रायसेन, मध्यप्रदेश सरकार पूरी तरह से किसानों को समर्पित है तथा यहां किसानों की भलाई के लिए निरंतर कार्य हो रहे हैं। प्रदेश के 35 लाख से अधिक किसानों के खातों में फसल नुकसानी की 1600 करोड़ रुपये की राशि सीधे उनके खातों में अंतरित की जा रही है, कोई बिचौलिए नहीं, कोई कमीशन नहीं। यह भारत में पिछले 5-6 वर्षों में बनाई गई व्यवस्था का परिणाम है, जिसकी पूरे विश्व में आज प्रशंसा हो रही है। ये बातें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने रायसेन में आयोजित किसान महासम्मेलन में प्रदेश के लाखों किसानों को वर्चुअली संबोधित करते हुये कहीं।"

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी रायसेन में आयोजित किसान महासम्मेलन को वर्चुअली संबोधित करते हुये।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि किसानों को खेती से जुड़े कार्यों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड दिलाए जा रहे हैं, जिससे उन्हें कम ब्याज दर पर ऋण प्राप्त हो रहा है। आज यहां कोल्ड स्टोरेज, वेयर हाऊस आदि कृषि अधोसंरचनाओं का लोकार्पण तथा शिलान्यास भी हुआ है, जो कि किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी होंगे। देश में भंडारण केन्द्रों का नेटवर्क बनाना तथा फूड प्रोसेसिंग के उद्यम स्थापित करना हमारी प्राथमिकता है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि तीनों कृषि कानून किसानों के लिए अत्यंत लाभदायक एवं कृषि की उन्नति के लिए परम आवश्यक हैं। ये कानून 25-30 वर्ष पहले ही देश में लागू हो जाने थे। कृषि सुधार के संबंध में स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट को हमने लागू किया है। आज जब हमारी सरकार ने किसानों के हित में कृषि सुधारों को लागू किया है तो किसानों में भ्रम एवं डर फैलाया जा रहा है। किसान भाई इसे समझें और बिल्कुल भी भ्रमित न हों। हमारी नीयत मां गंगा एवं माँ नर्मदा के जल जैसी पवित्र है। हमारा हर कदम किसानों के हित में है।

किसान कार्यक्रम स्थल से तथा प्रदेश के सभी जिला, जनपद तथा ग्राम पंचायतों से वर्चुअली जुड़े थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के साढ़े 35 लाख किसानों के खातों में फसल नुकसानी की प्रथम किश्त के रूप में 1600 करोड़ रुपये की राशि अंतरण की शुरुआत की। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा कार्यक्रम में 70 करोड़ रुपये से अधिक के कृषि अधोसंरचना विकास के कार्यों का शिलान्यास तथा लोकार्पण किया।

(शेष पृष्ठ 22 पर)

आज नहीं है यूरिया की किल्लत

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हमारी सरकार किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध करा रही है। हमने यूरिया की कालाबाजारी रोकी है। पुराने खाद कारखानों को दोबारा चालू किया जा रहा है। आधुनिक फर्टिलाइजर प्लांट लगाए जा रहे हैं। हम किसानों को अब अन्नदाता के साथ ऊर्जादाता भी बना रहे हैं। किसानों के खेतों में कम कीमत पर सोलर पम्प लगाए जाने का अभियान चलाया जा रहा है।

मंडियों का करेंगे आधुनिकीकरण

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि दूसरा बड़ा झूठ यह है कि मंडियां बंद हो जाएंगी। देश की कोई भी कृषि उपज मंडी बंद नहीं होगी, बल्कि हम उनके आधुनिकीकरण पर 5 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च करने जा रहे हैं। नए कानून के माध्यम से किसान को यह विकल्प दिया गया है कि वो अपनी फसल अपनी इच्छानुसार, जहां उसे अधिक लाभ प्राप्त हो, मंडी के भीतर या मंडी के बाहर कहीं भी बेचे।

कक्षा 1 से 8वीं तक

वर्कशीट आधारित होगा विद्यार्थियों का मूल्यांकन

भोपाल, प्रदेश में शासकीय शालाओं में कक्षा एक से आठवीं तक के विद्यार्थियों का मूल्यांकन वर्कशीट के आधार पर होगा। आयुक्त राज्य शिक्षा केंद्र श्री लोकेश कुमार जाटव ने बताया कि कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों को वर्कशीट दी जाएगी। इसके आधार पर उनका अर्धवार्षिक एवं वार्षिक मूल्यांकन किया जाएगा। विद्यार्थियों का अर्धवार्षिक मूल्यांकन जनवरी माह में एवं वार्षिक मूल्यांकन फरवरी एवं मार्च में किया जाएगा।

राज्य शिक्षा केंद्र ने माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध सभी शासकीय शालाओं में शिक्षण सत्र 2020 -21 में कक्षा एक से आठवीं तक के विद्यार्थियों के अर्धवार्षिक मूल्यांकन (प्रतिभा पर्व) एवं वार्षिक मूल्यांकन के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कक्षा पहली एवं दूसरी के बच्चों को शालाओं से ही अभ्यास पुस्तिका दी जाएगी जिसके अंत में वर्कशीट होगी। इसमें हिंदी, अंग्रेजी एवं गणित विषय के प्रश्न होंगे। कक्षा तीसरी से आठवीं तक के बच्चों को दी जाने वाली वर्कशीट में कौशल आधारित प्रश्न और प्रोजेक्ट वर्क होगा। वर्कशीट में ही प्रश्नों के उत्तर और प्रोजेक्ट वर्क लिखने के लिए स्थान रहेगा। वर्कशीट में 60 प्रतिशत लिखित एवं 40 प्रतिशत अंक प्रोजेक्ट कार्य के आधार पर दिए जाएंगे। प्रोजेक्ट वर्क में छात्रों से कोई मॉडल नहीं बनवाया जाएगा। यह प्रोजेक्ट वर्क घर में उपलब्ध रोजमर्रा की सामग्री के आधार पर या घर के सदस्यों से पूछ कर पूरे किए जा सकेंगे।

आयुष्मान भारत कार्ड

अब लोक सेवा केंद्रों से भी बनेंगे लाभार्थी कार्ड

भोपाल, राज्य लोक सेवा अभिकरण अंतर्गत संचालित लोक सेवा केंद्रों से अब पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान भारत लाभार्थी कार्ड मिलना प्रारंभ हो गए हैं, योजनांतर्गत पात्र लाभार्थी को अपने नजदीकी लोक सेवा केंद्र में आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ आवेदक को निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा। लोक सेवा केंद्रों द्वारा लोक सेवा गारंटी के तहत निर्धारित समयावधि में पात्र लाभार्थी को आयुष्मान कार्ड बनाकर उपलब्ध कराया जायेगा। राज्य लोक सेवा अभिकरण द्वारा आम नागरिकों के लिये लोक सेवा प्रबंधन विभाग अंतर्गत संचालित लोक सेवा केंद्रों और उनकी उपलब्ध सेवाओं की जानकारी को अब व्हाट्अप पर दी जा रही है। इसके लिये राज्य-स्तरीय दूरभाष नंबर 0755-2775227 जारी किया गया है।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

एक जनवरी से शुरू की जायें महाविद्यालयों में प्रायोगिक कक्षाएं

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय में आयोजित उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान महाविद्यालयों में एक जनवरी, 2021 से प्रायोगिक कक्षाओं का संचालन करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कोविड-19 की गाइड-लाइन को ध्यान में रखते हुए 50 प्रतिशत क्षमता के साथ सामाजिक दूरी का पालन करते हुए तीन-तीन दिन के लिये बैच निर्धारित कर कक्षाएँ शुरू की जायें।

श्री चौहान ने कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं दिलाई जायें। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा दिया जाये, ताकि विद्यार्थियों को रोज़गार प्राप्त करने एवं अपना व्यवसाय स्थापित करने में आसानी हो सके। उन्होंने आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की दिशा में विभाग के लिये तय किये गये बिन्दुओं पर सुव्यवस्थित ढंग से कार्य करने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समय-सीमा तय कर विभागीय लक्ष्यों को पूरा करें और विद्यार्थियों के हितों एवं भविष्य को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुरूप महाविद्यालयों का युक्ति-युक्तकरण व्यवस्थित ढंग से किया जाये।

इसी तरह एकल संकाय वाले महाविद्यालयों का बहुसंकायी महाविद्यालयों में उन्नयन आवश्यकतानुसार किया जाये। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों को महाविद्यालयों में उपलब्ध सीट के अनुसार प्रवेश दिया जाये।

निर्देश देते हुये श्री चौहान ने कहा कि 200 शासकीय महाविद्यालयों का इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की कार्यवाही शुरू की जाये, जिससे विद्यार्थियों को वर्चुअल लर्निंग एवं स्मार्ट क्लास-रूम जैसी सुविधाएं मिल सकें।

उन्होंने कहा कि 100 से कम विद्यार्थी संख्या वाले 51 शासकीय महाविद्यालयों को निकटस्थ बड़े महाविद्यालयों में विलय करने पर विचार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 37 निजी विश्वविद्यालयों पर नियंत्रण रखने की जिम्मेदारी सरकार की है। उन्होंने कहा कि भवनविहीन महाविद्यालयों के लिये किराये से भवन लेने पर विचार किया जायेगा।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने विभागीय गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि 73 प्रतिशत विद्यार्थी शासकीय महाविद्यालयों में प्रवेशरत हैं। इस वर्ष 4.37 लाख विद्यार्थियों ने स्नातक एवं 1.30 लाख विद्यार्थियों ने स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश लिया है। श्री चौहान ने बोर्डिंग स्कूलों की समीक्षा के दौरान कहा कि फिलहाल जनवरी माह तक बोर्डिंग स्कूल नहीं खोले जायेंगे। फरवरी माह में इनके खोले जाने पर विचार करेंगे, जिसकी जवाबदेही स्कूल प्रबंधन की होगी।

राज्य सरकार का लक्ष्य गरीब परिवारों के लिये बेहतर रोज़गार

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, स्ट्रीट वेण्डर योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक हितग्राहियों का चयन कर उन्हें लाभान्वित किया जाये। राज्य सरकार का लक्ष्य गरीब परिवारों को बेहतर रोज़गार प्रदान करना है। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप में रोज़गार के अवसरों में वृद्धि करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। ये निर्देश मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग की समीक्षा करते हुये दिये।

श्री चौहान ने निर्देश देते हुये कहा कि छोटे-छोटे व्यवसाय शुरू करने के लिये शासकीय मदद पहुंचायी जाये। इसे अभियान के स्वरूप में किया जाये। प्रदेश के सभी जिलों में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम के एकीकृत क्लस्टर तैयार किये जायें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि जिलों में वहां पैदा होने वाली सामग्री, कृषि उत्पादों पर आधारित एकीकृत क्लस्टर विकसित किये जायें। वनवासियों तथा किसानों को योजना का लाभ मिले। समीक्षा के दौरान बताया गया कि इस योजना में अधोसंरचना विकास, डिस्प्ले तथा मार्केटिंग को भी शामिल किया गया है। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि जो बच्चे इनोवेटिव आइडिया रखते हैं उन्हें स्टार्टअप शुरू करने में पूरी मदद दी जाये। जानकारी के अनुसार प्रदेश में 1132 पंजीकृत स्टार्टअप हैं और 39 इंक्यूबेशन सेंटर हैं। इन सभी स्टार्टअप और सेंटर्स को सुदृढ़ किया जाएगा।

श्री चौहान ने निर्देश दिये कि छोटी-बड़ी सभी औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की प्रक्रिया को और सहज-सरल बनाया जाये। सभी स्वीकृतियां 30 दिनों के अंदर जारी हो जायें। जिसमें 30 दिन बाद औद्योगिक इकाइयां कार्य करना प्रारंभ कर सकें। निर्देश देते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में उद्यमियों को आवंटित भूमि का उपयोग केवल उद्योग स्थापना में ही होना चाहिये। यदि कोई उद्यमी इस भूमि का अन्य उद्देश्य से उपयोग करता है तो उक्त भूमि को उससे खाली कराया जाये।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

12 दिसम्बर

2927 अदालतें हाई स्पीड वाइड एरिया नेटवर्क से जुड़ीं

●देशभर के लगभग 2927 अदालत परिसरों को तीव्र गति वाले वाइड एरिया नेटवर्क (डब्ल्यूएएन) से जोड़ा जा चुका है। ई-अदालत परियोजना के तहत विधि विभाग, बीएसएनएल के साथ मिलकर यह कार्य कर रहा है। ई-अदालत परियोजना के तहत विधि विभाग ने विश्व के एक सबसे बड़े डिजिटल नेटवर्क को स्थापित करने की परिकल्पना की थी और इसके लिए सर्वोच्च न्यायालय की ई-समिति के साथ मिलकर देशभर के 2992 अदालत परिसरों को तीव्र गति वाले वाइड एरिया नेटवर्क (डब्लयूएएन) से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया था।

●वॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) ने कृषि उत्पादों के लिए इलेक्ट्रॉनिक स्पॉट प्लेटफॉर्म

लॉन्च किया है। इस बाजार को बीएसई ई-एग्रीकल्चरल मार्केट्स (बीम) नाम दिया गया है। यह प्लेटफॉर्म राष्ट्रीय स्तर पर कृषि उत्पाद की बिक्री के लिए कार्य करेगा। यहां किसान अपनी उपज को इलेक्ट्रॉनिक रूप से रख सकेंगे। यहां उपज रजिस्ट्रर्ड की जाएगी और बिक्री के लिए उसकी नीलामी की जाएगी, जिसमें देशभर के खरीदार हिस्सा ले सकेंगे। बीएसई के प्रबंध निदेशक के अनुसार बीएसई राष्ट्रीय स्तर पर वस्तुओं के वितरण का नेटवर्क तैयार कर रहा है।

●अब यूजर जी-मेल अटैचमेंट में मौजूद डॉक्यूमेंट को वहीं एडिट कर सकेंगे। माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के साथ जी-मेल के हुए एक एकीकरण के तहत यह सुविधा यूजर्स को दी जाएगी। इसके तहत यूजर्स अटैचमेंट में रिसीव किए गए डॉक्यूमेंट्स को सीधे तौर पर एडिट कर पाएंगे। यूजर जी-मेल में रहकर डॉक्यूमेंट के ओरिजिनल फाइल फॉर्मेट को वैसे ही फॉर्मेट में बनाए रखते हुए वर्ड, एक्सेल और पावर पॉइंट फाइल को एडिट कर सकेंगे।

13 दिसम्बर

एलआईसी की यूलिप पॉलिसी ऑनलाइन कर सकेंगे स्विच

●भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने ग्राहकों को एक नई सुविधा दी है।

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

अब ग्राहक ऑनलाइन यूलिप पॉलिसी को स्विच कर सकते हैं। इस सुविधा के शुरू होने से पॉलिसीधारक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से यूलिप पॉलिसी के फंड को दूसरी पॉलिसी में ट्रांसफर कर सकेंगे। जिन ग्राहकों ने प्रीमियर सेवाओं के लिए कस्टमर पोर्टल पर रजिस्टर्ड किया है, वे इस सुविधा का फायदा ले सकते हैं। यह सुविधा एलआईसी के न्यू एंडाउमेंट प्लस, निवेश प्लस और सिप प्लान पर लागू होगी।

●अमेरिका में फाइजर की कोरोना वैक्सीन को आपात स्थिति में उपयोग की इजाजत दे दी गई है। एफडीए की मंजूरी मिलने के बाद अमेरिका के इतिहास का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान आरंभ होगा। एफडीए का फैसला बड़े पैमाने पर जारी अध्ययन को लेकर जनता की समीक्षा के आंकड़ों के आधार पर लिया गया है। ट्रंप प्रशासन भी एफडीए पर टीके को जल्द से जल्द मंजूरी देने के लिए दबाव बना रहा था। गौरतलब है कि अमेरिका, ब्रिटेन समेत कई अन्य देश सर्दियों से पहले अधिकाधिक लोगों का टीकाकरण करना चाहते हैं।

●फ्रांस, जर्मनी, ऑस्ट्रिया, स्पेन और स्विट्जरलैंड में भारी बर्फबारी हो रही है। तापमान माइनस 8 डिग्री तक पहुंच गया है। इस कारण पब्लिक ट्रांसपोर्ट भी ठप हो गया है। फ्रांस में ज्यादातर सड़कें बंद कर दी गई हैं। बर्फ हटाने का काम जारी है। वहीं ऑस्ट्रिया में लोकल ट्रेनें तक प्रभावित हैं। ट्रेनों पर 6-6 इंच तक बर्फ जम रही है। ट्रेनों को चलाने से पहले बर्फ हटाने का काम किया जा रहा है।

14 दिसम्बर

जहाज हिमगिरि का हुआ जलावतरण

●मेसर्स गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई), कोलकाता में बना प्रोजेक्ट 17ए के तीन जहाजों में से एक हिमगिरि लॉन्च किया गया। इस जहाज का जलावतरण हुगली नदी में किया गया। इस जहाज का नाम और चिह्न लियेंडर क्लास शिप के पोत से मिला है, जो 50 वर्ष पहले 1970 में लॉन्च किया गया था। प्रोजेक्ट 17 ए के अंतर्गत सात जहाज बनाए जा रहे हैं। चार जहाज मजगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) तथा तीन जहाज जीआरएसई में बनाए जा रहे हैं। इन जहाजों में रडार से बच निकलने की तरकीब, अग्रणी स्वदेशी हथियार और अन्य सुधारों के साथ-साथ सेंसर फिट किया गया है।

●चीन में हुबेई प्रांत का जियांगयांग शहर कोहरे और प्रदूषण के कारण जमीन से आसमान तक ढंक गया है। आसमान में सिर्फ ऊंची इमारतें ही दिखाई दे रही हैं। लगभग 56 लाख की आबादी वाले जियांगयांग में दो साल से तेजी से निर्माण हो रहा है। कई सरकारी प्रोजेक्ट चल रहे हैं। इस कारण यहां प्रदूषण भी बढ़ा है। स्थानीय लोगों के अनुसार कभी यहां इतना कोहरा नहीं रहा। लेकिन प्रदूषण के कारण यहां कोहरा बढ़ रहा है।

●रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने फिक्की के 93वें वार्षिक सम्मेलन को वीडियो

कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी ने देश के सामने कई नई चुनौतियों को जन्म दिया है। ऐसे में लोगों की ज़िंदगी और आजीविका पर पड़ने वाले कोविड के विपरीत प्रभाव से निपटने और उसे कम करने के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना से लोगों की जान बचाने को सबसे पहली प्राथमिकता दी गई है और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े कोरोना वारियर्स ने लोगों की जान के जोखिम को कम करने के लिए हर संभव प्रयास किए हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि अप्रैल-अगस्त-2020 में भारत में 35.73 बिलियन अमेरिकी डॉलर का सर्वाधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) दर्ज किया गया है, जोकि पिछले वित्त वर्ष में इस दौरान दर्ज किए गए एफडीआई की तुलना में 13 फीसदी ज्यादा है।

15 दिसम्बर

उपराष्ट्रपति ने 'योर्स टूली मार्गज़ही' कार्यक्रम का उद्घाटन किया

●उपराष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडू ने हैदराबाद से वर्चुअल माध्यम से 'योर्स

टूली मार्गज़ही' उत्सव का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कलाकार समुदाय से अपील की, कि वे विश्व में उपस्थिति बढ़ाने के लिए भारत की सॉफ्ट पावर की क्षमताओं का उपयोग करें। उपराष्ट्रपति ने भारत में संगीत और नृत्य की शानदार परंपराओं पर प्रकाश डाला और वर्तमान तनावपूर्ण समय में इन्हें पुनर्जीवित करने के महत्व पर जोर दिया। 'योर्स टूली मार्गज़ही' संगीत एवं नृत्य महोत्सव के ज़रिये चेन्नई की प्रसिद्ध परंपरा को ऑनलाइन माध्यम से बनाये रखने की एक पहल है।

●बहरीन ने चीन की फार्मा कंपनी सिनोफार्म की वैक्सीन को मंजूरी दे दी है। सिनोफार्म की इस वैक्सीन का मिस्र, बहरीन और जॉर्डन में तीसरे फेज का ट्रायल चल रहा है। इससे पहले उसने फाइजर और उसकी जर्मन सहयोगी बायोएनटेक की वैक्सीन को मंजूरी दी थी। बहरीन ने टीका लगाने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया है। यहां लोगों को मुफ्त कोरोना वायरस वैक्सीन देने की योजना पर काम किया जा रहा है।

●भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) को इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा इस्पात के क्षेत्र में वर्ष 2020 के प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक एन्वायरमेंट मैनेजमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। सेल लगातार दो वर्षों से इस पुरस्कार का विजेता रहा है। इस पुरस्कार को इस श्रेणी के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक माना जाता है। ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार विभिन्न पर्यावरणीय समस्याओं को ध्यान में रखते हुए यह पुरस्कार उद्योग जगत को अपने पर्यावरण संबंधी प्रदर्शन को बेहतर करने और एक मानक स्थापित करने के लिए अपने साथी उद्यमों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

16 दिसम्बर

स्पेक्ट्रम नीलामी प्रस्ताव को मिली मंजूरी

●केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने दूरसंचार विभाग के स्पेक्ट्रम नीलामी के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस नीलामी के तहत स्पेक्ट्रम वाणिज्यिक मोबाइल सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सफल बोलीदाताओं को सौंप दिया जाएगा। यह नीलामी 700 मेगाहर्ट्ज, 800 मेगाहर्ट्ज, 900 मेगाहर्ट्ज, 1800 मेगाहर्ट्ज, 2100 मेगाहर्ट्ज, 2300 मेगाहर्ट्ज और 2500 मेगाहर्ट्ज फ्रीक्वेंसी बैंड्स के स्पेक्ट्रम के लिए होगी। यह स्पेक्ट्रम 20 वर्ष की वैधता अवधि के लिए सौंपा जाएगा। नीलामी के माध्यम से स्पेक्ट्रम के उपयोग के अधिकार प्राप्त करने वाले दूरसंचार सेवा प्रदाता अपने नेटवर्क की क्षमता बढ़ाने में समर्थ होंगे, जबकि नया सेवा प्रदाता अपनी सेवाएं शुरू करने में समर्थ होगा।

●ट्राइब्स इंडिया ने 20 और प्रभावी एवं रोग प्रतिरोधक उत्पादों को अपनी पेशकश में शामिल किया गया है। जिन उत्पादों को शामिल किया गया, उनमें तमिलनाडु की इरुलास और कुरुमबास जनजातियों के दस उत्पाद शामिल हैं, इनमें तीन ऑर्गेनिक उत्पाद- शिकाकाई पाउडर, लाल चावल और मसाले जैसे जायफल, जायफल का अचार और दो तरह का अवल (पोहा) शामिल हैं। मध्यप्रदेश की गोंड और कोरकू जनजातियों द्वारा तैयार दस धातु निर्मित आकर्षक डोकरा सजावटी वस्तुएं भी ट्राइब्स इंडिया के कैटलॉग में शामिल की गई हैं। इनमें नंदी और हिरन की मूर्तियां, कार्डकेस, नेपकिन होल्डर और पेन स्टैंड शामिल हैं।

●आयरलैंड के डाटा नियामक ने ट्विटर पर 4 लाख 50 हजार यूरो यानी करीब चार करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। ट्विटर पर यह जुर्माना उस बग को लेकर लगा है जिसके कारण कई लोगों के प्राइवेट ट्वीट पब्लिक हो गए थे। नए यूरोपियन यूनियन डाटा प्राइवेसी सिस्टम के तहत किसी अमेरिकी कंपनी पर होने वाली यह पहली कार्रवाई है। गौरतलब है कि पिछले साल ट्विटर के एंड्रॉयड एप में एक बग आया था, जिसके बाद कई यूजर्स के प्राइवेट ट्वीट पब्लिक हो गए थे।

17 दिसम्बर

वाडा के शोध बजट में भारत ने दिया योगदान

●विश्व स्तर पर खेलों को स्वच्छ स्वरूप प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता सुनिश्चित करने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ते हुए भारत ने विश्व एंटी डोपिंग एजेंसी (वाडा) के वैश्विक शोध बजट में एक मिलियन अमेरिकी डॉलर का योगदान दिया है। इससे वाडा को एंटी डोपिंग परीक्षण और पता लगाने की नई पद्धतियां विकसित करने में मदद मिलेगी। इस राशि का उपयोग वाडा द्वारा स्वतंत्र जांच और खुफिया विभाग को और सशक्त करने में भी किया जाएगा।

●सड़क परिवहन एवं राजमार्ग और एमएसएमई मंत्री श्री नितिन गडकरी ने

कहा कि सरकार ने देशभर में वाहनों के निर्बाध आवागमन के लिए टोल संग्रहण हेतु जीपीएस (ग्लोबल पोजीशनिंग सिस्टम) को लागू किए जाने को अंतिम रूप दे दिया है। उन्होंने कहा कि इससे भारत को अगले दो वर्षों में टोल बूथ मुक्त किया जाना सुनिश्चित किया जा सकेगा।

●जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख के छात्रों को सहायता देने के उद्देश्य से एआईसीटीई ने प्रधानमंत्री विशेष छात्रवृत्ति योजना (पीएमएसएसएस) के तहत निर्वाह भत्ते के रूप में 20 हजार रुपये की किश्त जारी करने का फैसला किया है। यह निर्णय छात्रों को अपनी ऑनलाइन पढ़ाई पूरी करने में मदद देने और समर्थ बनाने के लिए लिया गया है।

18 दिसम्बर

नागरिकों को ग्रीन पासपोर्ट जारी करेगा इजराइल

●इजरायल ने अपने नागरिकों के लिए 'ग्रीन पासपोर्ट' जारी करने का ऐलान किया है, ऐसा करने वाला वह दुनिया का पहला देश होगा। यह पासपोर्ट उन लोगों को जारी किया जाएगा, जिन्हें कोरोना वैक्सीन लग चुकी है। इजरायल सरकार ने यह कदम इसलिए उठाया है, ताकि

वैक्सीन लगवाने वाले अपने नागरिकों को अन्य मुल्कों की यात्रा के दौरान क्वारंटीन और कोरोना के दूसरे प्रतिबंधों से छूट मिल सके।

●एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और भारत सरकार ने त्रिपुरा में आधारभूत परियोजनाओं के विकास के लिए 42 लाख डॉलर के प्रोजेक्ट फाइनेंसिंग के समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के जरिए पूर्वोत्तर भारत में स्थित त्रिपुरा में शहरी सुविधाएं विकसित करने के साथ-साथ पर्यटन क्षेत्र के लिए मूलभूत सुविधाएं विकसित की जाएंगी। पूर्वोत्तर भारत में एडीबी की यह पहली प्रोजेक्ट रेडीनेस फाइनेंसिंग (पीआरएफ) सुविधा है।

●रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में थल सेना, नौसेना और वायु सेना को स्वदेशी रूप से विकसित डीआरडीओ की तीन प्रणालियां सौंपीं। श्री राजनाथ सिंह ने नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह को इंडियन मेरिटाइम सिचुएशनल अवेयरनेस सिस्टम (आईएमएसएएस) सौंपी। इसके अलावा एयर चीफ मार्शल राकेश कुमार सिंह भदौरिया को अस्त्र एमके-I मिसाइल और थल सेना अध्यक्ष जनरल एमएम नरवाने को बॉर्डर सर्विलांस सिस्टम (बीओएसएस) सौंपी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

REQUIRED
A Leading College of Indore Invites Applications for Selection Under College Code 28.
ASSOCIATE PROFESSOR
ASSISTANT PROFESSOR
IN FOLLOWING AREAS
Commerce, Sociology, History Hindi, English, Political Science Economics, Computer, Management Sports Officer, Librarian
NON TEACHING STAFF
Marketing Executives, Counsellor, Sr.Accountant Computer Operator (H&E typing), Driver.
ELIGIBILITY & SALARY AS PER UGC/AICTE NORMS.
Please send your resume to
hrradiantinstitute@gmail.com
RADIANT INSTITUTE OF MANAGEMENT & SCIENCE
(AFFILIATED TO DAVV, APPROVED BY HIGHER EDUCATION, GOVT OF MP)
Sector-A, Bakhtawarram Nagar, Indore
Call : 91741 74111, 97555 34000
RNIL PUB.
R-44886/2020

वर्ष 37, अंक 51 21.12.2020 से 27.12.2020
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुधाम खाड़े
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (रु. पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011,
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : mpmdtp@yahoo.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

ऊर्जा विभाग की समीक्षा

प्रदेश में किसानों को बिजली के अस्थायी कनेक्शन नियमानुसार समय-सीमा में दिये जायें। ओ.वाय.टी. योजना के अंतर्गत उच्च गुणवत्ता के ट्रांसफॉर्मर लगाये जायें। विद्युत वितरण कंपनी के स्टोर से ही ट्रांसफॉर्मर देने की व्यवस्था की जाये। ऊर्जा विभाग से संबंधित सभी योजनाओं के लिये नियमानुसार क्या करेंगे, क्या नहीं करेंगे यह स्पष्ट होना चाहिये। इससे परे जाकर जो कार्य करें उसकी जवाबदारी फिक्स हो, उपरोक्त बातें प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहीं। श्री तोमर भोपाल स्थित मंत्रालय में ऊर्जा विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ट्रांसफॉर्मर और बिजली मीटर किस आधार पर खरीदे गये हैं, इसकी पूरी जानकारी दें। उन्होंने कहा कि आगे से वास्तविक डिमांड के आधार पर ही इनकी खरीदी की जाये। जिस कंपनी के मीटर टेस्टिंग में 5 प्रतिशत से ज्यादा खराब होते हैं, उन्हें ब्लैक लिस्ट करें। जितनी सामग्री खरीदने के आदेश हुये हैं, उतनी खरीदी हुई है कि नहीं इसका परीक्षण कर एक सप्ताह में रिपोर्ट दें। स्क्रेप मटेरियल और कंडम वाहनों की नीलामी समय सीमा में करें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि कंपनी में विभिन्न स्तर पर बचत करने के लिये एक साल का प्लान बनायें। इस प्लान का कड़ाई से पालन करें। वितरण हानि को कम करने की भी 6 माह की कार्ययोजना बनायें। मॉडल के तौर पर 'एक जिला एक शहर' का चयन कर वहां मीटर रीडिंग की पुख्ता व्यवस्था करें। मीटर रीडर ही वसूली का कार्य भी करें। बड़े बकायादारों की रात में मीटर रीडिंग की रिकॉर्डिंग की जाये और अनियमितता पर कार्यवाही की जाये। श्री तोमर ने कहा कि सौभाग्य योजना में गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाये। सभी गांवों में निर्धारित समय अनुसार बिजली की आपूर्ति की जाये। श्री तोमर ने कहा कि निरीक्षण के दौरान पाया गया है कि आउटसोर्स कर्मचारियों को निर्धारित दर के अनुसार वेतन नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत अमानवीय कार्य है इस पर तुरंत रोक लगायी जाये। दुर्घटना होने पर नियमित, संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों को तुरंत राहत दिलायी जाये। आउटसोर्स कर्मचारियों का बीमा भी नियुक्ति के तुरंत बाद करवायें। सभी कर्मचारियों को सुरक्षा के सभी उपकरण उपलब्ध करवाये जायें। आउटसोर्स कर्मचारियों की दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके परिवार के किसी व्यक्ति को आउटसोर्स में रखने का प्रावधान किया जाये। हर साल उनकी ट्रेनिंग करवायें। श्री तोमर ने कहा कि ऐसा कार्य करें कि आउटसोर्स कर्मचारियों को भी लगे कि कंपनी हमारे प्रति संवेदनशील है। वितरण केंद्र स्तर पर वाहन देने के साथ ही वहां के मेंटेनेंस के लिये भी राशि का प्रावधान करवायें। वितरण केंद्रों का नियमित निरीक्षण भी सुनिश्चित करें। सभी कार्यालयों में बेहतर साफ-सफाई रखें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि पहले शहरी क्षेत्रों में आंकलिक खपत पर बिलिंग करना बंद करें। इसके बाद ग्रामीण क्षेत्रों में क्रमशः इसे लागू करें। आवश्यकतानुसार मीटर भी लगाये जायें। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि सभी स्तर के अधिकारी प्रतिदिन उपभोक्ताओं से संवाद करें। उन्होंने कहा कि मैं भी प्रतिदिन 10 उपभोक्ताओं से बात करूंगा। इससे विभागीय योजनाओं के बारे में सही फीड बैक मिलेगा। ऑनलाइन मिलने वाली शिकायतों का निराकरण किया जाये। उन्होंने कहा कि मेरी विधानसभा क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं की जानकारी दें। मैं उन्हें बिजली बिल समय पर देने की समझाइश दूंगा। प्रयोग सफल होने पर इसे अन्य क्षेत्रों में भी लागू किया जायेगा। श्री तोमर ने कहा कि मैं ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हमेशा सम्मान दूंगा। ऊर्जा विभाग आमजन से जुड़ा हुआ एक सीधा विभाग है। इसकी सेवा से प्रदेश के नागरिकों को समय पर सुचारु विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था की जाती है। समय-समय पर ऐसे सीधे जनता से जुड़े विभागों की समीक्षा होती रहनी चाहिये। समीक्षा से ही जनता के लिये बेहतर फैसले लेने में मदद मिलती है।

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

जीव मंडल - जो अणु अन्य अणुओं से इलेक्ट्रॉनों को तुरन्त अलग करते हैं उनका ऑक्सीकरण कर देते हैं। जो अणु अन्य अणुओं के इलेक्ट्रॉनों की आपूर्ति करते हैं, उनका अपचयन कर देते हैं। ये ऑक्सीकारक और अपचायक ही कार्बनडाई ऑक्साइड और पानी के अणुओं से कार्बोहाइड्रेट और ऑक्सीजन उत्पन्न करने में पौधों की सहायता करते हैं। पौधे सांस छोड़ने में ऑक्सीजन बाहर निकालते हैं, लेकिन उस कार्बोहाइड्रेट को बनाये रखते हैं जो ऊर्जा में बदल जाते हैं और रासायनिक बॉण्ड के रूप में संचित हो जाते हैं, जिसमें एडीनोसिन ट्राइफास्फेट (एटीपी) उल्लेखनीय है जो सभी जीवित कोशिकाओं के लिये आधारभूत ऊर्जा का काम करता है। शाक-सब्जियों और पौधों से भोजन पाने वाले शाकाहारियों वाले मांसाहारी प्राणियों द्वारा यह ऊर्जा आहार श्रृंखला तक ले जायी जाती है। मनुष्य जैसे सर्वाहारी अपनी ऊर्जा पौधों और पशुओं (मनुष्य सहित) द्वारा प्राप्त की गई अधिकांश ऊर्जा जीवन प्रक्रिया को बनाये रखने के लिये उपयोग की जाती है।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस 10 दिसम्बर

मानवता का हित ही सर्वोच्च प्राथमिकता

"मनुष्य जैसा सोचता है वैसा ही बन जाता है। मनुष्य जैसा महसूस करता है वैसी ही चीजों को वह अपनी तरफ आकर्षित करता है और वह जैसी कल्पना करता है वैसी ही चीजों को निर्मित करता है।"

गौतम बुद्ध का यह कथन इस बात को दर्शाता है कि अगर प्रत्येक मनुष्य सकारात्मक सोच के साथ मानवता की भलाई के लिए कार्य करे तो संपूर्ण विश्व में किसी भी मनुष्य के न ही अधिकारों का हनन होगा और न ही कोई कष्ट में होगा। व्यक्ति सकारात्मक ढंग से सुखी जीवन व्यतीत करेगा। चाहे वह छोटा बच्चा हो या फिर बुजुर्ग, महिला या पुरुष, गरीब या अमीर हर एक को बेहतर ढंग से पूरी स्वतंत्रता के साथ अपना जीवन व्यतीत करने का अधिकार है। मानव अधिकारों से आशय उन सभी अधिकारों से है, जो व्यक्ति के जीवन, स्वतंत्रता, समानता एवं सम्मान से संबंधित हैं। यह अधिकार भारतीय संविधान के भाग-तीन में मूलभूत अधिकारों के नाम से वर्णित किए गए हैं और न्यायालयों द्वारा प्रवर्तनीय हैं। इसके अतिरिक्त वे अधिकार जो अंतर्राष्ट्रीय समझौते के फलस्वरूप संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा स्वीकार किए गए हैं और देश के न्यायालयों द्वारा प्रवर्तनीय हैं, को मानव अधिकार माना है। संपूर्ण विश्व में मानव अधिकारों को समर्पित दिन अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस प्रतिवर्ष 10 दिसंबर को मनाया जाता है।

2020 की थीम- हम खड़े होंगे मानव के अधिकारों के लिए

वर्ष 2020 को यदि इतिहास में याद किया जाएगा तो वैश्विक महामारी नोवल कोरोना वायरस यानी कोविड-19 की वजह से। संपूर्ण विश्व में इस बीमारी के खिलाफ संघर्ष करते हुए लाखों लोग अब तक खत्म हो चुके हैं, तो वैश्विक तौर पर मानवता की रक्षा में कितने ही लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। निश्चित ही यह संघर्ष पूरी मानव जाति का मानवता के संरक्षण के लिए ही है। इसलिए इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस भी Recover Better - Stand Up for Human Rights की थीम पर मनाया जा रहा है। हम सभी को अपने कामकाज के माध्यम से ऐसे उदाहरण प्रस्तुत करने होंगे जिससे इस दुनिया को फिर से बेहतर बनाया जाए, महामारी की वजह से जो असमानता आई है, उसे दूर किया जा सके। जो क्षति हुई है, उसे पूरा किया जा सके। कोविड-19 के बाद मानव अधिकार ही पूरी दुनिया के केन्द्र में होंगे। आने वाले समय में किसी तरह का भेदभाव किसी के साथ न हो, असमानता खत्म हो, दुनिया में हुई क्षति को खत्म करने के लिए सभी मिलकर साथ दें। सतत विकास में सभी अपना योगदान दें और 2030 के एजेंडे और पेरिस समझौते को पूरा करने के लिए कार्य करें।

संपूर्ण विश्व में 10 दिसंबर को प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस मनाया जाता है। इस दिन सन् 1948 में संयुक्त राष्ट्र सामान्य महासभा के 56 सदस्य देशों ने यूनिवर्सल डिक्लेरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स को अपनाया था, जिसे 1950 में लागू किया गया था। मनुष्य के अधिकारों की ही हम ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को देखें तो मानवाधिकार की सर्वप्रथम शुरुआत ईसा पूर्व 539 सदी में मानी जाती है, जब बेबीलॉन को जीतने के बाद साइरस ने गुलामों को आजाद किया था। मानवाधिकार

सर्जना चतुर्वेदी
(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उनके साथ किसी भी तरह के भेदभाव को रोकना है। मानवाधिकार वे मूलभूत अधिकार हैं जिनकी वजह से मनुष्य को नस्ल, रंग, जाति, धर्म, लिंग, भाषा, राष्ट्रीयता और अन्य विचारधारा आदि के आधार पर प्रताड़ित नहीं किया जा सकता। इसके अलावा इन्हें स्वास्थ्य, आर्थिक, धार्मिक, सामाजिक और शिक्षा का अधिकार जैसी सुविधाओं से वंचित नहीं किया जा सकता। संयुक्त राष्ट्र द्वारा अपनाए गए मानवाधिकार संबंधी घोषणापत्र में भी कहा गया था कि मानव के बुनियादी अधिकार किसी भी जाति, धर्म, लिंग, समुदाय, भाषा, समाज आदि से इतर होते हैं। मौलिक अधिकार देश के संविधान में उल्लिखित अधिकार हैं। ये अधिकार देश के नागरिकों को और किन्हीं परिस्थितियों में देश में निवास कर रहे सभी लोगों को प्रदान किए गए हैं।

संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकार परिषद

1946 में संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन भी किया गया था, जिसे 15 मार्च 2006 को अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद में परिवर्तित कर दिया गया। संयुक्त राष्ट्र की अधीनस्थ यह संस्था ही पूरी दुनिया के संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के मानव अधिकारों के संरक्षण संबंधी कामकाज को देखती है तथा संयुक्त राष्ट्र को इसकी रिपोर्ट प्रदान करती है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) एक अंतर-सरकारी निकाय है जो मानव अधिकारों की रक्षा करता है एवं वे सभी को मिल सके इसके लिए प्रोत्साहित करता है। यह मानवीय गरिमा के सार्वभौमिक आदर्शों के लिए दुनिया की प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है। संयुक्त राष्ट्र ने मानव अधिकार आयोग की स्थापना वर्ष 1946-47 में आर्थिक एवं सामाजिक परिषद की एक कार्यात्मक समिति के रूप में की थी। इसका मुख्य कार्य-प्रतिवेदन तैयार करना, अधिकारों के अंतर्राष्ट्रीय बिल, नागरिक स्वतंत्रता, महिलाओं की स्थिति एवं मानवाधिकार संबंधी विषयों पर अपनी अनुशंसाएं प्रकट करना था। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 15 मार्च 2006 को एक नई मानवाधिकार परिषद के गठन का प्रस्ताव पारित किया। इस 47 सदस्यीय मानवाधिकार परिषद ने 53 सदस्यीय मानवाधिकार आयोग का स्थान लिया है। यूएनएचआरसी, महासभा परिषद के उद्देश्यों की प्राप्ति में राष्ट्रों के योगदान और प्रतिबद्धता पर नजर रखता है। इसकी प्रत्येक सीट की अवधि तीन वर्ष होती है। मानवाधिकार उच्चायुक्त संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख मानव अधिकार अधिकारी होते हैं। यूएनएचआरसी, संयुक्त राष्ट्र सचिवालय का ही एक अंग है, इसका मुख्यालय स्विट्जरलैंड के जिनेवा में स्थित है। प्रोफेसर लुइस हेनकिन को मानवाधिकार का पिता कहा जाता है। उन्होंने दूसरे विश्वयुद्ध के बाद अंतर्राष्ट्रीय कानूनों को आकार देने में अहम भूमिका निभाई थी। कोलंबिया यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ लॉ में काम करते हुए उन्होंने संपूर्ण विश्व में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कानूनों के निर्माण में भूमिका निभाई थी।

मानव अधिकार की सात सूत्री कार्य योजना

अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद की इस वर्ष हुई बैठक में मानव अधिकारों की सात सूत्री कार्य योजना पर जोर दिया गया है। इस अवसर पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेश ने मानवाधिकारों की अहमियत का उल्लेख करते हुए बताया कि ये लोगों की गरिमा और मूल्य से जुड़े हैं।

टिकाऊ विकास के मूल अधिकार-

टिकाऊ विकास का 2030 एजेंडा असमानता के सभी रूपों और हर प्रकार के भेदभाव का अंत करने पर केंद्रित है। संयुक्त राष्ट्र ने सभी देशों से टिकाऊ विकास लक्ष्यों को हासिल करने के प्रयासों में मानवाधिकार के सिद्धांतों और तंत्रों को सबसे आगे रखने की पुरजोर अपील की है।

संकट के समय में अधिकार : हिंसक संघर्ष, आतंकवादी हमले और आपदाएं मानवाधिकारों के लिए कड़ी परीक्षा का समय होता है। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार, शरणार्थी और मानवीय क़ानून स्याह लम्हों में भी मानवता के सामने खड़ी हुई चुनौतियों का मज़बूती से सामना कर सकते हैं।

महिलाओं के लिए समान अधिकार और लैंगिक समानता : महिलाओं के मानवाधिकारों के बगैर सभी के लिए मानवाधिकारों को संभव नहीं किया जा सकता है। सभी देशों से लैंगिक समानता को बढ़ाने वाली नीति बनाने के लिए कहा गया है।

सार्वजनिक भागीदारी : युवाओं और महिलाओं पर विशेष रूप से ध्यान देने के साथ ही नागरिक समाज को सशक्त बनाने के लिए एक व्यापक रणनीति पर भी काम मिलकर किया जा रहा है।

नई पीढ़ी के अधिकार : 21वीं सदी में जलवायु संकट एक बड़ी चुनौती है। लोगों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ, स्वस्थ और टिकाऊ धरती को हासिल करना बेहद अहम बताया है। इस प्रक्रिया में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उन्हें सशक्त बनाया जाएगा ताकि उनकी ना सिर्फ़ आवाज़ों को सुना जाए, बल्कि उनके भविष्य को प्रभावित करने वाले फ़ैसलों में उनकी भागीदारी शामिल हो।

सामूहिक कार्रवाई : सभी पक्षों को मिलकर काम करना होगा। इसके केन्द्र में मानवाधिकारों को रखेंगे। संस्थाओं को मजबूत बनाने और नागरिक समाज संगठनों की क्षमताओं को विकसित करने के प्रयास जारी रहेंगे।

ऑनलाइन माध्यम और टेक्नोलॉजी के खतरे : नई टेक्नोलॉजी मानवाधिकारों के लिए कई चुनौतियां ला रही है। इसमें नफरत फैलाना, किसी की सुरक्षा और अधिकारों से खिलवाड़ शामिल है। ऐसी स्थिति में ऑनलाइन माध्यमों पर मानवाधिकारों का ध्यान रखा जाना और असरदार ढंग से डेटा की सुरक्षा जरूरी है।

(फोटो गूगल से साभार)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी एरिया - इंदौर

गृह विभाग मध्यप्रदेश शासन हेतु मेडिकल ऑफिसर (मेडिकल) तथा मेडिकल ऑफिसर (नॉन-मेडिकल) के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन

विज्ञापन क्रमांक	ऑनलाइन आवेदन करने की	आयोग कार्यालय में अभिलेखों सहित आवेदन-पत्र
02/2020/05.12.2020	अंतिम तिथि 17.01.2021	जमा करने की अंतिम तिथि 30.01.2021

महत्वपूर्ण

1. मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा मध्यप्रदेश शासन के गृह विभाग हेतु विभिन्न विषयों के व्याख्याताओं मेडिकल ऑफिसर (मेडिकल) तथा मेडिकल ऑफिसर (नॉन मेडिकल) के पदों की पूर्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। इन पदों के लिए शैक्षणिक अर्हता निम्नानुसार है :-
   अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता
   मेडिकल ऑफिसर (मेडिकल)
   एम.बी.बी.एस. उपाधि
   मेडिकल ऑफिसर (नॉन-मेडिकल)
   प्राणीशास्त्र, वनस्पति शास्त्र, रसायनशास्त्र , मानव शास्त्र में एम.एससी. या एम.एससी. (फोरेंसिक मेडिसिन) दोनों पदों हेतु अभ्यर्थियों का मध्यप्रदेश राज्य के रोज़गार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
2. आवेदन पत्र केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जायेंगे आवेदन पत्र दिनांक 18.12.2020 (दोपहर 12:00 बजे) से दिनांक 17.01.2021 (रात्रि 12:00 बजे) तक **www.mponline.gov.in, www.mppsc.nic.in** तथा **www.mppsc.com** पर भरे जा सकते हैं।
3. आवेदक ऑनलाइन आवेदन करने तथा आवेदन शुल्क का भुगतान करने के पश्चात ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिंट आउट प्राप्त करें तथा आवेदन पत्र में उल्लेखित भुगतान विवरण से यह सुनिश्चित कर लें कि शुल्क भुगतान हो चुका है। उक्त ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ अपनी अर्हता से संबन्धित सभी अभिलेखों तथा अनुप्रमाणन पत्रक, व्यक्तिगत विवरण पत्रक एवं उपस्थिति पत्रक (आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.nic.in** तथा **www.mppsc.com** पर उपलब्ध) की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न कर आयोग कार्यालय में दिनांक 30.01.2021 तक जमा करायें। **आवेदन पत्र भरने के संदर्भ में विस्तृत जानकारी हेतु परिशिष्ट-2 का ध्यानपूर्वक अवलोकन करें एवं तदनुसार पर्याप्त समय पूर्व आवेदन पत्र भरें।**
4. आवेदक ऑनलाइन आवेदन पत्र की सावधानीपूर्वक जांच कर लें। ऑनलाइन आवेदनपत्रों में दिनांक 21.12.2020 से दिनांक 20.01.2021 तक त्रुटिसुधार किया जा सकेगा। इस हेतु प्रति सुधार सत्र रु. 50/- त्रुटिसुधार शुल्क देय होगा। आवेदक त्रुटि सुधार हेतु एम.पी. ऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क की सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं। त्रुटिसुधार अवधि समाप्त होने के बाद किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा तथा श्रेणी/ वर्ग परिवर्तन विषयक समस्त आवेदन सरसरी तौर पर अमान्य किए जाएंगे तथा आयोग द्वारा इस सन्दर्भ में आवेदक से कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जावेगा ।
5. विज्ञापन के सन्दर्भ में आवश्यक सूचनायें, ऑनलाइन परीक्षा का परिणाम केवल आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.nic.in** तथा **www.mppsc.com** में प्रकाशित किया जाएगा साथ ही आवश्यक होने पर अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय दिये गए **e-mail Address** तथा मोबाइल नंबर पर e-mail तथा SMS Alert भी प्रेषित किए जाएंगे। अतः आवेदक आवश्यक सूचनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र पर विहित स्थान पर अपने ई-मेल पते तथा मोबाइल नंबर का अवश्य उल्लेख करें तथा आयोग की वेबसाइट का निरन्तर अवलोकन करें।
6. **आयोग की परीक्षा और चयन प्रणाली निष्पक्ष एवं पारदर्शी है। किसी एक व्यक्ति द्वारा इस प्रणाली को विफल कर किसी व्यक्ति को लाभ पहुंचाने की संभावना नहीं है। अतः किसी व्यक्ति द्वारा सीधे या किसी अन्य के माध्यम से लाभ पहुंचाने का दावा किया जाता है तो ऐसा व्यवहारिक रूप से असंभव है। अतः ऐसे व्यक्ति के बहकावे में न आयें और उस व्यक्ति की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सूचना अविलंब आयोग को दें ताकि ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध समुचित कार्यवाही की जा सके। सूचना देने वाले का नाम पता गोपनीय रखा जाएगा।**
7. **उक्त विज्ञापन का अंतिम चयन परिणाम याचिका क्रमांक 25181/2019 के अंतिम न्यायालयीन निर्णय के अध्यधीन रहेगा।**

एक भारत के नागरिकों तथा भारत के संविधान के तहत मान्य अन्य श्रेणियों के आवेदकों से गृह विभाग, मध्यप्रदेश शासन, के निम्नलिखित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं :-

क्रमांक	पद का नाम	रिक्त पदों की संख्या						रिक्तियों में से मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या				
		UR	SC	ST	OBC	EWS	कुल	UR	SC	ST	OBC	EWS
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
1.	मेडिकल ऑफिसर (मेडिकल)	2	0	0	2	0	4	1	0	0	1	0
2.	मेडिकल ऑफिसर (नॉन-मेडिकल)	1	0	0	0	0	01	0	0	0	0	0

दो पद का विवरण

01	पद का नाम	:	**मेडिकल ऑफिसर (मेडिकल)**
	विभाग का नाम	:	गृह विभाग, मध्यप्रदेश शासन
	श्रेणी	:	राजपत्रित द्वितीय श्रेणी
	पद स्थिति	:	स्थायी
	वेतनमान	:	रुपये 15600-39100+6000 ग्रेड पे एवं विशेष वेतन रुपये 150/- तथा 25 प्रतिशत एन.पी.ए.
	पद के मुख्य कर्तव्य	:	**शव परीक्षण करना तथा उससे संबन्धित अन्य प्रमुख कार्य।**
			विशेष : अभ्यर्थियों को देश के किसी भी चिकित्सा परिषद में स्थायी पंजीकृत होना आवश्यक है। चयनित अभ्यर्थियों को मध्यप्रदेश चिकित्सा परिषद में पंजीयन कराना आवश्यक होगा।
02	पद का नाम	:	**मेडिकल ऑफिसर (नॉन-मेडिकल)**
	विभाग का नाम	:	गृह विभाग, मध्यप्रदेश शासन
	श्रेणी	:	राजपत्रित द्वितीय श्रेणी
	पद स्थिति	:	स्थायी
	वेतनमान	:	रुपये 15600-39100+6000 ग्रेड पे एवं विशेष वेतन रुपये 150/-
	पद के मुख्य कर्तव्य	:	**फोरेंसिक साइंस, टाक्सिकोलोजी, डायटम टेस्टिंग एवं एन्टोमोलोजी से संबन्धित अन्य प्रमुख कार्य**

तीन शैक्षणिक अर्हता :

अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता
मेडिकल ऑफिसर (मेडिकल)
एम.बी.बी.एस. उपाधि
मेडिकल ऑफिसर (नॉन-मेडिकल)
प्राणीशास्त्र, वनस्पति शास्त्र, रसायनशास्त्र , मानव शास्त्र में एम.एससी. या
एम.एससी. (फोरेंसिक मेडिसिन)
अधिमान्यताः-
चिकित्सा विधिक कार्य से संबन्धित शोध कार्य का अनुभव रखने वाले या शोध कार्य में अभियोग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों को अधिमान दिया जाएगा। अधिमान्यता हेतु अभ्यर्थी को अपने शोधार्थी के रूप में पंजीयन तथा शोध का विषय चिकित्सा विधिक होने से संबन्धित अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

अभ्यर्थियों का मध्यप्रदेश राज्य के रोज़गार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।

विशेष :
(1) उक्त अर्हतायें विज्ञापन में उल्लेखित ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 17.01.2021 तक अर्जित होनी चाहिए। उक्त तिथि के बाद में अर्हता धारित करने वाले आवेदक पद हेतु अनर्ह माने जायेंगे।
(2) यदि अभ्यर्थी की अर्हकारी परीक्षा की अंकसूची में पूर्णांक तथा प्राप्तांक का उल्लेख न होते हुये ग्रेड/ पाइंट स्केल का उल्लेख है तो उन्हें अपने ग्रेड/पाइंट स्केल के समतुल्य प्रतिशत के निर्धारण विषयक सूत्र/सिद्धांत के आधार पर प्रतिशत की गणना करते हुये शपथ-पत्र आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। शपथ-पत्र के साथ प्रतिशत निर्धारण हेतु अपनाए गए सूत्र/सिद्धांत के अनुसमर्थन हेतु संबन्धित विश्वविद्यालय के सुसंगत अभिलेख संलग्न करना भी अनिवार्य है।

टीप -
(1) शासन द्वारा पदों की संख्या का पुनरीक्षण करने पर इस पद संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है। पदों की संख्या में वृद्धि केवल साक्षात्कार द्वारा चयन की स्थिति में साक्षात्कार कार्यक्रम के प्रकाशन तिथि तक तथा ऑनलाइन परीक्षा की स्थिति में ऑनलाइन परीक्षा के परिणाम की तिथि तक की जा सकेगी। बढ़े हुये पदों हेतु अतिरिक्त आवेदन पत्र प्राप्त नहीं किए जायेंगे। पदों की संख्या में कमी चयन के किसी भी स्तर पर की जा सकेगी।
(2) चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति दो वर्ष की परिवीक्षा पर की जायेगी।
(3) किसी भी प्रवर्ग में मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिलाओं के लिये आरक्षित पद उपयुक्त महिला अभ्यर्थी के अभाव में उसी प्रवर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों के चयन द्वारा भरे जा सकेंगे।
(4) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर) हेतु आरक्षित पद केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) हेतु आरक्षित है। छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों के मूल निवासी ऐसे अभ्यर्थी जो अपने मूल निवास के राज्य में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) के रूप में मान्य है, आरक्षण हेतु पात्र नहीं है। उन्हें अनारक्षित पदों हेतु विचारित किया जायेगा। अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर) के अभ्यर्थियों को यह घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा की वे क्रीमीलेयर में नहीं आते।
(5) मध्यप्रदेश के बाहर के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी (गैर क्रीमी लेयर) के अभ्यर्थी अपना वर्ग अनारक्षित लिखें।
(6) जिन पद हेतु किसी आरक्षित वर्ग हेतु पद आरक्षित नहीं है उनमें संबन्धित आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को अनारक्षित पदों हेतु विचारित किया जाएगा एवं उन्हें संबन्धित आरक्षित वर्ग को देय आयु सीमा में छूट का लाभ नहीं मिलेगा।
(7) मध्यप्रदेश के मूल निवासी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर) श्रेणी के अभ्यर्थियों को आवेदन तथा परीक्षा शुल्क में विहित छूट तथा यात्रा व्यय प्रतिपूर्ति का लाभ देय होगा।

चार. मध्यप्रदेश सिविल सेवायें (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961 के अंतर्गत अनर्हता :
अ. कोई भी उम्मीदवार जिसे महिलाओं के विरुद्ध किसी अपराध का सिद्ध-दोष ठहराया गया हो, किसी भी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा। परंतु जहां किसी भी उम्मीदवार के विरुद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हों तो उनकी नियुक्ति का मामला आपराधिक मामले का अंतिम विनिश्चय होने तक लंबित रखा जायेगा।
ब. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संतान है, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा। परंतु कोई भी उम्मीदवार जिसकी पहले से एक जीवित संतान है तथा आगामी प्रसव 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हो, जिसमें दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है, किसी भी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये निरर्हित नहीं होगा।

पांच महत्वपूर्ण : यह सुनिश्चित करने की ज़िम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी कि, वे अपने आवेदित पद के लिये निर्धारित समस्त अर्हताओं और शर्तों को पूरा करते हैं। अतः आवेदन करने के पहले अभ्यर्थी अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भरें। लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र जारी करने अथवा साक्षात्कार के लिये आमंत्रित करने का अर्थ यह कदापि नहीं होगा कि अभ्यर्थी को अर्ह मान लिया गया है। चयन के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी के अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी।

छः आयु सीमा : 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो किन्तु 40 वर्ष की आयु पूर्ण न की हो

सात आयु संगणना तिथि 01.01.2021

आयु सीमा में दी गयी अन्य छूटों के लिए परिशिष्ट -1 देखें।

आठ **अधिवार्षिकी आयु : 62 वर्ष**

नौ **चयन प्रक्रिया :**

चयन साक्षात्कार के आधार पर होगा। अर्हकारी परीक्षा में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर निम्नानुसार संख्या में पात्र अभ्यर्थियों को तथा समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा :-

पदों की संख्या	साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या
1	2
एक पद के लिए	12 उम्मीदवारों तक
2-3 पदों के लिए	24 उम्मीदवारों तक
4-6 पदों के लिए	36 उम्मीदवारों तक

साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर अंतिम चयन सूची घोषित की जाएगी। साक्षात्कार हेतु पूर्णांक 100 होगा। अनारक्षित श्रेणी हेतु 41% तथा मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर) श्रेणी हेतु 31% न्यूनतम उत्तीर्णांक होंगे।

टीप :

(1) आवश्यक होने पर लिखित परीक्षा ऑनलाइन पद्धति से आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर विभिन्न श्रेणियों हेतु विज्ञापित पदों के 3 गुना तथा समान अंक अर्जित करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा। अंतिम चयन लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के योग के गुणानुक्रम के आधार पर किया जाएगा। लिखित परीक्षा की स्थिति में साक्षात्कार हेतु कोई न्यूनतम उत्तीर्णांक नहीं होंगे।

(2) लिखित परीक्षा की स्थिति में परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम यथा समय **"रोज़गार एवं निर्माण"** समाचार पत्र तथा आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.nic.in** तथा **www.mppsc.com** पर प्रकाशित किया जाएगा। लिखित परीक्षा की स्थिति में आवेदकों को परीक्षा शुल्क का पृथक से भुगतान करना होगा। चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद भी यदि कोई कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि ध्यान में आती है तो आयोग का चयन परिणाम को सुधारने का अधिकार सुरक्षित है।

दस **आवेदन प्रक्रिया** : उक्त पद हेतु आवेदन पत्र इन्टरनेट के माध्यम से ऑनलाइन जमा किये जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी हेतु **परिशिष्ट-2** का अवलोकन करें।

ग्यारह विज्ञापन के संदर्भ में आवश्यक सूचनायें, प्रारंभिक परीक्षा तथा मुख्य परीक्षा के परिणाम केवल आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.nic.in, www.mppscdemo.in** तथा **www.mppsc.com** एवं रोज़गार और निर्माण समाचार पत्र में प्रकाशित किये जायेंगे। अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय दिये गए E-mail Address तथा मोबाइल नंबर पर E-mail तथा SMS द्वारा आवश्यक होने पर सूचना दी जा सकेगी। आवेदक आवश्यक सूचनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र पर विहित स्थान पर अपने ई-मेल पते तथा मोबाइल नंबर का अवश्य उल्लेख करें तथा आयोग की वेबसाइट का निरंतर अवलोकन करते रहें।

बारह आवेदक विस्तृत जानकारी हेतु निम्न परिशिष्ट देखें :

(1) आयु सीमा की छूटें **परिशिष्ट-1**

(2) आवेदन पत्र भरने के तथा अन्य निर्देश एवं जानकारियां **परिशिष्ट-2**

सचिव

परिशिष्ट-1

(एक) मध्यप्रदेश के मूल निवासी अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में अनुज्ञेय छूट :

(1) **मध्यप्रदेश शासन**, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी.3-8/2016/1/3, दिनांक 24 जुलाई 2019 अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/शासकीय/निगम/मण्डल/स्वशासी संस्था के कर्मचारियों/नगर सैनिक/महिलाओं (अनारक्षित/आरक्षित) आदि के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी तथा **उक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष रहेगी।**

(2) ऐसा अभ्यर्थी जो भूतपूर्व सैनिक हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गयी सम्पूर्ण प्रतिरक्षा सेवा की अवधि कम करने के लिए अनुज्ञात किया जायेगा, किन्तु उसके परिणाम स्वरूप जो आयु निकले वह अधिकतम आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये।

स्पष्टीकरण :

भूतपूर्व सैनिक से अभिप्रेत है "मध्यप्रदेश के भूतपूर्व सैनिक (राज्य की सिविल सेवाओं तथा पदों, तृतीय श्रेणी तथा चतुर्थ श्रेणी में रिक्तियों का आरक्षण) नियम 1985" के नियम 2 (ग) में यथा परिभाषित भूतपूर्व सैनिक।

(दो) प्रोत्साहन स्वरूप दी गयी छूटें :

(1) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत पुरस्कृत दंपतियों के सवर्ण सहभागी को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञाप क्रमांक सी-3/10/85/3/1, दिनांक 29.06.1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जायेगी।

(2) विक्रम पुरस्कार से सम्मानित खिलाड़ियों को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक सी-3/18/85/3/1 दिनांक 03.09.1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जायेगी।

टीप : (1) परिशिष्ट-1 (दो) के अंतर्गत प्रोत्साहन स्वरूप अधिकतम आयु सीमा में विभिन्न कार्यों/योजनाओं के अंतर्गत दी गयी छूटों में से यदि कोई आवेदक एक से अधिक छूट का आधार रखता है तो उसे आयु सीमा में अधिकतम लाभ वाले किसी एक आधार (प्रोत्साहन वाले) के लिए देय छूट मिलेगी।

नोट : (01) उपरोक्त परिशिष्ट-1 (एक) (1 से 2) (दो) (1 एवं 2) में उल्लेखित आयु सीमा की छूट की पात्रता सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही देय होगी।

(02) आवेदकों को उपरोक्त सभी छूटें देय होंगी किन्तु समस्त छूटों को शामिल करते हुये भी किसी भी स्थिति में किसी भी प्रवर्ग हेतु अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। अर्थात जिन आवेदकों की आयु 45 वर्ष से अधिक है वे आवेदन करने के पात्र नहीं है।

परिशिष्ट-2

ऑनलाइन आवेदन करने के संदर्भ में निर्देश एवं अन्य जानकारी

1. ऑनलाइन आवेदन करने के संदर्भ में आवश्यक अनुदेश निम्नानुसार है :
   1. उपरोक्त पदों हेतु आवेदन पत्र निम्न वेबसाइटों पर भरे जा सकेंगे
      1. **www.mponline.gov.in**
      2. **www.mppsc.com**
      3. **www.mppsc.nic.in**
9.	2020_RES_118525	वालिका शौचालय निर्माण शासकीय माध्यमिक शाला दिघौरी तीन अतिरिक्त कक्ष निर्माण शासकीय माध्यमिक शाला चीचली अतिरिक्त कक्ष निर्माण शासकीय नवीन माध्यमिक शाला टिकटोली	मगरमुहा चीचली टिकटोली	चीचली	18.979	37958	2000	6 माह	प्रथम
10.	2020_RES_118526	वालक शौचालय निर्माण शासकीय प्राथमिक शाला हरिजन टोला तुमड़ा वालक शौचालय निर्माण शासकीय प्राथमिक शाला मुआर	तुमड़ा मुआर	साईखेड़ा	5.038	10076	2000	6 माह	प्रथम
11.	2020_RES_118528	वालक शौचालय निर्माण शासकीय प्राथमिक शाला हरिजन टोला खैरी वालक शौचालय निर्माण शासकीय प्राथमिक शाला खैरी कामती	खैरीपाली कामती	साईखेड़ा	5.038	10076	2000	6 माह	प्रथम
12.	2020_RES_118529	वालक शौचालय निर्माण शासकीय माध्यमिक शाला थरेरी अतिरिक्त कक्ष निर्माण शासकीय नवीन माध्यमिक शाला थरेरी अतिरिक्त कक्ष निर्माण शासकीय नवीन माध्यमिक शाला विछुआ वालिका शौचालय निर्माण शासकीय प्राथमिक शाला मोहड ग्वारी वालिका शौचालय निर्माण शासकीय माध्यमिक शाला रिछावर अतिरिक्त कक्ष निर्माण शासकीय नवीन माध्यमिक शाला रिछावर	बिछुआ बिछुआ बिछुआ रिछावर रिछावर रिछावर	साईखेड़ा	19.005	38010	2000	6 माह	प्रथम
13.	2020_RES_118530	वालक शौचालय निर्माण शासकीय प्राथमिक शाला पिपरपानी प्राथमिक शाला भवन निर्माण शासकीय प्राथमिक शाला केलकच्छ वालक शौचालय निर्माण शासकीय प्राथमिक शाला पौंड़ी अतिरिक्त कक्ष निर्माण हाईस्कूल पिपरियाकला	पिपरपानी पीपरपानी निवारी पिपरिया कला	सांईखेड़ा	19.100	38200	2000	6 माह	प्रथम
			महायोग		**171.864**				

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंटस) वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किये जा सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं बिड ऑनलाइन प्रस्तुत करने की **दिनांक 21.12.2020 समय सुबह 10.30 बजे से प्रारंभ होकर दिनांक 28.12.2020 समय 05.30 बजे शाम तक निर्धारित है।** निविदा कवर 'अ' (कवर-1) एवं कवर-'स' (कवर-3) ऑनलाइन ही जमा/अपलोड (submit) करने होंगे। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। लिफाफा ए (पंजीयन की छायाप्रति, पैन कार्ड की छायाप्रति, शपथ पत्र, जीएसटी नंबर, परिशिष्ट H) एवं अन्य लिफाफे कार्यालय में स्पीड पोस्ट अथवा पंजीकृत डाक द्वारा दिनांक 29.12.2020 समय 05.30 बजे शाम तक ही कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नरसिंहपुर में स्वीकार किये जावेंगे। निविदा में संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जावेगी। संशोधन संबंधी सूचनाएं केवल वेबसाइट पर ही अपलोड की जायेंगी। समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है, कि वे अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न करें एवं निविदा प्रपत्र क्रय करने के पूर्व स्थल का निरीक्षण कर लेवें। शीघ्रातिशीघ्र बिड जमा करें एवं वेबसाइट में किसी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। उक्त सभी कार्यों की निविदा 04.01.2019 को जारी नवीन राज्य दर अनुसूची के अनुसार आमंत्रित किये जाते हैं।

जी-16688/44874/2020 **कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग, नरसिंहपुर**

सिंगरौली क्षेत्र के समग्र विकास की पहल

मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज शीघ्र लेंगे आकार

सिंगरौली को बनाया जायेगा आदर्श स्मार्ट सिटी

मुख्यमंत्री ने सिंगरौली हवाई पट्टी का किया भूमि-पूजन

भोपाल, सिंगरौली के समग्र विकास के लिए प्रारंभ कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाएगा। इसे आदर्श स्मार्ट सिटी भी बनाया जाएगा। यहां हवाई पट्टी सिर्फ एक हवाई पट्टी न होकर प्रगति की नई और महत्वपूर्ण शुरुआत है। इससे आर्थिक विकास को गति मिलेगी। इस हवाई पट्टी को सुविधा युक्त हवाई अड्डे के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि इसका पूरा लाभ क्षेत्र को प्राप्त हो। देश के प्रमुख नगरों से जुड़कर अब इस क्षेत्र को पर्यटन, रोज़गार और औद्योगिक विकास की दृष्टि से स्थान मिल सकेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने निवास से रिमोट द्वारा सिंगरौली एयर स्ट्रिप का वर्चुअल भूमि-पूजन करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि सिंगरौली हवाई पट्टी सिंगरौली क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर सिद्ध होगी। राज्य शासन ने 80 हेक्टेयर भूमि सिंगरौली हवाई पट्टी के लिए आवंटित की है। इसकी लागत 35.30 करोड़ रुपये है। यह कार्य समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो और इसे हवाई अड्डे के रूप में विकसित किया जाए ताकि देश के अन्य नगरों से भी इसे जोड़ा जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई जहाज में बैठ सकता है। मध्यम वर्ग या निम्न मध्यम वर्ग के लोगों को भी हवाई यात्रा की सुविधा मिल सकती है। श्री चौहान ने कहा कि सिंगरौली आने को दिल करता है। कोरोना ने कदम रोक लिए हैं। कोरोना ने कार्य पद्धति को भी बदल दिया है। आज भौतिक रूप से न सही लेकिन वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगरौली सिंगापुर बनेगा। हम सभी ने मिलकर सिंगरौली के विकास की योजना बनाई है। सिंगरौली जिले ने प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति की है। प्रदेश का खनिज राजस्व सर्वाधिक इस क्षेत्र से प्राप्त होता है। इसके साथ ही यहां 15 हजार मेगावॉट विद्युत उत्पादन भी हो रहा है। सबसे सस्ती बिजली सिंगरौली सासन प्लांट से एक रुपया 19 पैसे की दर से मिलना शुरू हुई। कोयला खदानों से रोज़गार के अवसर बढ़े हैं। यहां 70 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रोज़गार मिले, इस दिशा में प्रयास बढ़ाए जाएंगे।

श्री चौहान ने कहा कि लोक निर्माण मंत्री श्री गोपाल भार्गव इन कार्यों की समय सीमा में पूर्णता सुनिश्चित करेंगे। सिंगरौली हवाई पट्टी के निर्माण से क्षेत्र के विकास में नए आयाम जुड़ेंगे। खजुराहो सहित पन्ना नेशनल पार्क और अन्य स्थानों को देखने देशी-विदेशी पर्यटक आ सकेंगे। सिंगरौली के उद्योग जगत को लाभ मिलेगा। राज्य सरकार उद्यमियों का विकास में सहयोग भी प्राप्त करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे शीघ्र ही सिंगरौली आकर अन्य निर्माण और विकास कार्यों का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्ट्रीट वेंडर योजना के अंतर्गत सिंगरौली जिले में छोटे व्यवसायियों जैसे लोहार बसोड़, चर्मकार, केश शिल्पी, सब्जी विक्रेता, फल विक्रेता आदि को अधिक से अधिक संख्या में लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों से कोरोना से बचाव के लिए पर्याप्त सावधानियां रखने का आग्रह भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी देश और किसानों के विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर रहे हैं तीनों नए कानून किसानों के हित में हैं। किसान अपना उत्पादन मंडी के अलावा कहीं भी बेच सके, इसकी सुविधा प्रदान की जा रही है। न्यूनतम समर्थन मूल्य जारी रहेगा। किसान कांट्रैक्ट फार्मिंग के अंतर्गत लाभान्वित होंगे। निर्धारित किए गए दाम से कम कीमत किसान को नहीं मिलेगी। इससे किसान लाभ में ही रहेगा।

कोरोना संक्रमण दर घटी पर सतर्कता बनाये रखें - मुख्यमंत्री

भोपाल, कोरोना वायरस की संक्रमण दर प्रदेश के सभी जिलों में लगातार कम होती जा रही है, लेकिन किसी भी स्थिति में सावधानी में कमी नहीं आये। कोरोना कन्ट्रोल सेन्टर के माध्यम से सतत् निगरानी रखी जाये। अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों का इलाज भी पूरी गंभीरता से किया जाये। बीमार बच्चों को अच्छा इलाज मिले। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना संक्रमण की रोकथाम के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये सभी मास्क लगायें, निश्चित दूरी बनायें तथा बार-बार हाथ धोकर स्वच्छता को बनाये रखें। श्री चौहान ने निर्देश दिये कि राज्य-स्तर के जिलों के प्रभारी अधिकारी अपने प्रभार के जिलों के सतत सम्पर्क में रहें। होम आइसोलेशन में रखे गये कोरोना मरीजों से जीवन्त सम्पर्क बनाये रखा जाये।

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान ने बताया कि निर्देशानुसार मेडिकल कॉलेज चिकित्सालयों में पर्याप्त संख्या में बेड अन्य रोगों से पीड़ित मरीजों को उपलब्ध कराये जा रहे हैं। कोरोना मरीजों के लिये सरकारी और निजी अस्पतालों में बेड, ऑक्सीजन और वेन्टीलेटर की पर्याप्त उपलब्धता है। इस समय मध्यप्रदेश में 12156 एक्टिव कोरोना केस हैं। गत सप्ताह प्रतिदिन कोरोना संक्रमण के 1360 केस रिपोर्ट हो रहे थे जो अब घट कर 1151 केस औसत रिपोर्ट हो रहे हैं। औसत पॉजिटिविटी दर 5.4 प्रतिशत है। फेटेलिटी रेट 1.5 प्रतिशत है। मध्यप्रदेश में अब तक कुल पॉजिटिव केसेज की संख्या 2 लाख 27 हजार 949 है।

कक्षा 9वीं से 12वीं तक की कक्षाओं के संचालन के दिशा-निर्देश जारी

भोपाल, स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षण सत्र 2020-21 के लिए शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्रारंभ एवं संचालन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री इंदर सिंह परमार ने समीक्षा बैठक के दौरान सभी स्कूलों में 9वीं से 12वीं तक की कक्षाएं संचालित करने के लिए निर्देश दिए थे। कोविड-19 संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए गृह मंत्रालय भारत सरकार की गाइड लाइन के अनुक्रम में यह निर्देश जारी किए गए हैं।

बोर्ड की परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए 10वीं और 12वीं की कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए 18 दिसम्बर से स्कूल नियमित रूप से पूरे निर्धारित समय तक के लिए संचालित रहेंगे। कक्षा 9वीं एवं 11वीं के लिए विद्यार्थियों की दर्ज संख्या एवं उपलब्ध अध्यापन कक्ष के आधार पर प्राचार्य द्वारा स्थानीय स्तर पर कक्षाओं के संचालन के संबंध में निर्णय लिया जा सकेगा। विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति माता-पिता या अभिभावकों की सहमति पर निर्भर होगी। माता-पिता या अभिभावकों द्वारा एक बार दी गई सहमति पूरे सत्र के लिए मान्य होगी। जारी निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य नहीं होगी। जो विद्यार्थी विद्यालय की अपेक्षा ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से पढ़ना चाहते हैं उन्हें ऐसा करने की अनुमति दी जाएगी। आवासीय विद्यालय डे स्कूल के रूप में खोले जा सकेंगे। विद्यालयों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही परिवहन सुविधा में वाहनों में समुचित भौतिक दूरी सुनिश्चित की जाएगी और वाहनों को एक प्रतिशत सोडियम हाइपोक्लोराइट से समय-समय पर सैनिटाइज किया जाएगा। प्रदेश के सभी शासकीय स्कूलों में शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक स्टाफ की उपस्थिति शत-प्रतिशत होगी। विद्यालय में सामूहिक गतिविधियां, खेलकूद आदि प्रतिबंधित रहेगा।

नवीन क्षेत्रों में पर्यटन विकास कर रोज़गार बढ़ाया जाएगा - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल स्थित मंत्रालय में मध्यप्रदेश टूरिज़्म बोर्ड के संचालक मंडल की बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, पर्यटन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। प्रदेश में पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं निरंतर रहेंगी। यहां ऐतिहासिक धरोहर, संस्कृति, परम्पराएं, वन सम्पदा, सदानीरा नदियां और पर्यटन की दृष्टि से अनेक धरोहरें हैं। पर्यटन विकास की नयी संभावनाओं पर कार्ययोजना बनायी जाये जो पर्यटकों को आकर्षित करे और रोज़गार भी बढ़ाये। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय में मध्यप्रदेश टूरिज़्म बोर्ड के संचालक मंडल की बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

बैठक में बताया गया कि मध्यप्रदेश के धार, शहडोल और बालाघाट में नये फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट स्थापित होंगे। वर्तमान में खजुराहो, रीवा और जबलपुर में फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट स्थापित हैं। उन्होंने कहा कि यहां से डिप्लोमा और डिग्री लेकर निकलने वाले विद्यार्थियों को रोज़गार मिले, इस दिशा में भी विशेष ध्यान दिया जाये। अनुसूचित जाति-जनजाति के छात्र-छात्राओं को इन संस्थाओं का विशेष लाभ मिले।

ऐतिहासिक महत्व के नगर ओरछा और ग्वालियर में यूनेस्को नई दिल्ली द्वारा हिस्टोरिकल लैण्डस्केप रिकमेन्डेशन लागू करने की योजना बनाने के लिये अनुसंधान किया जाएगा। ताकि सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक मूल्यों को खोए बिना ऐतिहासिक शहरों के विकास की कार्ययोजना तैयार की जा सके। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि स्थानीय संस्थाएं, नगर निगम, स्मार्ट सिटी कार्यालय और जिला प्रशासन इस कार्य में पूरा सहयोग करें।

इसी तरह यूनेस्को विश्व धरोहरों की सूची में माण्डू और ओरछा को सम्मिलित करने के लिये नॉमिनेशन डोजियर तैयार कर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग, भारत सरकार के माध्यम से यूनेस्को को प्रेषित किया जायेगा। ज्ञातव्य है कि मांडू और ओरछा कई वर्षों से यूनेस्को विश्व धरोहरों की संभावित सूची में सम्मिलित हैं। यूनेस्को की स्थायी सूची में सम्मिलित कराने के प्रयास किये जा रहे हैं। जिससे विदेशी पर्यटकों के आगमन में वृद्धि हो सके और पर्यटन एवं रोज़गार के अवसर बढ़ें।

श्री चौहान ने निर्देश दिये कि मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों में थीम आधारित म्यूजियम की स्थापना की जाये। प्रथम चरण में ग्वालियर में म्यूजियम ऑफ म्यूजिक और पन्ना या खजुराहो में डायमण्ड म्यूजियम या डायमण्ड टूर स्थापित किया जाये। उन्होंने भोपाल के ट्राइबल म्यूजियम को अद्वितीय बताया और कहा कि इस म्यूजियम में पर्यटकों की संख्या बढ़े, ऐसा प्रयास करें।

बताया गया कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये विशेष पर्यटन स्थलों हेतु विशिष्ट तकनीक आधारित वर्चुअल टूर्स शो करने की भी योजना है। जिसमें पर्यटक को वाल्यूमीट्रिक कैप्चर टेक्नोलॉजी, आब्जेक्ट इन्टरएक्शन एवं कम्प्यूटर ग्राफिक इमेजिंग तकनीक के माध्यम से किसी भी पर्यटन स्थल, स्मारकों एवं उसकी विशिष्टताओं का 3डी अनुभव कराया जा सकेगा। उन्होंने आदि शंकराचार्य की भव्य प्रतिमा स्थापना कार्य तथा महाकाल परिसर विकास योजनाओं में प्रगति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश की फिल्म नीति का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। मध्यप्रदेश में फिल्म निर्माण की गतिविधियां बढ़ीं हैं। बैठक में बताया गया कि मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा सूचीबद्ध संस्था के साथ मिलकर राष्ट्रीय उद्यानों के बफर एरिया में निजी निवेशकों के सहयोग से पन्ना, कान्हा, पेंच और बांधवगढ़ में पांच कैम्प साइट्स का विकास किया गया है। पचमढ़ी स्थित हवाई पट्टी की लम्बाई चार हजार फिट तक विकसित करने आवश्यक परीक्षण का कार्य प्रगति पर है। पचमढ़ी में गोल्फ कोर्स विकसित करने पर विचार किया गया।

रेरा की पहली नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन

तीन खण्डपीठों में 225 प्रकरणों की हुई सुनवाई

भोपाल, मध्यप्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण के रेरा भवन में नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन हुआ। प्रभारी अध्यक्ष तथा सदस्य न्यायिक श्री दिनेश कुमार नायक ने यह जानकारी देते हुए बताया कि लोक अदालत के आयोजन से पूर्व सभी पक्षों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से बातचीत कर समझाइश दी गई। करीब 155 प्रकरणों में आपसी सहमति बनी। कुल 145 प्रकरण रखे गये थे। इसके बावजूद करीब 225 प्रकरण की सुनवाई हुई। अदालत में 40 ऐसे लंबित प्रकरण आये, जिनमें आवेदक लम्बे समय से परेशान थे। उनके प्रकरणों में राजीनामा की शर्तों के साथ समय सीमा भी तय की गई।

नेशनल लोक अदालत में 3 खण्डपीठों के माध्यम से उभयपक्षों के लंबित/प्रीलिटिगेशन स्तर के राजीनामा योग्य विचाराधीन प्रकरणों का आपसी समझौते से 22 मामलों का निराकरण कराया गया। साथ ही कुल 2.2 करोड़ रुपये से ज्यादा राशि भी प्राप्त हुई। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड द्वारा दो प्रकरणों में आपसी समझौता किया गया, जिससे आवंटी लाभांवित हुए। प्राधिकरण द्वारा कई प्रकरणों में उभयपक्षों को प्रेरित भी किया गया। इसके परिणामस्वरूप निकट भविष्य में उभयपक्ष भविष्य में राजीनामा करने के लिये सहमत हुए।

रेरा भवन में आयोजित पहली नेशनल लोक अदालत में प्रभारी रेरा अध्यक्ष तथा सदस्य न्यायिक श्री दिनेश कुमार नायक पक्षकारों की सुनवाई करते हुये।

नेशनल लोक अदालत का पक्षकार श्री प्रदीप सिंह तथा प्रभारी अध्यक्ष एवं सदस्य न्यायिक श्री दिनेश कुमार नायक ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवध शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री दिनेश कुमार नायक ने कहा कि लोक अदालत आपसी सामंजस्य से प्रकरणों के निपटारे का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं।

पहली नेशनल लोक अदालत में खण्डपीठ क्र.- 01 की अध्यक्षता सदस्य न्यायिक श्री दिनेश कुमार नायक ने की। इसमें विभिन्न प्रकृति के मुकदमापूर्व प्रीलिटिगेशन एवं न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों को निराकरण के लिये रखा गया। इसी प्रकार प्रकरणों के निपटारे के लिये गठित खण्डपीठ क्र.-2 के न्यायनिर्णायक अधिकारी श्री व्ही.के. दुबे अध्यक्ष तथा सुश्री जूही रघुवंशी अधिवक्ता की सदस्य तथा खण्डपीठ क्र.-3 के निष्पादन अधिकारी श्री डी.एन. शुक्ला तथा सदस्य सुश्री रीता मुखर्जी अधिवक्ता तथा वसूली अधिकारी श्री सूर्यकांत शर्मा की उपस्थिति में प्रकरणों का निराकरण किया गया।

जिला स्तरीय समिति का गठन

भोपाल, एक परिसर-एक शाला के क्रियान्वन के लिए जिला स्तरीय समिति गठित की जायेगी, जिसमें जिला कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, सहायक आयुक्त, जिला संयोजक आदिम-जाति कल्याण विभाग, प्राचार्य डाइट एवं जिला परियोजना समन्वयक शामिल होंगे। समिति के सचिव सहायक आयुक्त होंगे।

मध्यप्रदेश में एक परिसर-एक शाला को संचालित करने का दायित्व संबंधित जिले के सहायक आयुक्त को सौंपा गया है।

विशेषज्ञों ने समझाईं वैक्सीनेशन से जुड़ी जरूरी बातें

भोपाल, कोविड-19 के लिए आने वाली वैक्सीन को किस तरह और कैसे उपयोग में लाया जाएगा, वैक्सीनेशन के लिए क्या-क्या इंतजाम करने होंगे आदि पर टीकाकरण विशेषज्ञों द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला को अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान और स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. संजय गोयल ने भी संबोधित किया।

वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 16-17 दिसम्बर को आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला में ओआईसी, स्टेट एईएफआई कमेटी के सदस्य, स्टेट पार्टनर (डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ, यूएनडीपी, चाई, जेएसआई) एवं मेडिकल कॉलेज के मेंटर एवं संभागीय संयुक्त संचालक, उप संचालक टीकाकरण, संभागीय आरएमएनसीएच, डिवीजनल स्टोर कीपर, राज्य प्रशिक्षण संस्थान ग्वालियर, क्षेत्रीय स्वास्थ्य परिवार केन्द्र के प्राचार्य एवं जिला स्तर से सीएचएचओ, सिविल सर्जन, जिला टीकाकरण अधिकारी, नर्सिंग कालेज प्रिंसिपल आदि सभी सम्बन्धितों ने हिस्सा लिया।

कार्यशाला में अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान ने कोविड-19 टीकाकरण की विस्तार से जानकारी दी। स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. संजय गोयल एवं मिशन संचालक छवि भारद्वाज ने कोविड-19 टीकाकरण को शत प्रतिशत सफल बनाने के लिए विशेषज्ञों द्वारा दिए जा रहे निर्देश पर अमल करने को कहा। कोविड-19 टीकाकरण के लिये योजना एवं सत्र आयोजन में डॉ. अभिषेक जैन द्वारा वैक्सीन एवं कोल्ड चेन के रख-रखाव के बारे में बताया गया। विपिन श्रीवास्तव (राज्य कोल्ड चेन अधिकारी), श्री नितिन कोठारी, चाई स्टेट प्रोग्राम ऑफिसर द्वारा भी जानकारी दी गई। इंजेक्शन एवं अपशिष्ट निपटान के सम्बन्ध में डॉ. वंदना भाटिया, हेल्थ स्पेशलिस्ट (यूनिसेफ) द्वारा सुझाव दिये गये। CoWIN Software में डाटा अपलोड करने के बारे में, डॉ. अश्विन भागवत (राज्य टीकाकरण समन्वयक), श्री सुनील मुकाती उप संचालक आईटी, डॉ. कपिल जादोन (स्टेट प्रोग्राम ऑफीसर यू-डीपी) ने अवगत कराया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

निगम मंडलों की गतिविधियों को भी गति दें मंत्रीगण - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा मंत्रिपरिषद सदस्यों को संबोधित करते हुये।

भोपाल, मंत्रीगण अपने विभाग से जुड़े निगम मंडल की गतिविधियों को भी गति प्रदान करें। आम जन के हित में योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन किया जाए। विभाग के कार्यों पर निरंतर नजर रखें। पूरे परिश्रम से दिन-रात कार्य कर आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का लक्ष्य पूर्ण करना है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा मंत्री परिषद सदस्यों को संबोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कैबिनेट बैठक के पहले मंत्रियों से कहा कि वे अपने भ्रमण, जनता से संवाद, बैठकों और कार्यक्रमों में नये कृषि कानूनों के फायदों के बारे में चर्चा करें। किसानों के साथ ही सभी वर्गों को देश की आर्थिक प्रगति की दिशा में नये कृषि कानूनों के माध्यम से उठाए गए महत्वपूर्ण कदम की जानकारी दी जाए।

श्री चौहान ने होशंगाबाद जिले में किसानों को धान का उच्चतम मूल्य दिलवाने के लिए नए किसान (सशक्तिकरण और संरक्षण) अनुबंध मूल्य आश्वासन और सेवा अधिनियम 2020 में की गई कार्यवाही को आदर्श बताते हुए अन्य जिलों में भी किसान हित में ऐसे कदम उठाने की अपेक्षा की। किसानों की आर्थिक दशा सुधारने के लिए बने इन कानूनों के प्रावधानों का विवरण भी जनता तक पहुंचाया जाए। इसके लिए मंत्री नेतृत्व करते हुए इस कार्य को पूर्ण करें।

निगम मंडल के कार्यों पर हो मंत्रियों की नजर

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मंत्री अपने विभाग के निगम मंडल के कार्यों पर नजर रखें। पूरे परिश्रम से कार्यों का संचालन, संपादन हो। हमें 20-20 खेलते हुए अच्छे परिणाम देने हैं। साफ-सुथरे ढंग से कार्य संचालन हो। हमारी सजगता में कमी न हो। जनकल्याण के कार्यों के लक्ष्य पूरे किए जाएं।

मुख्यमंत्री ने की किसानों और प्रशासन की प्रशंसा

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में किसानों के हित में जो नए कदम उठाए हैं, उसके अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। प्रदेश में किसान (सशक्तिकरण और संरक्षण) अनुबंध मूल्य आश्वासन और कृषि सेवा अधिनियम 2020 के प्रावधान अनुसार किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिल रहा है। हाल ही में होशंगाबाद जिले के पिपरिया में न्यायालय अनुविभागीय दंडाधिकारी ने फॉर्चून राइस प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर एवं आवेदक किसानों की सुनवाई कर समझौता (सुलह) बोर्ड गठित कर किसानों के हित में न्याय प्रदान किया है।

जिला प्रशासन की टीम को बधाई

श्री शिवराज सिंह चौहान ने नए कृषि कानून का प्रयोग करते हुए किसानों के हित में लिए गए फैसले की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि 24 घंटे के भीतर किसानों को न्याय दिलाने में तत्परतापूर्वक कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन होशंगाबाद की भूमिका सराहनीय है।

किसान वर्ग की जागरूकता भी सराहनीय

श्री चौहान ने किसानों की जागरूकता की भी प्रशंसा की है। कृषक श्री पुष्पराज पटेल और श्री ब्रजेश पटेल ने जब एसडीएम श्री नितिन टाले को शिकायत की तो उसे गंभीरता से लिया गया। यह किसानों की जागरूकता से ही संभव हुआ।

यह थी घटना

मध्यप्रदेश के अनेक जिलों में धान का रकबा बढ़ रहा है। होशंगाबाद जिले के पिपरिया अंचल के किसान भी धान उत्पादन के प्रति काफी रुचि प्रदर्शित कर रहे हैं। राज्य सरकार के लाभकारी प्रावधानों की जानकारी होने की वजह से किसान ऐसे विक्रेताओं को धान देते हैं जो उन्हें उनके परिश्रम की पूरी कीमत दे सकें। इस सिलसिले में कुछ किसानों ने 9 दिसंबर 2020 को फॉर्चून कंपनी से संपर्क करते हैं। कंपनी के अधिकृत कर्मचारी का फोन निरंतर बंद मिलता है। परेशान किसान इसकी शिकायत अगले दिन 10 दिसंबर 2020 को अनुभाग अधिकारी पिपरिया को करते हैं। इन किसानों की शिकायत को अनुभाग अधिकारी पिपरिया गंभीरता से सुनते हैं। वे बिना विलंब के फॉर्चून राइस प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों को सूचना पत्र जारी करते हैं। विशेष बात यह है कि कंपनी को जवाब प्रस्तुत करने के लिए 24 घंटे का समय दिया जाता है। इसके बाद किसानों के हित में बनाए गए नए अधिनियम के प्रावधान अनुसार दोनों पक्षों को सुलह का अवसर प्रदान करते हुए सुलह बोर्ड का गठन किया जाता है।

दोनों पक्षों के मध्य आपसी समझौता अनुसार कृषकों की लगभग 2700 क्विंटल धान की खरीदी फॉर्चून राइस लिमिटेड द्वारा उच्चतम मूल्य 2950 और 50 रुपये के बोनस को मिलाकर कुल तीन हजार रुपये प्रति क्विंटल की दर पर होती है। धान की खरीदी कंपनी द्वारा समझौता अनुसार कर ली गई। इस प्रकार किसानों के हित में अधिनियम के प्रावधान अनुसार प्रभावी कार्यवाही संपादित की गई। यह उदाहरण किसानों के मन में विश्वास जागृत करता है।

लोक सेवा गारंटी में अब तक 532 सेवाएं अधिसूचित

भोपाल, सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया ने बताया कि सुशासन और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिये प्रदेश में विगत 6 माह में 14 विभिन्न विभागों की 77 नवीन सेवाओं को लोक सेवा प्रदाय की गारंटी अधिनियम-2010 अंतर्गत अधिसूचित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार अब तक प्रदेश में कुल 532 सेवाएं लोक सेवा प्रदाय की गारंटी अधिनियम अंतर्गत अधिसूचित की जा चुकी हैं।

डॉ. भदौरिया ने बताया कि प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना अंतर्गत प्रदेश के सभी 426 लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से आयुष्मान भारत कार्ड बनाये जाने की सेवा प्रारंभ की गई है। साथ ही लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से आधार बनाने का कार्य भी प्रारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि आधार एवं आयुष्मान भारत कार्ड सेवाओं के लिये सभी लोक सेवा केन्द्रों के प्रबंधकों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों को ऑनलाइन प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है।

साथ ही नागरिक सेवाओं के लिये एम.पी. लोक सेवा एवं सी.एम. हेल्पलाइन के लिये व्हाट्सअप चैटबोर्ड की सुविधा प्रारंभ की गई है। इसके अलावा लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से एम.पी. ऑनलाइन एवं सीएससी कियोस्क सेवाएं भी प्रारंभ की गई हैं।

धान का उपार्जन हुआ और अधिक सरल, समय पर मिल रहा भुगतान

भोपाल, ग्राम बनखेड़ी जिला होशंगाबाद के किसान श्री दिनेश कुमार ने खाद्य विभाग के फोन सेंटर से आए कॉल पर जानकारी देते हुये कहा कि नई व्यवस्थाओं के कारण धान का उपार्जन मंडी में और अधिक सरलता एवं कम समय में हो रहा है। उन्होंने बताया कि आज उन्होंने 138 क्विंटल धान का विक्रय किया है। प्रमुख सचिव खाद्य श्री फैज अहमद किदवई ने कहा कि खरीफ फसल के उपार्जन के लिए किसानों को किसी प्रकार की असुविधा होने पर वे सीधे कॉल सेंटर पर अपनी शिकायत दर्ज करा रहे हैं, जहां से उनकी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है।

प्रमुख सचिव ने बताया कि विगत दो माह में कॉल सेंटर से लगभग 85 प्रतिशत शिकायतों का निपटारा किया गया, जिससे किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी उपज विक्रय में नहीं हो रही है। कॉल सेंटर से प्रतिदिन विभिन्न जिलों के लगभग दस किसानों से फोन पर उपार्जन से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली जा रही है। संचालक खाद्य श्री तरुण पिथौड़े ने बताया कि ग्राम बनखेड़ी जिला होशंगाबाद के अलावा ग्राम नूतनदंगा जिला बैतूल के किसान श्री परिमल बैरागी ने बताया कि उपार्जन व्यवस्था सुव्यवस्थित होने से वे अपनी 66 क्विंटल धान निर्धारित दर पर सहजता से विक्रय कर सके। बैतूल के ही एक अन्य किसान श्री रामकिशन पाल ने 114 क्विंटल धान का विक्रय किया। उन्होंने बताया कि मुझे भुगतान की बिल्कुल चिंता नहीं है, क्योंकि मेरे साथियों का भुगतान तीन दिन के अंदर ही उनके खाते में आ गया था।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मध्यप्रदेश शासन

कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति, संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश
चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल- 462004

एआईसीटीई/सीओए द्वारा जारी संशोधित अकादमिक कैलेण्डर अनुसार प्रवेश की अंतिम तिथि 31.12.2020

प्रदेश में स्थित विभिन्न व्यावसायिक संस्थाओं में संचालित पाठ्यक्रमों बी.ई./बी.टेक., डिप्लोमा (इंजी., नॉन-पीपीटी, एकलव्य-अंबेडकर) एम.ई./एम.टेक. तथा लेटरल एन्ट्री (बी.ई.) हेतु

संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) विशेष चरण 2020-21

समय-सारणी

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन	प्रवेश
19.12.2020 से 31.12.2020 (रात्रि 11:00 बजे तक)	29.12.2020 से 31.12.2020 (रात्रि 11:45 बजे तक)

प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिए संस्था स्तर की काउंसलिंग हेतु पंजीयन करा चुके अभ्यर्थी, अधिकृत वेबसाइट पर संस्था/ब्रांच की उपलब्ध रिक्तियों का अवलोकन कर, उपरोक्त दर्शाई गई तिथियों में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिए इच्छुक संस्था में प्रात: 10:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर उपस्थिति दर्ज करवा सकते हैं। अभ्यर्थियों की उपस्थिति पश्चात् तैयार मेरिट अनुसार प्रवेश की कार्यवाही की जावेगी।

उपरोक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेशित अभ्यर्थियों के लिए दिनांक 19.12.2020 से 24.12.2020 तक प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा, प्रवेशित संस्था में ही उपलब्ध रहेगी। काउंसलिंग में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी, अधिकृत वेबसाइट dte.mponline.gov.in पर उपलब्ध प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी मार्गदर्शिका/काउंसलिंग प्रक्रिया, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि का सूक्ष्मता से अध्ययन कर लेवें।

संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ई-मेल : dte.helpcenter@mp.gov.in

R-44885/2020 अध्यक्ष काउंसलिंग समिति, आयुक्त, तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश म.प्र. माध्यम/99288/2020

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के मुख्य आधार स्तम्भों में स्वास्थ्य शामिल

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान स्वास्थ्य विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुये।

भोपाल, आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के मुख्य आधार स्तम्भों में स्वास्थ्य शामिल है। स्वास्थ्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिये सभी उपाय किये जाएं। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वास्थ्य विभाग की बैठक में कही। उन्होंने हमीदिया अस्पताल भोपाल के कोरोना वार्ड की बिजली गुल होने के मामले में जानकारी लेते हुये विस्तृत जांच के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि तथ्य सबके सामने रखे जाएं। यदि कमियां हैं तो उन्हें दूर किया जाये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में सम्पूर्ण सिस्टम को मजबूत बनाया जाये। पहले चरण में मेडिकल कॉलेज चिकित्सालयों में मैनेजमेंट का कार्य-प्रबंधन-विशेषज्ञ को सौंपा जाना चाहिये। चिकित्सक, चिकित्सा कार्य ही देखें। अगले चरण में यही व्यवस्था जिला चिकित्सालयों में लागू की जाये। बड़े अस्पतालों में प्रबंधन और इलाज के लिये अलग-अलग जिम्मेदारियां देने से अस्पताल की सम्पूर्ण व्यवस्था सुधरेगी और आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधायें मिल सकेंगी।

श्री चौहान ने कहा कि शासकीय के साथ निजी क्षेत्रों के अस्पतालों में जनता को बेहतर इलाज और सुविधायें मिलें। इसके लिये भी आवश्यक प्रयास किये जाएं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में राज्य सरकार आवश्यक धन उपलब्ध करायेगी। बजट की कमी नहीं होने दी जाएगी। भारत सरकार से अधिक से अधिक मदद ली जायेगी। उपलब्ध संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल करें और आवश्यकतानुसार इसे बढ़ायें भी। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की कार्ययोजना के मुताबिक योजनाओं को अमल में लाया जाये। बड़े अस्पतालों के प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिये कुछ निर्णय तत्काल लें तथा इस दिशा में लॉन्ग टर्म प्लानिंग भी करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासकीय अस्पतालों की स्वशासी व्यवस्था के संबंध में चर्चा करें।

फसल बीमा योजना से वंचित न रहे एक भी किसान

भोपाल, प्रदेश का एक भी किसान फसल बीमा योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिये। बीमा योजना से वंचित रह गये किसानों की फसलों का आवश्यकतानुसार पुनः सर्वे कर उन्हें लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने फसल बीमा योजना से संबद्ध बीमा कम्पनियों के अधिकारियों के साथ बैठक में दिये। श्री पटेल ने स्पष्ट किया कि यदि किसान वंचित रह जाते हैं, तो संबंधित बीमा कम्पनियों के विरुद्ध एक्शन लिया जायेगा।

कृषि मंत्री श्री कमल पटेल ने खरीफ-2019 के बीमा क्लेम के संबंध में शिकायत निवारण केंद्रों पर प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लिया है। श्री पटेल ने बीमा कम्पनियों के अधिकारियों को हिदायत दी कि जो कम्पनियां किसानों को बीमे का वाजिब लाभ देने में नाकाम रहती हैं, उनके विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

टॉवर पॉलिसी जारी करने वाला पहला राज्य बना मध्यप्रदेश

भोपाल, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने मंत्रालय में वर्चुअल रूप से प्रदेश की नई टॉवर पॉलिसी लॉन्च करते हुए दूरसंचार के कार्य में लगी कंपनियों का आह्वान किया है कि वे समाज के प्रति अपनी जवाबदारी का निर्वहन करते हुए उन दूरस्थ इलाकों तक भी कनेक्टिविटी पहुंचाएं, जहां अपेक्षाकृत कम मुनाफा हो। इस कार्यक्रम से अनेक शासकीय और प्राइवेट कंपनियों के प्रतिनिधि भी जुड़े। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रबंध संचालक श्री नंदकुमारम भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

श्री सखलेचा ने कहा कि प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया अभियान के तहत मध्यप्रदेश इस तरह की पॉलिसी जारी करने वाला देश का अग्रणी राज्य है और अब निजी भूमि या भवन में टॉवर लगाने की अनुमति आदि मात्र 3 दिन में तथा शासकीय भूमि पर 45 दिवस में मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि अब पूरी प्रक्रिया ऑनलाईन तथा सिंगल विंडो सिस्टम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कम्युनिकेशन की स्पीड और कनेक्टिविटी को केंद्र में रखने पर यह पॉलिसी कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों को समान इकाई मानकर ही कंपनियां अपने प्रोजेक्ट लेकर आएं।

श्री सखलेचा ने कहा कि स्वान के माध्यम से ब्लॉक और तहसील स्तर पर बेहतर तरीके से कनेक्टिविटी बढ़े। उन्होंने कहा कि इंटरनेट का फायदा कृषि क्षेत्र को भी मिले। किसानों की नई पीढ़ी को इसका लाभ मिलने से वे खाद्य-आधारित रोज़गार इकाईयों से जुड़ सकेंगे। उन्होंने कहा कि कोविड के दौरान इंटरनेट ने हर क्षेत्र में अपनी उपयोगिता सिद्ध की है। उन्होंने कहा कि डीम्ड लाइसेंस की यह नीति उपरोक्त बिन्दुओं पर आधारित है।

700 विद्यार्थियों को टैबलेट दिए

श्री सखलेचा ने बताया कि उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र जावद में 700 विद्यार्थियों को स्वयं टैबलेट देकर शिक्षा को सुगम बनाया है। उन्होंने कहा कि उनकी अपेक्षा है कि समाज के सभी वर्गों तक इंटरनेट पहुंचे। उन्होंने देश को डिजिटल इंडिया बनाने के लिए सहयोग की अपील की।

कार्यक्रम को वर्चुअल रूप से अनेक कंपनियों के प्रतिनिधियों ने संबोधित किया। विज्ञान प्रौद्योगिकी के एमडी श्री नंदकुमारम ने पॉलिसी के बिन्दुओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पॉलिसी के डीओटी, टीएसपी, आईएसपी और आईपी के बारे में जानकारी दी। उप सचिव श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने भी पॉलिसी के बिन्दुओं के बारे में जानकारी दी।

औद्योगिक कॉरिडोर के रूप में विकसित होंगे एक्सप्रेस-वे की निकटता वाले क्षेत्र

भोपाल, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह ने कहा है कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप-2023 के अंतर्गत प्रदेश में विश्वस्तरीय औद्योगिक अधोसंरचना के विकास तथा मध्यप्रदेश को सबसे पसंदीदा व्यापार स्थल के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य है। इसी दिशा में चम्बल प्रोग्रेस-वे और नर्मदा एक्सप्रेस-वे की निकटता वाले क्षेत्रों में विशेष रूप से एमएसएमई के लिये विश्वस्तरीय औद्योगिक कॉरिडोर के रूप में विकसित किये जाने की योजना है इसके लिये 2000 एकड़ भूमि पार्सल में 5 औद्योगिक नोड्स में विकसित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से प्रदेश में लगभग एक हजार करोड़ के निवेश को आकर्षित किया जा सकेगा जो अगले पांच वर्षों में लगभग 20 हजार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोज़गार के अवसर पैदा करेगा।

श्री दत्तीगांव ने कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश रोडमैप के तहत प्रत्येक जिले के लिये एक औद्योगिक एवं पारम्परिक उपज की पहचान की जा रही है। उन्होंने कहा कि इन औद्योगिक उत्पादनों की देशव्यापी ब्रांडिंग भी की जायेगी। रक्षा क्षेत्र, उत्पादन, रासायनिक उद्योग, चमड़े एवं गैर चमड़ा उद्योग, बैट्री भंडारण, परिधान और वस्त्र आदि के लिये अगले वर्षों में नये औद्योगिक क्लस्टर को चिन्हित कर विकसित किया जायेगा। श्री दत्तीगांव ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने के लिये कई ठोस कदम उठाये गये हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति, संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश
चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल- 462004

शिक्षण शुल्क छूट योजना (TFW) के अंतर्गत प्रवेश

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्, नई दिल्ली द्वारा शिक्षण शुल्क छूट योजना (TFW) लागू की गई है, जिसमें पाठ्यक्रम की स्वीकृत प्रवेश क्षमता का 5 प्रतिशत स्थान अधिसंख्य रुप से उपलब्ध कराये गये हैं। सत्र 2020-21 में रिक्त रह गई TFW सीटों पर प्रवेश हेतु केन्द्रीयकृत काउंसलिंग का विशेष चरण आयोजित किया जा रहा है।

पात्रता :-

- मध्यप्रदेश के मूल निवासी अभ्यर्थी
- जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय ₹ 8.00 लाख से अधिक न हो, इन स्थानों के लिए पात्र हैं।

बी.टेक. पाठ्यक्रम

रजिस्ट्रेशन	दिनांक 21-12-2020 से दिनांक 23-12-2020 (दोप. 1:00 बजे तक)
रजिस्ट्रेशन सुधार	दिनांक 23-12-2020 (दोप. 2:00 बजे से) दिनांक 24-12-2020 (दोप. 1:00 बजे तक)
च्वॉइस फिलिंग	दिनांक 23-12-2020 से दिनांक 25-12-2020 (रात्रि 11:45 बजे तक)
मेरिट	दिनांक 26-12-2020
आवंटन/रिपोर्टिंग	दिनांक 29-12-2020 से दिनांक 31-12-2020 (सायं 5:00 बजे तक)
कैंसिलेशन	दिनांक 19-12-2020 से 24-12-2020 (दोपहर 1:00 बजे तक)

डिप्लोमा (इंजीनियरिंग, नॉन-पीपीटी) पाठ्यक्रम

रजिस्ट्रेशन	दिनांक 22-12-2020 से दिनांक 24-12-2020 (दोपहर 1:00 बजे तक)
रजिस्ट्रेशन सुधार	दिनांक 24-12-2020 (दोप. 2:00 बजे से) दिनांक 25-12-2020 (दोप. 1:00 बजे तक)
च्वॉइस फिलिंग	दिनांक 24-12-2020 से दिनांक 26-12-2020 (रात्रि 11:45 तक)
मेरिट	दिनांक 27-12-2020
आवंटन/रिपोर्टिंग	दिनांक 30-12-2020 से दिनांक 31-12-2020 (सायं 5:00 बजे तक)
कैंसिलेशन	दिनांक 19-12-2020 से 24-12-2020 (दोपहर 1:00 बजे तक)

उपरोक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेशित अभ्यर्थियों के लिए दिनांक 19-12-2020 से 24-12-2020 तक प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा, प्रवेशित संस्था में ही उपलब्ध रहेगी। काउंसलिंग में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी, अधिकृत वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी मार्गदर्शिका/काउंसलिंग प्रक्रिया, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि का सूक्ष्मता से अध्ययन कर लेवें।

संपर्क- 0755-6720205, 2660441 | ईमेल- dte.helpcenter@mp.gov.in

अध्यक्ष काउंसलिंग समिति, आयुक्त, तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश माध्यम/99287/2020 R-44884/2020

राज चौहान

ब्रिटिश कोलंबिया में स्पीकर बने

पंजाब में जन्मे राज चौहान कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की असेंबली में स्पीकर चुने गए हैं। वे यह पद संभालने वाले पहले भारतीय हैं। वे 1973 में लुधियाना के गौहर गांव से कनाडा गए थे। वे न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी से 5 बार विधायक बन चुके हैं। उनकी पार्टी हाल के चुनाव में 87 में से 57 सीटें जीतकर सत्ता में आयी है।

ह्यूस्टन पोस्ट ऑफिस का

संदीप सिंह धालीवाल की स्मृति में बदलेगा नाम

ह्यूस्टन के पोस्ट ऑफिस का नाम सिख पुलिस अधिकारी संदीप सिंह धालीवाल के नाम पर किया जाएगा। अमेरिकी सीनेट ने सर्वसम्मति से विधेयक को मंज़ूरी दे दी है। इसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास हस्ताक्षर के लिए भेजा जाएगा। ज्ञात रहे कि पिछले साल जाँच में वाहन रोकने पर धालीवाल की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी।

जियूझांग कम्प्यूटर

चीन का दावा प्रकाश आधारित पहला कम्प्यूटर बनाया

चीन के वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि उन्होंने प्रकाश आधारित पहला क्वांटम कम्प्यूटर बनाने में सफलता पा ली है। इस सुपर कम्प्यूटर का नाम गणित के प्राचीन चीनी ग्रंथ के नाम पर जियूझांग रखा गया है। चीन का दावा है, यह जो गणना 200 सेकेंड में कर सकता है उसे करने में दुनिया के सबसे तेज कम्प्यूटर 'फुगाकू' को 60 करोड़ साल लगेंगे।

'ट्री ऑफ लाइफ'

इटली के आर्टिस्ट ने किया तैयार

इटली के चर्चित आर्टिस्ट फैब्रीजियो प्लेसी ने वेनिस के सेंट मार्क स्क्वायर में 50 सेंटीमीटर से एक मीटर के स्वर्ण जैसे 80 मॉड्यूल से 'बीकन' तैयार किया है। आर्टिस्ट प्लेसी के अनुसार यह 'ट्री ऑफ लाइफ' है जो प्रतीकात्मक रूप से पृथ्वी, पानी और आकाश को अभिव्यक्त करता है। यह ट्री कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के वक्त क्रिसमस पर गहरी भावनाओं की व्याख्या करता है।

फैरो द्वीप

समुद्र के नीचे ग्यारह किलोमीटर की लंबी सुरंग बनायी गई

डेनमार्क के फैरो द्वीप पर स्ट्रेमॉय और आयस्ट्रॉय को जोड़ने के लिए एक सुरंग बनाई गई है, जो करीब 11 किलोमीटर लंबी है। इन दोनों के बीच सफर में पहले 1 घंटे 14 मिनट का समय लगता था अब महज 16 मिनट लगेंगे। सामान्य तौर पर सुरंग के दो सिरे होते हैं। जिससे वापस लौटना मुमकिन नहीं होता। लेकिन इस सुरंग के बीच में सर्कल बनाया गया है, जिससे यह दुनिया की पहली राउंडअबाउट टनल बन गयी है। सुरंग समुद्र तल से करीब 613 फीट नीचे बनाई गई है।

ब्रिटेन

आरएएफ विमान ने सबसे बड़े आइसबर्ग की तस्वीर ली

ब्रिटेन की रॉयल एयर फोर्स के विमान ने दुनिया के सबसे बड़े आइसबर्ग ए 68 ए की तस्वीर खींची है। दक्षिण अटलांटिक के इस आइसबर्ग को कैमरे में कैद करने के लिए ए 400 एम, ट्रांसपोर्टर विमान पहुंचा था। इसने तस्वीर खींचने के लिए करीब 4200 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का चक्कर लगाया। फोटो खींचते समय सैटेलाइट के जरिए मार्गदर्शन किया जाता रहा।

अनिल सोनी

डब्ल्यूएचओ फाउंडेशन के सीईओ बने

भारतवंशी और दुनिया के जाने-माने स्वास्थ्य विशेषज्ञ अनिल सोनी को नवगठित डब्ल्यूएचओ फाउंडेशन का पहला मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। यह फाउंडेशन दुनिया भर में स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों को हल करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर काम करेगा। फाउंडेशन की सूचना के अनुसार सोनी जनवरी में अपना पद ग्रहण करेंगे।

मोहम्मद हम्दी बोश्टा

बिच्छू पकड़ने की धुन ने कंपनी मालिक बनाया

मिस्र के युवक मोहम्मद हम्दी बोश्टा को कई साल पहले रेगिस्तान और समुद्र तटों से बिच्छू पकड़कर उसका जहर निकालने की धुन लग गयी थी। इस लगन ने 25 वर्षीय हम्दी को अब एक कंपनी का मालिक बना दिया है। उनकी कंपनी 'काहिरा वेनम' पूरे मिस्र से फिलहाल 80 हजार बिच्छू पकड़ने के साथ सांपों का जहर एकत्रित करने का काम कर रही है। बिच्छू के एक ग्राम जहर की कीमत तकरीबन सात लाख रुपये है।

उत्तराखंड

बिर्थी झरने पर रैपलिंग का बना रिकॉर्ड

उत्तराखंड के मुनस्यारी स्थित विश्व प्रसिद्ध बिर्थी झरने पर पहली बार रैपलिंग की गई। पर्वतारोही मनीप कसनियाल और जया क्षेत्री ने झरने के शीर्ष से खुन जमा देने वाले ठंडे पानी की तीव्र धारा के बीच 148 मीटर नीचे उतरकर राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किया। रैपलिंग प्रतियोगिता का आयोजन आइस नाम की संस्था और जिला प्रशासन की ओर से किया गया।

जॉन निकोलॉइसेन

नॉर्वे सेंट्रल बैंक के डिप्टी गवर्नर ने दिया इस्तीफा

नॉर्वे के सेंट्रल बैंक के डिप्टी गवर्नर जॉन निकोलॉइसेन को अपना पद इसलिए छोड़ना पड़ा, क्योंकि उनकी पत्नी चीन की नागरिक हैं। वे चीन में ही रहती हैं। उन्हें इस वजह से सिक्युरिटी क्लीयरेंस नहीं मिला। वर्ष 2010 में जॉन की शादी हुई थी। जॉन 2014 से इस पद पर हैं। उनका इसी वर्ष कार्यकाल बढ़ाया गया था। मौद्रिक नीतियाँ संभालने के साथ ही वे दुनिया के सबसे बड़े सांवरेन वेल्थ फंड के प्रमुख भी हैं।

राजा चारी

भारतीय मूल के एस्ट्रोनॉट चंद्रमा पर जाएंगे

नासा ने भारतीय मूल के एस्ट्रोनॉट राजा चारी सहित 18 अंतरिक्ष यात्रियों की प्रारंभिक टीम का चयन किया है। ये 2024 के आर्टेमिस मून मिशन का हिस्सा बनेंगे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने केनेडी स्पेस सेंटर में इसकी घोषणा की। राजा चारी ने एमआईटी से एस्ट्रोनॉटिक्स और एयरोनॉटिक्स में मास्टर्स किया है। इन चयनित लोगों में महिलाओं को भी शामिल किया गया है।

बाइडेन और कमला

टाइम पर्सन ऑफ द ईयर बने

अमेरिका के प्रेसिडेंट इलेक्ट जो बाइडेन और वाइस प्रेसिडेंट इलेक्ट कमला हैरिस टाइम मैगजीन के पर्सन ऑफ द ईयर बन गए हैं। कवर पर दोनों के फोटो के साथ 'चैंजिंग अमेरिकाज़ स्टोरी, यानि बदलते अमेरिका की कहानी' कैप्शन लिखा है। हाल ही में हुए चुनावों में जो बाइडेन ने डोनाल्ड ट्रंप को हराया है।

लेब्रॉन जेम्स

टाइम एथलीट ऑफ द ईयर बने

अमेरिका के बास्केटबॉल खिलाड़ी लेब्रॉन जेम्स को टाइम मैगजीन ने एथलीट ऑफ द ईयर चुना है। अमेरिका में इस साल नस्लभेद की कई घटनाओं के बाद लेब्रॉन ने 'मोर देन ए वोट' नाम से एक कैंपेन चलाया था। मैगजीन ने इसी को आधार बनाते हुए उन्हें अपने कवर पेज पर जगह दी है। वे एनबीए टीम लॉस एंजिलिस लेकर्स से खेलते हैं और उन्होंने टीम को टाइटल भी जिताया था।

प्रमिला जयपाल

कांग्रेसनल प्रोग्रेसिव कॉकस की अध्यक्ष बनीं

भारतवंशी अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल को अमेरिकी संसद के कांग्रेसनल प्रोग्रेसिव कॉकस (सीपीसी) की अध्यक्ष के तौर पर चुना गया है। अमेरिका में यह पद प्रभावी और अनुभवी सांसद को दिया जाता है। भारत के चेन्नई में जन्मीं प्रमिला ने कहा कि सीपीसी रंगभेद को खत्म करने, गरीबी और असमानता को मिटाने जैसे कामों को प्रमुखता देगा।

रोरी वैन उल्फत

सात वर्षीय बालिका आसानी से उठा लेती है 80 किलो वजन

कनाडा की 7 वर्षीय वेट लिफ्टर रोरी वैन उल्फत दुनिया की सबसे कम उम्र की ताकतवर वेटलिफ्टर मानी गई है। वह 80 किलो वजन के साथ डेडलिफ्ट और 61 किलो भार के साथ आसानी से स्क्वाड करती है। वह स्नैच में 32 किलो और क्लीन एंड जर्क में 42 किलो ग्राम भार उठाने की क्षमता रखती है। इस बच्ची को सबसे युवा यूएस यूथ नेशन चैंपियन का खिताब दिया गया है।

तईहेई कोबायाशी

संघर्ष के बाद कंपनी के सीईओ बने

जापान की राजधानी टोक्यो में रहने वाले 37 वर्षीय तईहेई कोबायाशी 10वीं की पढ़ाई अपने संगीत के शौक के कारण छोड़ चुके थे। माता-पिता ने उन्हें घर से निकाल दिया। फिर उन्हें एक कंपनी में नौकरी मिली और उन्होंने कंपनी को स्टॉक एक्सचेंज की सूची में शामिल करवा दिया। कंपनी ने उन्हें सीईओ बनाने के साथ 7.9 फीसदी शेयर का मालिक बना दिया।

शशि शेखर वेम्पति

एशिया-प्रशांत प्रसारण संघ के उपाध्यक्ष बने

प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शशि शेखर वेम्पति को एशिया-प्रशांत प्रसारण संघ (एबीयू) का उपाध्यक्ष चुना गया। एशिया-प्रशांत प्रसारण संघ की स्थापना 1964 में प्रसारण संगठनों के पेशेवर संघ के रूप में हुई थी। 57 देशों और क्षेत्रों में इसके 286 से अधिक सदस्य हैं।

स्मृति शेष

कवि मंगलेश डबराल का निधन

हिंदी के जाने-माने कवि और वरिष्ठ पत्रकार मंगलेश डबराल का 72 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उनके 5 काव्य संग्रह प्रकाशित हुए हैं। वर्ष 2000 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से उन्हें सम्मानित किया गया। उन्होंने साहित्य, सिनेमा, संचार माध्यम और संस्कृति के विषयों पर बहुत लिखा है।

इटली फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान रॉसी का निधन

फुटबॉल विश्वकप 1982 में इटली को चैम्पियन बनाने वाले कप्तान पाउलो रॉसी का निधन हो गया। वह 64 वर्ष के थे। वे लंबे समय से बीमार थे। 1982 में उन्होंने अपनी टीम को विश्व चैम्पियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी।

मराठी फिल्म अभिनेता रवि पटवर्धन का निधन

प्रख्यात मराठी फिल्म अभिनेता और रंगकर्मी रवि पटवर्धन का 84 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने अंतिम बार टेलीविजन सीरीज 'आगावाई सासू बाई' में अभिनय किया था। अभिनय के साथ ही वे सामाजिक सेवा से भी जुड़े थे।

दिग्गज नर्तक पद्मश्री अस्ताद देबू का निधन

दिग्गज नर्तक अस्ताद देबू का 73 साल की उम्र में निधन हो गया। वर्ष 1995 में देबू को समकालीन रचनात्मक नृत्य में योगदान के लिए संगीत नाटक अकादमी सम्मान दिया गया था। वर्ष 2007 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

हर काम बड़ा होता है, बशर्ते आप अपने लिये पैमाना ऊंचा रखें – कैंडिस

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा के लिये सामान्य ज्ञान - खेल

1. भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले सबसे युवा विकेटकीपर हैं -
(अ) विजय दाहिया
(ब) पार्थिव पटेल
(स) ऋषभ पंत
(द) सैयद किरमानी

2. जेमी ड्वायर किस देश की हॉकी टीम के कप्तान रह चुके हैं -
(अ) ऑस्ट्रेलिया
(ब) जर्मनी
(स) बेल्जियम
(द) इनमें से कोई नहीं

3. पूर्व ओलिंपियन अंजू बॉबी जॉर्ज किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं -
(अ) लंबी कूद
(ब) तिहरी कूद
(स) ऊंची कूद
(द) पोल वॉल्ट

4. वेलोन डि ओर पुरस्कार किस खेल से संबंधित खिलाड़ी को दिया जाता है -
(अ) टेनिस
(ब) आईस हॉकी
(स) मुक्केबाजी
(द) फुटबॉल

5. डे-नाइट टेस्ट मैच में तिहरा शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज हैं -
(अ) डेविड वॉर्नर
(ब) अजहर अली
(स) बेन स्टोक्स
(द) इनमें से कोई नहीं

6. इनमें से किस शहर में नेताजी सुभाष राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थान स्थित है -
(अ) पुणे
(ब) बैंगलुरू
(स) पटियाला
(द) कोलकाता

7. हाल ही में इनमें से किसे आईसीसी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है -
(अ) ग्रीम स्मिथ
(ब) एहसान मनी
(स) मुस्तफा कमाल
(द) ग्रेग बार्कले

8. कैटी लेडेकी किस खेल में अमेरिका का प्रतिनिधित्व करती हैं -
(अ) तैराकी
(ब) बेसबॉल
(स) निशानेबाजी
(द) मार्शल आर्ट्स

9. ग्लैन मैकग्रा ने टेस्ट क्रिकेट में कितने विकेट लिए हैं -
अ) 476
(ब) 609
(स) 563
(द) 619

10. लंदन ओलिंपिक -2012 में भारत ने कितने पदक जीते थे -
(अ) दो
(ब) तीन
(स) छः
(द) आठ

11. वर्ष 2010 में फीफा वर्ल्डकप किस देश में आयोजित किया गया था -
(अ) रूस
(ब) दक्षिण अफ्रीका
(स) ब्राजील
(द) फ्रांस

12. टेनिस खिलाड़ी डोमिनिक थिएम किस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं -
(अ) जर्मनी
(ब) सर्विया
(स) क्रोएशिया
(द) ऑस्ट्रिया

13. सबसे ज्यादा बार डेविस कप के खिताब किस देश ने जीते हैं -
(अ) अमेरिका
(ब) स्पेन
(स) ऑस्ट्रेलिया
(द) ब्रिटेन

14. लुईस हैमिल्टन ने इनमें से किस वर्ष फॉर्मूला वन चैम्पियनशिप नहीं जीती है -
(अ) वर्ष 2008
(ब) वर्ष 2012
(स) वर्ष 2014
(द) वर्ष 2019

15. लिएंडर पेस अब तक कितने ओलिंपिक खेलों में शिरकत कर चुके हैं -
(अ) पांच
(ब) चार
(स) सात
(द) छः

16. सचिन तेंदुलकर ने वनडे क्रिकेट में कितने अर्धशतक बनाए हैं -
(अ) 92 (ब) 96
(स) 97 (द) 99

17. इनमें से कौन-सा खेल अमेरिका का राष्ट्रीय खेल है -
(अ) बेसबॉल
(ब) गोल्फ
(स) रग्बी
(द) शतरंज

18. वर्ल्ड एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप में सबसे ज्यादा पदक जीतने वाले खिलाड़ी हैं -
(अ) कार्ल लुईस
(ब) जस्टिन गेटलिन
(स) उसैन बोल्ट
(द) मोहम्मद फराह

19. अंतर्राष्ट्रीय पैरालिंपिक कमेटी का मुख्यालय किस शहर में स्थित है -
(अ) बॉन (जर्मनी)
(ब) वियना (ऑस्ट्रिया)
(स) टोरेंटो (कनाडा)
(द) लिस्बन (पुर्तगाल)

20. वर्ष 2018 में यूथ ओलिंपिक खेल किस देश में आयोजित किए गए थे -
(अ) इटली
(ब) चीन
(स) सिंगापुर
(द) अर्जेंटीना

21. इनमें से कौन-सा देश साउथ एशियान फुटबॉल फेडरेशन का हिस्सा नहीं हैं -
(अ) बांग्लादेश
(ब) श्रीलंका
(स) भूटान
(द) अफगानिस्तान

22. थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट जीतने वाला पहला देश है -
(अ) इंडोनेशिया
(ब) चीन
(स) मलेशिया
(द) जापान

23. इंग्लिश प्रीमियर लीग की शुरुआत किस वर्ष हुई थी -
(अ) वर्ष 1992
(ब) वर्ष 1994
(स) वर्ष 1980
(द) वर्ष 1990

24. टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज हैं -
(अ) राशिद खान
(ब) ब्रेट ली
(स) चमिंडा
(द) लासिथ मलिंगा

25. एटीपी किस खेल का एक प्रतिष्ठित टूर्नामेंट है -
(अ) टेबल टेनिस
(ब) ताइक्वांडो
(स) टेनिस
(द) इनमें से कोई नहीं

उत्तर

1. (ब), 2. (अ), 3. (अ),
4. (द), 5. (ब), 6. (स),
7. (द), 8. (अ), 9. (स),
10. (स), 11. (ब), 12. (द),
13. (अ), 14. (ब), 15. (स),
16. (ब), 17. (अ), 18. (स),
19. (अ), 20. (द), 21. (द),
22. (स), 23. (अ), 24. (ब),
25. (स)

- पुष्पेन्द्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1, इंदौर

ई-मेल : eepwd1ind@mp.nic.in, Phone No. : 0731-2490978

निविदा आमंत्रण सुचना क्रमांक 21/व.ले.लि./2020-21 इंदौर, दिनांक : 14.12.2020

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. मुख्यालय उपसंभाग क्रमांक-2 अंतर्गत उच्च न्यायालय शाखा के फेमेली कोर्ट में ए.आर.एस.आर.एम.ओ.डब्ल्यू. कार्य।

ऑनलाइन टेण्डर नं.	ठेके की अनुमा. राशि (लाख में)	अमानत राशि (रु.)	निविदा प्रपत्र की राशि	कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि
2020_PWDRB_118259_1	300000/-	6000/-	2000/-	120 दिन वर्षाकाल सहित
2. मुख्यालय उपसंभाग क्रमांक-2 अंतर्गत उच्च न्यायालय शाखा के पुलिस लाइन क्वाटर्स साउथ तुकोगंज थाना में ए.आर.एस.आर.एम.ओ.डब्ल्यू. कार्य।				
2020_PWDRB_118260_1	600000/-	12000/-	2000/-	120 दिन वर्षाकाल सहित
3. मुख्यालय उपसंभाग क्रमांक-2 अंतर्गत उच्च न्यायालय शाखा के नवलखा काम्प्लेक्स विभिन्न आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में ए.आर.एस.आर.एम.ओ.डब्ल्यू. कार्य।				
2020_PWDRB_118261_1	300000/-	6000/-	2000/-	120 दिन वर्षाकाल सहित
4. मुख्यालय उपसंभाग क्रमांक-2 अंतर्गत उच्च न्यायालय शाखा के संयोगितागंज थाना परिसर में ए.आर.एस.आर.एम.ओ.डब्ल्यू. कार्य।				
2020_PWDRB_118262_1	600000/-	12000/-	2000/-	120 दिन वर्षाकाल सहित
5. जिला उपसंभाग क्रमांक-1 अंतर्गत राजेन्द्रनगर शाखा के डायट आवासीय भवनों में ए.आर.एस.आर.एम.ओ.डब्ल्यू. कार्य।				
2020_PWDRB_118263_1	600000/-	12000/-	2000/-	120 दिन वर्षाकाल सहित
6. जिला उपसंभाग क्रमांक-1 अंतर्गत राजेन्द्रनगर शाखा में ए.आर.एस.आर.एम.ओ.डब्ल्यू. कार्य।				
2020_PWDRB_118264_1	600000/-	12000/-	2000/-	120 दिन वर्षाकाल सहित
7. जिला उपसंभाग क्रमांक-1 अंतर्गत बेटमा शाखा में ए.आर.एस.आर.एम.ओ.डब्ल्यू. कार्य।				
2020_PWDRB_118265_1	300000/-	6000/-	2000/-	120 दिन वर्षाकाल सहित
8. जिला उपसंभाग क्रमांक-1 अंतर्गत बेटमा शाखा के आवासीय व गैर आवासीय भवनों में ए.आर.एस.आर.एम.ओ.डब्ल्यू. कार्य।				
2020_PWDRB_118266_1	500000/-	10000/-	2000/-	120 दिन वर्षाकाल सहित
9. मुख्यालय उपसंभाग क्रमांक-1 अंतर्गत पलासिया शाखा के एच टाइप क्वाटर्स में ए.आर.एस.आर.एम.ओ.डब्ल्यू. कार्य।				
2020_PWDRB_118267_1	1990000/-	39800/-	2000/-	120 दिन वर्षाकाल सहित
10. मुख्यालय उपसंभाग क्रमांक-1 अंतर्गत पलासिया शाखा के एफ टाइप क्वाटर्स में ए.आर.एस.आर.एम.ओ.डब्ल्यू. कार्य।				
2020_PWDRB_118268_1	1990000/-	39800/-	2000/-	120 दिन वर्षाकाल सहित
11. मुख्यालय उपसंभाग क्रमांक-1 अंतर्गत पलासिया शाखा के आई टाइप क्वाटर्स में ए.आर.एस.आर.एम.ओ.डब्ल्यू. कार्य।				
2020_PWDRB_118269_1	1990000/-	39800/-	2000/-	120 दिन वर्षाकाल सहित
12. मुख्यालय उपसंभाग क्रमांक-1 अंतर्गत पलासिया शाखा के गैर आवासीय भवनों में ए.आर.एस.आर.एम.ओ.डब्ल्यू. कार्य।				
2020_PWDRB_118270_1	1990000/-	39800/-	2000/-	120 दिन वर्षाकाल सहित
13. मुख्यालय उपसंभाग क्रमांक-1 अंतर्गत आईटीआई शाखा के आवासीय व गैर आवासीय भवनों में ए.आर.एस.आर.एम.ओ.डब्ल्यू. कार्य।				
2020_PWDRB_118271_1	1990000/-	39800/-	2000/-	120 दिन वर्षाकाल सहित
14. मुख्यालय उपसंभाग क्रमांक-1 अंतर्गत जिला कोर्ट शाखा में ए.आर.एस.आर.एम.ओ.डब्ल्यू. कार्य।				
2020_PWDRB_118272_1	1990000/-	39800/-	2000/-	120 दिन वर्षाकाल सहित
15. मुख्यालय उपसंभाग क्रमांक-1 अंतर्गत गांधी हाल शाखा में ए.आर.एस.आर.एम.ओ.डब्ल्यू. कार्य।				
2020_PWDRB_118273_1	1990000/-	39800/-	2000/-	120 दिन वर्षाकाल सहित
16. मुख्यालय उपसंभाग क्रमांक-1 अंतर्गत काशी बाग शाखा में ए.आर.एस.आर.एम.ओ.डब्ल्यू. कार्य।				
2020_PWDRB_118274_1	1990000/-	39800/-	2000/-	120 दिन वर्षाकाल सहित
कुल योग	19720000/-			

1. उपरोक्त वेवसाइट पर ऑनलाइन पेमेंट करने के पश्चात् विड डाक्यूमेंट क्रय किया जा सकता है।
2. विड प्रस्तुत करते समय विड प्रस्तुतकर्ता को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक है।
1. विड डाक्यूमेंट की खरीदी का प्रमाण 2. अर्नेस्ट मनी जमा करने का प्रमाण 3. चेक लिस्ट 4. एफिडेविट
विस्तृत जानकारी विड डाटा शीट में देखी जा सकती है।
3. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की तिथि **दिनांक 15.12.2020 सुबह 10.30 से दिनांक 29.12.2020 सायं 17.30 बजे** तक निर्धारित है।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेवसाइट पर देखी जा सकती है।
5. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन पेपर पब्लिकेशन में नहीं किया जाकर सिर्फ वेवसाइट पर ही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-16697/44880/2020 लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1, इंदौर

M.P. RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
(An Agency of Govt. of M.P. Panchayat & Rural Dev. Deptt.)
Block-2, Vth Floor, Paryawas Bhawan, Arera Hill's, Bhopal-11

STRENGTHENING DESIGN, RESEARCH AND QUALITY ASSURANCE CAPACITY OF MPRRDA

No. 18984,Bhopal, Dated : 17.12.2020 Loan No. 8833-IN
RFP No. IN-MPRRDA-210500-CS-QCBS; Dated : 21.12.2020

The Government of Madhya Pradesh (hereinafter called "Borrower") has received financing from the International Bank for Reconstruction and Development (IBRD) and Asian Infrastructure Investment Bank (AIIB) (the "Bank") in the form of "Loan" (hereinafter called Loan) towards the cost of Madhya Pradesh Rural Connectivity Project. The Madhya Pradesh Rural Road Development Authority, an implementing agency, intends to apply a portion of the proceeds of this Loan to eligible payments under the contract.

The Client, Project Director MPRCP on behalf of M.P. Rural Road Development Authority invites online proposals to provide the consultancy services (hereinafter called "Services"): for **Strengthening Design, Research and Quality Assurance Capacity of MPRRDA on e-procurement portal https://mptenders.gov.in** from 21.11.2020, 17:00 hrs. RFP Document may be viewed and downloaded upto 20.01.2021, 17:00 hrs. from the e-procurement portal & the last date and time for bid submission is 21.01.2021 upto 15:00 hrs. More details on the Services and Terms and Conditions may be seen in the RFP Document.

M.P. Madhyam/99262/44882/2020 **PROJECT DIRECTOR (MPRCP)**

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

मध्यकालीन इतिहास

(1) 'चंदावर का युद्ध' किनके मध्य लड़ा गया था?
(अ) पृथ्वीराज एवं जयचंद
(ब) जयचंद एवं मुहम्मद गौरी
(स) मुहम्मद गौरी एवं पृथ्वीराज
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (ब) जयचंद एवं मुहम्मद गौरी (1194 ई.)

(2) 'कुव्वत-उल-इस्लाम' मस्जिद का निर्माण किसने करवाया था?
(अ) कुतुबुद्दीन ऐबक
(ब) इल्तुतमिश
(स) बलबन
(द) मुहम्मद गौरी
उत्तर - (अ) कुतुबुद्दीन ऐबक

(3) भारत पर पहला 'तुर्की आक्रमणकारी' कौन था?
(अ) अलप्तगीन
(ब) पिरीतिगीन
(स) सुबुक्तगीन
(द) गजनवी
उत्तर - (स) सुबुक्तगीन

(4) निम्न में से किस शासक ने कुतुबमीनार के निर्माण को पूरा करवाया था?
(अ) कुतुबुद्दीन ऐबक
(ब) इल्तुतमिश
(स) बलबन
(द) रजिया सुल्तान
उत्तर - (ब) इल्तुतमिश

(5) 'खण्डन - खण्ड - खाद्य-' नामक काव्य ग्रंथ की रचना किसने की थी?
(अ) लक्ष्मीधर
(ब) बाणभट्ट
(स) जयानक
(द) श्री हर्ष
उत्तर - (द) श्री हर्ष

(6) निम्नलिखित कार्यों का संबंध किसके शासन काल से है?
(1) दोआब क्षेत्र में कर वृद्धि
(2) राजधानी परिवर्तन
(3) सांकेतिक मुद्रा का प्रचलन
(4) खुरासान एवं कराचिल अभियान
(अ) अलाउद्दीन खिलजी
(ब) बलबन
(स) फिरोजशाह तुग़लक
(द) मुहम्मद बिन तुग़लक
उत्तर - (द) मुहम्मद बिन तुग़लक

(7) निम्न में से किस शासक को "रायपिथौरा" के नाम से भी जाना जाता है?
(अ) जयचंद
(ब) कृष्णदेवराय
(स) भीमदेव
(द) पृथ्वीराज तृतीय
उत्तर - (द) पृथ्वीराज तृतीय

(8) सल्तनतकाल में दीवान-ए-इस्तिहाक' किससे संबंधित विभाग था?
(अ) कृषि (ब) पेंशन
(स) पत्राचार (द) सैन्य विभाग
उत्तर - (ब) पेंशन

(9) 'श्री कृष्ण विजय' के रचयिता कौन हैं?
(अ) विग्रहराज (ब) मालाधर वसु
(स) तेनालीराम (द) बाणभट्ट
उत्तर - (ब) मालाधर वसु

(10) 'आयंगर व्यवस्था' क्या थी?
(अ) कृषि व्यवस्था
(ब) सैन्य व्यवस्था
(स) प्रशासनिक व्यवस्था
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (स) प्रशासनिक व्यवस्था

(11) निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए

(a) अष्टदिग्गज	1 संतो का समूह (कवि)
(b) अष्टछाप	2 कृष्णदेवराय के आठ सर्वश्रेष्ठ कवि
(c) अष्ट प्रधान	3 शिवाजी की प्रशासनिक व्यवस्था
(d) नवरत्न	4 अकबर के श्रेष्ठ दरबारी

	(a)	(b)	(c)	(d)
(अ)	1	2	3	4
(ब)	2	1	3	4
(स)	3	2	1	4
(द)	2	3	4	1

उत्तर - (ब) 2 1 3 4

(12) हरिहर एवं बुक्का ने किस साम्राज्य की स्थापना की थी?
(अ) विजयनगर (ब) मगध
(स) दिल्ली (द) जौनपुर
उत्तर - (अ) विजयनगर

(13) शर्की राजवंश का संस्थापक कौन था?
(अ) इब्राहिम शाह शर्की
(ब) सुल्तान महमूद
(स) हुसैनशाह
(द) मलिक सरवर
उत्तर - (द) मलिक सरवर

(14) निम्न युद्धों का सही क्रम क्या है?
(1) घाघरा का युद्ध
(2) पानीपत का प्रथम युद्ध
(3) खानवा का युद्ध
(4) चंदेरी का युद्ध
(अ) 4 3 2 1
(ब) 1 2 3 4
(स) 2 3 4 1
(द) 3 2 1 4
उत्तर - (स) 2 3 4 1

(15) निम्न में से किस शासक को उसकी उदारता के कारण 'कलंदर' शाह की उपाधि दी गयी थी?
(अ) अकबर (ब) बाबर
(स) शाहजहाँ (द) शेरशाह
उत्तर - (ब) बाबर

(16) 'इक्ता प्रणाली' किस शासक द्वारा प्रारंभ की गयी थी?
(अ) बलबन
(ब) शेरशाह
(स) अलाउद्दीन खिलजी
(द) इल्तुतमिश
उत्तर - (द) इल्तुतमिश

(17) 'घोड़ा-दागने' एवं 'हुलिया रखने' की प्रथा किस शासक ने प्रारंभ की थी?
(अ) बलबन
(ब) जहाँगीर
(स) अलाउद्दीन खिलजी
(द) बाबर
उत्तर - (स) अलाउद्दीन खिलजी

(18) 'मोठ की मस्जिद' का निर्माण किस शासक के शासनकाल में हुआ?
(अ) सिकंदर लोदी
(ब) इब्रहिम लोदी
(स) बहलोल लोदी
(द) अकबर
उत्तर - (अ) सिकंदर लोदी

(19) मोहम्मद गौरी ने 'तराईन के द्वितीय युद्ध' में किस शासक को पराजित किया था?
(अ) जयचंद
(ब) पृथ्वीराज चौहान
(स) मिहिरभोज
(द) राजाभोज
उत्तर - (ब) पृथ्वीराज चौहान

(20) सोलंकी वंश का संस्थापक कौन है?
(अ) भीम प्रथम
(ब) भीम द्वितीय
(स) मूलराज प्रथम
(द) उपेंद्र राज
उत्तर - (स) मूलराज प्रथम

(21) तेलुगु ग्रंथ "अमुक्तमाल्यद्" की रचना किसने की थी?
(अ) तेनालीराम
(ब) कृष्णदेवराय
(स) मल्लिकार्जुन
(द) तिरुमल
उत्तर - (ब) कृष्णदेवराय

(22) 'दीन पनाह नगर' की स्थापना किसने की थी?
(अ) जहाँगीर (ब) शेरशाह सूरी
(स) हुमायूँ (द) अकबर
उत्तर - (स) हुमायूँ

(23)

ग्रंथ		विषय क्षेत्र
(1) दसरूपक	-	नाट्य शास्त्र
(2) विद्याविनोद	-	चिकित्साशास्त्र
(3) मत्तविलास प्रहसन	-	हास्य ग्रंथ
(4) नवसाह सांक चरित	-	चरित्रलेखन

निम्न में से कौन सही सुमेलित है?
(अ) 1, 2 व 3 (ब) केवल 2
(स) 2 एवं 3 (द) सभी
उत्तर - (द) सभी

(24) कांची के कैलाशनाथ मंदिर का निर्माण किसके द्वारा करवाया गया था?
(अ) परमेश्वर वर्मन प्रथम
(ब) नरसिंह वर्मन द्वितीय
(स) राजेंद्र प्रथम
(द) विजयालय
उत्तर - (ब) नरसिंह वर्मन द्वितीय

(25) निम्नलिखित में से कौन से सही सुमेलित हैं?
(1) विक्रमांक देव चरित - विल्हण
(2) किताबुल यामिनी - उत्बी
(3) गौड़वाहो - जयानक
(अ) 1 एवं 2
(ब) 2 एवं 3
(स) 1 एवं 3
(द) सभी
उत्तर - (अ) 1 एवं 2

(26) 'शुद्धाद्वैत' दर्शन के प्रवर्तक कौन थे?
(अ) रामानुजाचार्य
(ब) विष्णुस्वामी
(स) मध्वाचार्य
(द) निबार्काचार्य
उत्तर - (ब) विष्णुस्वामी

(27) 'करतारपुर' का संबंध गुरू नानक देव के जीवन की किस घटना से संबंधित है?
(अ) जन्म
(ब) ज्ञान प्राप्ति
(स) विवाह
(द) मृत्यु
उत्तर - (द) मृत्यु

(28) निम्न में से किस सिख गुरू को 'बाकला के बाबा' के नाम से जाना जाता है?
(अ) हरगोविंद (ब) हरराय
(स) हरकिशन (द) तेगबहादुर
उत्तर - (द) तेगबहादुर

(29) 'पाहुल प्रथा' की शुरुआत किस सिख गुरू के द्वारा की गई थी?
(अ) गोविंद सिंह
(ब) अंगद
(स) रामदास
(द) अमरदास
उत्तर - (अ) गोविंद सिंह

(30) 'चिश्ती सिलसिला' की स्थापना किसके द्वारा की गई थी?
(अ) मुईनउद्दीन चिश्ती
(ब) हमीदुद्दीन नागौरी
(स) अबु-अब्दाल चिश्ती
(द) निजामुद्दीन चिश्ती
उत्तर - (स) अबु-अब्दाल चिश्ती

(31) सल्तनत कालीन शासकों में किसने 'रक्त एवं लौह' की नीति को अपनाया?
(अ) इल्तुतमिश
(ब) बलबन
(स) अलाउद्दीन खिजली
(द) कुतुबुद्दीन ऐबक
उत्तर - (ब) बलबन

(32) होयसल राज्य की राजधानी कौन सी थी?
(अ) देवगिरी
(ब) वारंगल
(स) मदुरै
(द) द्वारसमुद्र
उत्तर - (द) द्वारसमुद्र

(33) 'राक्षसी तांगड़ी' या तालीकोटा युद्ध के बाद किस साम्राज्य का अंत हुआ?
(अ) बीजापुर
(ब) विजयनगर
(स) गोलकुन्डा
(द) बीदर
उत्तर - (ब) विजयनगर

(34) निम्न में से किस शासक ने 'वेदमार्ग प्रतिष्ठापक' की उपाधि धारण की थी?
(अ) हरिहर
(ब) विरूपाक्ष
(स) मल्लिकार्जुन
(द) बुक्का - I
उत्तर - (द) बुक्का - I

(35) बीजापुर में किस वंश का शासन था?
(अ) बरीदशाही
(ब) कुतुबशाही
(स) आदिल शाही
(द) निजामशाही
उत्तर - (स) आदिल शाही

(36) किस संत के द्वारा 'ब्रह्मा-संप्रदाय' की स्थापना की गई थी?
(अ) रैदास
(ब) बल्लभाचार्य
(स) शंकरदेव
(द) दादू दयाल
उत्तर - (द) दादू दयाल

(37) अकबर ने अपने शासन के किस वर्ष में 'दास प्रथा' का अंत किया था?
(अ) 1562 ई. (ब) 1575 ई.
(स) 1582 ई. (द) 1563 ई.
उत्तर - (अ) 1562 ई.

(38) 'शाह बुलंद इकबाल' के रूप में किसे जाना जाता है?
(अ) औरंगजेब (ब) दारा शिकोह
(स) शाहजहाँ (द) अकबर
उत्तर - (ब) दारा शिकोह

(39) मुगलकाल में लगान निर्धारण एवं कृषकों से संपर्क बनाने का कार्य किसका था?
(अ) दीवान (ब) शिकदार
(स) बख्शी (द) आमिल
उत्तर - (द) आमिल

(40) 'पोलज, परती और चाचर किसके एक प्रकार थे?
(अ) सिक्के
(ब) भूमि
(स) पद
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (ब) भूमि

(41) 'देवराई' की लड़ाई में कौन पराजित हुआ था?
(अ) औरंगजेब
(ब) शाहशुजा
(स) दारा शिकोह
(द) शाजहाँ
उत्तर - (स) दारा शिकोह

(42) 'जिंदा पीर' के नाम से किस मुगल शासक को जाना गया?
(अ) शाहजहाँ
(ब) औरंगजेब
(स) बहादुरशाह
(द) अकबर
उत्तर - (ब) औरंगजेब

(43) पुर्तगाली यात्री 'बारबोसा' किसके शासनकाल में विजयनगर आया था?
(अ) देवराय-I
(ब) देवराय-II
(स) अच्युतराय
(द) कृष्णदेवराय
उत्तर - (द) कृष्णदेवराय

(44) मुगलों की राजकीय भाषा कौन सी थी?
(अ) अरबी
(ब) उर्दू
(स) हिंदी
(द) फारसी
उत्तर - (द) फारसी

(45) जहाँगीर ने किसके नेतृत्व में आगरा में एक चित्रशाला की स्थापना की थी?
(अ) अबुल हसन
(ब) उस्ताद मंसूर
(स) विशनदास
(द) आगा रज़ा
उत्तर - (द) आगा रज़ा

(46) शिवाजी के अष्ठप्रधान में बाकयानवीस किस कार्य हेतु नियुक्त किया जाता था?
(अ) आय का लेखा जोखा
(ब) विदेश मंत्री
(स) न्यायिक कार्य हेतु
(द) सूचना, गुप्तचर एवं संधि विग्रह विभाग का अध्यक्ष
उत्तर - (द) सूचना, गुप्तचर एवं संधि विग्रह विभाग का अध्यक्ष

(47) 'दासबोध' की रचना किसके द्वारा की गयी है?
(अ) नामदेव
(ब) रामदास
(स) तुकाराम
(द) एकनाथ
उत्तर - (ब) रामदास

(48) संगीत पर लिखी गई प्रथम फारसी रचना कौन सी है?
(अ) मान कौतूहल
(ब) संगीतसार
(स) लज्जत-ए-सिकंदरी
(द) साकीनामा
उत्तर - (स) लज्जत-ए-सिकंदरी

(49) 'गुलशन चित्रावली' किस शासक द्वारा तैयार करवायी गई थी?
(अ) शाहजहाँ
(ब) अकबर
(स) जहाँगीर
(द) औरंगजेब
उत्तर - (स) जहाँगीर

- आशीष कुमार श्रीवास
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं)

प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा के पाठ्यक्रम में बाल विकास एवं शिक्षा शास्त्र, भाषा, गणित एवं पर्यावरण अध्ययन को सम्मिलित किया गया है। परीक्षा की तैयारी हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न (हल व्याख्या सहित) दिए जा रहे हैं। जो आपकी तैयारी में सहायक होंगे।

प्र. (1) मनोवैज्ञानिक जिन्होंने 'विकास को सतत और धीमी प्रक्रिया बताया -
(A) स्किनर
(B) प्याजे
(C) ब्रूनर
(D) वाइगोत्सकी
उत्तर - (A) स्किनर
व्याख्या - अमेरिकी मनोवैज्ञानिक बी.एफ. स्किनर ने 'सक्रिय अनुबंधन का सिद्धांत' दिया। इन्होंने अपने प्रयोग चूहे और कबूतर पर किए।

प्र. (2) एक बच्चे की मानसिक आयु 15 वर्ष एवं वास्तविक आयु 10 वर्ष है, तो उसकी बुद्धिलब्धि क्या होगी -
(A) 150 (B) 66
(C) 15 (D) 10
उत्तर - (A) 150
व्याख्या -

$$\text{बुद्धिलब्धि (IQ)} = \frac{\text{मानसिक आयु}}{\text{वास्तविक आयु}} \times 100$$

$$= \frac{15}{10} \times 100 = 150$$

प्र. (3) शिक्षा क्षेत्र में फ्रोबेल का महत्वपूर्ण योगदान था -
(A) किंडर गार्टन
(B) क्रिया प्रसूत अनुबंधन
(C) बुद्धिलब्धि
(D) उक्त सभी
उत्तर - (A) किंडर गार्टन
व्याख्या - जर्मन शिक्षा शास्त्री फ्रोबेल ने खेल द्वारा शिक्षा एवं स्व क्रिया द्वारा शिक्षा के सिद्धांत पर बल दिया।

प्र. (4) पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के अनुसार संवेदी क्रियात्मक अवस्था है -
(A) जन्म से 02 वर्ष
(B) किशोरावस्था
(C) जन्म से 05 वर्ष
(D) बाल्यावस्था
उत्तर - (A) जन्म से 02 वर्ष
व्याख्या - संज्ञानात्मक विकास का सिद्धांत जीन पियाजे ने प्रतिपादित किया जो मानव बुद्धि की प्रकृति एवं विकास संबंधी सिद्धांत है। संज्ञानात्मक विकास की चार अवस्था में प्रथम अवस्था जन्म से 02 वर्ष को संवेदिक पेशीय अवस्था (क्रियात्मक) में विभाजित किया गया है।

प्र. (5) कोई राशि 10% की दर से कितने समय में 03 गुना हो जाएगी -
(A) 10 वर्ष (B) 5 वर्ष
(C) 15 वर्ष (D) 20 वर्ष
उत्तर - (D) 20 वर्ष
व्याख्या -

$$\frac{n-1}{\text{दर}} \times 100$$

(3 गुना को n मानने पर)

$$= \frac{3-1}{10} \times 100$$

$$= \frac{2}{10} \times 100$$

= 20 वर्ष में

प्र. (6) किसी संख्या के 25% में से 25 घटाने पर 25 शेष बचता है तो वह संख्या क्या है -
(A) 200 (B) 300
(C) 100 (D) 150
उत्तर - (A) 200
व्याख्या - माना कि संख्या x है :

तो $\frac{x \times 25}{100} - 25 = 25$

$\frac{25x}{100} - 25 = 25$

$25x - 2500 = 2500$

$25x = 2500 + 2500$

$x = \frac{5000}{25}$

$= 200$

प्र. (7) रिक्त स्थान पर क्या होगा - 8 : 28 : : 27 : ?
(A) 85 (B) 89
(C) 70 (D) 78
उत्तर - (A) 85
व्याख्या - 8 x 3 + 4 = 28
27 x 3 + 4 = 85
अतः उत्तर 85 होगा।

प्र. (8) रिक्त स्थान पर क्या होगा - 4 : 12 : : 5 : ?
(A) 20 (B) 150
(C) 22 (D) 17
उत्तर - (A) 20
व्याख्या - 4 को 3 एवं 5 को 4 मानने के बाद उसी संख्या से गुणा करना अर्थात 3 x 4 = 12 तथा 4 x 5 = 20 अतः विकल्प A अर्थात 20 सही होगा।

प्र. (9) वैश्विक ऊष्णता के लिए उत्तरदायी है -
(A) CO_2 एवं मीथेन
(B) O_2 एवं CO_2
(C) केवल मीथेन
(D) केवल CO_2
उत्तर - (A) CO_2 एवं मीथेन
व्याख्या - ग्लोबल वार्मिंग के लिए CO_2 और मीथेन उत्तरदायी गैस हैं।

प्र. (10) कार्बन क्रेडिट का दृष्टिकोण किससे शुरू हुआ -
(A) पृथ्वी सम्मेलन
(B) पेरिस समझौता
(C) क्योटो प्रोटोकॉल
(D) लंदन सम्मेलन
उत्तर - (C) क्योटो प्रोटोकॉल
व्याख्या - क्योटो प्रोटोकॉल 2005 में लागू हुआ। कार्बन क्रेडिट का प्रावधान क्योटो प्रोटोकॉल में किया गया था।

प्र. (11) मूर्धन्य व्यंजन है -
(A) ठ (B) क
(C) च (D) त
उत्तर - (A) ठ
व्याख्या - हिन्दी वर्णमाला में ट वर्ग अर्थात ट, ठ, ड, ढ, ण मूर्धन्य व्यंजन हैं।

प्र. (12) 'कनिष्ठ' में प्रयुक्त प्रत्यय है -
(A) ईष्ट (B) इष्ठ
(C) निष्ठ (D) ष्ठ
उत्तर - (B) इष्ठ
व्याख्या - शब्दों के अंत में जुड़कर अर्थ में परिवर्तन लाने वाले प्रत्यय कहलाते हैं जैसे इष्ठ से कनिष्ठ आदि।

प्र. (13) सप्तसिंधु में समास है -
(A) द्वन्द्व
(B) द्विगु
(C) तत्पुरुष
(D) अव्ययीभाव
उत्तर - (B) द्विगु
व्याख्या - जिस समस्त पद का पूर्वपद संख्यावाचक विशेषण हो वह द्विगु समास है जैसे - त्रिलोक, चौराहा, सप्ताह, त्रिकोण आदि।

प्र. (14) विलोम शब्द में गलत जोड़ा है -
(A) कोप - कृपा
(B) त्याज्य - ग्राह्य
(C) कुसुम - वज्र
(D) उर्ध्व - नीचे
उत्तर - (D) उर्ध्व - नीचे
व्याख्या - उर्ध्व का विलोम निम्न तथा ऊपर का विलोम नीचे होगा।

प्र. (15) 1800 रुपये की राशि 10% वार्षिक दर से उधार दी जाती है तो 2 वर्ष में चक्रवृद्धि एवं साधारण ब्याज में क्या अंतर होगा -
(A) 17 रुपये
(B) 19 रुपये
(C) 18 रुपये
(D) 14 रुपये
उत्तर - (C) 18 रुपये
व्याख्या - अंतर $= \frac{\text{मूलधन (P) x (r)}^2 \text{ दर}}{100^2 \text{ (दो वर्ष)}}$

$$= \frac{1800 \times 10 \times 10}{100 \times 100}$$

= 18 रुपये अंतर

प्र. (16) 3 बजकर 25 मिनट पर घंटे व मिनट के बीच कितने अंश का कोण बनेगा (लगभग) -
(A) 47.5 अंश
(B) 35.7°
(C) 40.5°
(D) 37.8 अंश
उत्तर - (A) 47.5 अंश
व्याख्या - सूत्र -

$$= \frac{11 \text{ x मिनट} - 60 \text{ x घंटे}}{2}$$

$$= \frac{11 \times 25 - 60 \times 3}{2}$$

$$= \frac{275 - 180}{2} = \frac{95}{2}$$

= 47.5 डिग्री कोण

प्र. (17) निम्न विलोम के जोड़े में गलत है -
(A) Wicked - Gentle
(B) Rise - Set
(C) Sweet - Bitter
(D) Soft - Ugly
उत्तर - (D) Soft - Ugly
व्याख्या - Soft का विलोम Hard तथा Ugly का विलोम Beautiful होगा।

प्र. (18) Singular - Plural के जोड़े में गलत है -
(A) Life - Lives
(B) Mouse - Mouses
(C) Foot - Feet
(D) Key - Keys
उत्तर - (B) Mouse - Mouses
व्याख्या - Mouse का बहुवचन Mice है।

प्र. (19) निम्न शब्दार्थ के जोड़े में गलत है -
(A) अंक = गोद
(B) अंगद = बाजूबंद
(C) अंस = वस्त्र
(D) अंश = खण्ड
उत्तर - (C) अंस = वस्त्र
व्याख्या - अंस का अर्थ स्कन्ध या कन्धा है।

प्र. (20) पर्यायवाची शब्दों के जोड़े में गलत जोड़ा है -
(A) अनी - सेना
(B) आँख - अक्षि
(C) किरण - कर
(D) कपोत - वायस
उत्तर - (D) कपोत - वायस
व्याख्या - कौआ का पर्याय है वायस जबकि कपोत का पर्याय है - कबूतर, रक्तलोचन आदि।

प्र. (21) निम्न वाक्य में प्रविशेषण है - "वह बहुत तेज दौड़ता है।"
(A) वह (B) बहुत
(C) तेज (D) दौड़ता
उत्तर - (B) बहुत
व्याख्या - विशेषण की विशेषता प्रविशेषण कहलाती है। 'तेज' विशेषण की विशेषता है 'बहुत'।

प्र. (22) अविकारी शब्द होता है -
(A) संज्ञा (B) क्रिया
(C) अव्यय (D) अकर्मक
उत्तर - (C) अव्यय
व्याख्या - ऐसे शब्द जिनमें लिंग, वचन, पुरुष, कारक आदि के कारण कोई विकार नहीं आता अव्यय (अविकारी) कहलाते हैं।
जैसे - आज, इधर, किन्तु आदि।

- जितेन्द्र सिंह भदौरिया
(लेखक, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं संबंधी लेखन करते हैं।)

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस - 24 दिसंबर

जागरूक उपभोक्ता को पहचानने होंगे अपने अधिकार

प्रबंधन और मार्केटिंग के क्षेत्र में हमेशा ही कहा जाता है कि 'कंज्यूमर इज किंग' यानी उपभोक्ता ही राजा है। उपभोक्ता की परिभाषा पर गौर करें तो हम पाते हैं कि उपभोक्ता वह व्यक्ति है जो अपने इस्तेमाल के लिये कोई वस्तु खरीदता है या सेवा प्राप्त करता है। इसमें वह व्यक्ति शामिल नहीं होता, जो दोबारा बेचने के लिये किसी वस्तु को हासिल करता है या कमर्शियल उद्देश्य के लिये किसी वस्तु या सेवा को प्राप्त करता है। उपभोक्ता में वह व्यक्ति भी शामिल नहीं होता, जो वस्तुएं और सेवाएं मुफ्त में प्राप्त करता है। इसमें इलेक्ट्रॉनिक तरीके, टेली शॉपिंग, मल्टी लेवल मार्केटिंग या सीधे खरीद के जरिये किया जाने वाला सभी तरह का ऑफलाइन या ऑनलाइन लेन-देन शामिल है। लेकिन कभी-कभी बाजार का यही राजा वस्तुओं के लेन-देन में धोखा खा जाता है, ऐसे में उपभोक्ताओं के हित और न्याय दिलाने के लिए अधिनियम बनाए गए हैं, जिससे उपभोक्ता सशक्त और जागरुक होते हैं।

उपभोक्ता विभाग का महत्व

भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय का उपभोक्ता मामले विभाग उपभोक्ता संरक्षण हेतु नोडल विभाग है और उपभोक्ताओं के हितों एवं अधिकारों की रक्षा के लिए यह विभिन्न उपाय करता रहता है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत दो विभागों में से एक उपभोक्ता मामले विभाग है। देश में बुनियादी उपभोक्ता आंदोलन को गति देने के लिए एक विशिष्ट विभाग की आवश्यकता को देखते हुए जून 1997 में इसे एक अलग विभाग के रूप में गठित किया गया था। विभाग को कई कार्य सौंपे गए हैं जैसे- उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, वाट और माप मानकों का कार्यान्वयन आदि। इसके अलावा विधिक माप विज्ञान अधिनियम, पैकबंद वस्तुओं का विनियमन, आवश्यक वस्तु अधिनियम, चोर बाजारी निवारण और आवश्यक वस्तु प्रदाय अधिनियम, आवश्यक वस्तुओं की कीमतों और उपलब्धता की निगरानी, आंतरिक व्यापार विधिक माप विज्ञान में प्रशिक्षण, संप्रतीक और नाम (अनुचित प्रयोग निवारण) अधिनियम, अंतिम उपयोगकर्ताओं के लिए जैव ईंधन के संबंध में विनिर्दिष्टता, मानक और संहिता तैयार करना, राष्ट्रीय परीक्षण शाला तथा गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करने जैसे कार्य भी विभाग के अंतर्गत आते हैं।

भारत में उपभोक्ता आंदोलन इसलिए प्रारंभ हुआ

भारत में सामाजिक बल के रूप में उपभोक्ता आंदोलन का जन्म अनैतिक और अनुचित व्यवसाय कार्यों से उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने और प्रोत्साहित करने की आवश्यकता के साथ हुआ। अत्यधिक खाद्य की कमी, जमाखोरी, कालाबाजारी, खाद्य पदार्थों एवं खाद्य तेल में मिलावट की वजह से 1960 के दशक में व्यवस्थित रूप से उपभोक्ता आंदोलन का उदय हुआ। 1970 के दशक तक उपभोक्ता संस्थाएं बड़े स्तर पर उपभोक्ता अधिकार से संबंधित आलेखों के लेखन और प्रदर्शनी का आयोजन करने लगी थीं।

1985 में संयुक्त राष्ट्र ने उपभोक्ता सुरक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र के दिशा-निर्देशों को अपनाया। यह उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए उपयुक्त तरीके अपनाने हेतु राष्ट्रों के लिए और उपभोक्ता की वकालत करने वाले समूह के लिए, एक प्रमुख हथियार था। यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उपभोक्ता आंदोलन का आधार बना। आज उपभोक्ता इंटरनेशनल 115 से भी अधिक देशों के 220 संस्थाओं का एक संरक्षक संस्था बन गया है।

इसी दिन दी गई थी उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम 1986 को मंजूरी

प्रत्येक वर्ष 24 दिसम्बर को देशभर में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। यह दिवस हर साल एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम 'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की नई विशेषताएं' तय की गई है। 24 दिसंबर के दिन ही उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम, 1986 को राष्ट्रपति की मंजूरी प्राप्त हुई थी। यह अधिनियम देश में उपभोक्ता आंदोलन में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर माना जाता है। इस अधिनियम में उपभोक्ताओं को छः उपभोक्ता अधिकार प्रदान किए गए हैं- 1. सुरक्षा का अधिकार, 2. संसूचित किए जाने का अधिकार, 3. चयन का अधिकार, 4. सुनवाई का अधिकार, 5. प्रतितोष यानी क्षतिपूर्ति पाने का अधिकार और 6. उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार।

(शेष अगले पृष्ठ पर)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

संख्यात्मक अभियोग्यता परीक्षण

(1) x तथा y की वर्तमान आयु का योग 47 वर्ष है। 5 वर्ष पश्चात उनकी आयु 8:11 के अनुपात में होगी। x की वर्तमान आयु (वर्षों में) कितनी है?
(अ) 20 (ब) 19
(स) 24 (द) 28

उत्तर - (ब) 19 वर्ष।

व्याख्या - प्रश्नानुसार माना कि x और y की वर्तमान आयु A तथा B है। इस तरह

$A+B=47$...(1) समीकरण

और $\frac{(A+5)}{(B+5)}=\frac{8}{11}$

$11A+55=8B+40$

$11A-8B=-15$...(2) समीकरण

इन समीकरणों को हल करने पर y की आयु 28 वर्ष और x की आयु 19 वर्ष आती है।

(2) एक कक्षा का औसत भार 52 किग्रा है। एक 118 किग्रा भार वाला छात्र कक्षा में नया आता है। अब भार (औसत) बढ़कर 58 किग्रा हो जाता है। बताइये कक्षा में कुल कितने छात्र हैं?
(अ) 10 (ब) 15
(स) 19 (द) 20

उत्तर - (अ) 10

व्याख्या - $52x+118=58(x+1)$

$=52x+118=58x+58$

$52x-58x=58-118$

$6x=60$

$x=60/6=10$

अतः कुल छात्र 10 हैं।

(3) एक कार्य को A अकेला 100 घंटों में तथा B अकेला 150 घंटों में कर सकता है। A, B तथा C मिलकर उसी काम को 30 घंटे में कर सकते हैं। C अकेला उस कार्य को कितने घंटों में कर सकता है?
(अ) 60 (ब) 58
(स) 55 (द) 65

उत्तर - (अ) 60 घंटों में।

व्याख्या - प्रश्नानुसार C के एक घंटे का कार्य होगा :

$$\frac{1}{30}-\left(\frac{1}{100}+\frac{1}{150}\right)$$

$$=\frac{1}{30}-\frac{5}{300}=\frac{1}{60}$$

अगर C अकेला उस कार्य को करेगा तो उसे 60 घंटे लगेंगे।

(4) यदि A : B = 3 : 1 तथा A : C = 7 : 4 है तो (A + B) : (B + C) क्या होगा?
(अ) 29:30 (ब) 28:19
(स) 19:25 (द) 25:4

उत्तर - (ब) 28:19

व्याख्या - प्रश्नानुसार A : B = 3 : 1, A : C = 7 : 4 है तो A : B : C होगा 21 : 7 : 12

अतः (A + B) : (B + C) होगा

(21 + 7) : (7 + 12) = 28 : 19

(5) किसी वस्तु को 30 रुपये में खरीदा जाता है तथा उसे 36 रु. में बेचा जाता है तो लाभ का प्रतिशत होगा -
(अ) 20 (ब) 25
(स) 35 (द) 40

उत्तर - (अ) 20

व्याख्या - प्रश्नानुसार लाभ का प्रतिशत निकालने का सूत्र होगा :

$$=\frac{\text{लाभ}}{\text{क्रय मूल्य}}\times 100$$

$$=\frac{6}{30}\times\frac{100}{1}$$

= 20 प्रतिशत

(6) यदि A, B से 60 प्रतिशत कम है, B, C से 50 प्रतिशत अधिक है, C, D से 20 प्रतिशत अधिक है। अगर D, 1500 है तो A का मान कितना होगा?
(अ) 1080 (ब) 1100
(स) 980 (द) 1200

उत्तर - (अ) 1080

व्याख्या - प्रश्नानुसार D = 1500

$$C=1500+\frac{1500\times 20}{100}=1800$$

$$B=1800+\frac{1800\times 50}{100}=2700$$

$$A=2700-\frac{2700\times 60}{100}$$

$$=2700-1620$$

A = 1080

(7) यदि एक कक्षा में 45% विद्यार्थी छात्र हैं। यदि छात्रों की संख्या 6750 है, तो कक्षा में छात्रायें कितनी हैं?
(अ) 8000 (ब) 6750
(स) 8250 (द) 12000

उत्तर - (स) 8250

व्याख्या - प्रश्नानुसार माना कि कुल विद्यार्थी संख्या 100 है, जिसमें से 45 छात्र हैं, तो शेष 55 छात्रायें हैं -

∵ 45 छात्र हैं तो छात्रायें 55 हैं

∴ 1 छात्र है तो छात्रायें $\frac{55}{45}$ हैं

∴ 6750 छात्र हैं तो छात्रायें होंगी

$$\frac{55}{45}\times 6750=8250$$

(8) ममता के पिता रमन की एक बहन है कोमल, जिसके बेटे, लोकेश की बहन का नाम दीपा है। रमन की मां का दीपा के पति से क्या संबंध है?
(अ) सास (ब) बहू
(स) ननद (द) मां

उत्तर - (अ) सास

व्याख्या - दीपा का पति दामाद हुआ और रमन की मां सास।

(9) एक लड़की का परिचय देते हुए, विपिन ने कहा, "वह मेरे पिता की बहन की मां के बेटे की बेटी है।" विपिन का उस महिला से क्या संबंध है?
(अ) भाई (ब) पिता
(स) भतीजा (द) दामाद

उत्तर - (अ) भाई

(10) A किसी कार्य को 8 दिनों में पूरा करता है जबकि B उसी काम को 10 दिनों में पूरा कर सकता है, A और B मिलकर उस काम को कितने दिनों में पूरा कर सकते हैं?
(अ) 9/40 (ब) 40/9
(स) 9 (द) 10

उत्तर - (ब) 40/9 दिनों में।

व्याख्या - प्रश्नानुसार

अभीष्ट समय $=\frac{8\times 10}{8+10}=\frac{80}{18}$ या

$4\frac{4}{9}$ या 40/9 दिन

(11) दो नल A और B एक टैंक को एक साथ 6 घंटे में भर देते हैं। नल A, B से 5 घंटे तेज टैंक को भरता है। A नल कितनी देर में (घंटों में) टैंक को भरेगा?
(अ) 8 घंटे (ब) 10 घंटे
(स) 12 घंटे (द) 14 घंटे

उत्तर - (ब) 10 घंटों में।

व्याख्या - माना कि A नल x घंटे में टैंक को भरता है तो B को अकेले समय लगेगा $(x+5)$ घंटे।

तब $\frac{1}{x}+\frac{1}{x+5}=\frac{1}{6}$

$\frac{x+5+x}{x(x+5)}=\frac{1}{6}$

$6(2x+5)=x^2+5x$

समीकरण हल करने पर $x=10$ प्राप्त होगा।

(12) रेखा 4 किमी प्रतिघंटा की दर से बगीचे में घूमने जाती है और 3 किमी प्रतिघंटा की दर से पुनः घर लौटती है। यदि उसे 5.95 किमी प्रतिघंटा लगता है तो घर और बगीचे के बीच कितनी दूरी है?
(अ) 10.2 किमी
(ब) 12 किमी
(स) 7 किमी
(द) 9 किमी

उत्तर - (अ) 10.2 किमी

व्याख्या - माना कि घर और बगीचे की दूरी x किमी है।

प्रश्नानुसार $\frac{x}{4}+\frac{x}{3}=5.95$

$\frac{3x+4x}{12}=5.95$ इसे हल करने पर

$x=10.2$ किमी आयेगा।

(13) एक कार्यक्रम में दर्शकों में 1/8 वें दर्शक 10वीं के छात्र हैं, 2/5 वें दर्शक 11वीं के छात्र हैं तथा शेष 12वीं कक्षा के छात्र हैं। यदि 12वीं कक्षा के छात्रों की संख्या 380 है तो कार्यक्रम में कुल दर्शकों की संख्या होगी -
(अ) 600 (ब) 800
(स) 500 (द) 700

उत्तर - (ब) 800

व्याख्या - माना कि कुल दर्शकों की संख्या x है तो प्रश्नानुसार

$x-\frac{x}{8}-\frac{2x}{5}=380$

$\frac{40x-5x-16x}{40}=380$

$40x-11x=380\times 40$

$x=20\times 40=800$

(14) रानी 90 मी. लंबे पूल में तैरती है। एक छोर से दूसरे छोर तक जाना तथा वापिस आना, वह दो मिनिट में, दो बार में 360 मी. की दूरी तय कर लेती है। रानी की तैरने की औसत गति है -
(अ) 3 मी/से (ब) 5 मी/से
(स) 4 मी/से (द) 6 मी/से

उत्तर - (अ) 3 मी/से।

व्याख्या - औसत चाल ज्ञात करने के सूत्र में संख्या भरने पर प्रश्नानुसार

समीकरण होगा $\frac{360}{2\times 60}=3$ मी/से

(15) 3 वर्ष में 5000 रुपये पर चक्रवृद्धि ब्याज कितना होगा, यदि पहले वर्ष ब्याज दर 4 प्रतिशत, दूसरे वर्ष 3 प्रतिशत व तीसरे वर्ष 2 प्रतिशत है?
(अ) 453 रुपये
(ब) 463.12 रुपये
(स) 418.62 रुपये
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (ब) 463.12 रुपये।

व्याख्या - सूत्रानुसार समीकरण होगा :

$$=5000\times\frac{104}{100}\times\frac{103}{100}\times\frac{102}{100}-5000$$

= 5463.12 - 5000

= 463.12 रुपये ब्याज

(16) अमित, रोहित का परिचय उसके पिता की पत्नी के इकलौते भाई के पुत्र के रूप में करता है। अमित और रोहित का क्या संबंध है?
(अ) ममेरे भाई
(ब) पिता-पुत्र
(स) चाचा-भतीजा
(द) दादा-पोते

उत्तर - (अ) ममेरे भाई

(17) A और B के बीच चार बस मार्ग हैं। B और C के बीच तीन बस मार्ग हैं। एक व्यक्ति A से C, B से होते हुए कई तरीकों से आ जा सकता है। यदि वह एक बस मार्ग को एक से अधिक बार प्रयोग नहीं करना चाहता है तो वह कितने तरीकों से आना जाना कर सकता है?
(अ) 74 (ब) 72
(स) 78 (द) 80

उत्तर - (ब) 72

व्याख्या - प्रश्नानुसार A से B के मार्गों की संख्या = 4

B से C के मार्गों की संख्या = 3

C से B के मार्गों की संख्या = (3 - 1) = 2

B से A के मार्गों की संख्या = (4 - 1) = 3

अभीष्ट मार्गों की संख्या 4 x 3 x 2 x 3 = 72

(18) यदि किसी सांकेतिक भाषा में 9 x 3 = 3, 27 x 3 = 9, 15 x 3 = 5 है तो 60 x 5 कितना होगा -
(अ) 60 (ब) 9
(स) 5 (द) 12

उत्तर - (द) 12

व्याख्या - प्रश्नानुसार x चिन्ह के स्थान पर भागित का उपयोग करना है।

(19) 5 घंटे प्रतिदिन कार्य करने पर रौनक एक कार्य को 24 दिनों में पूर्ण करता है। यदि वह कार्य 8 दिनों में पूरा किया जाना है तो रौनक को प्रतिदिन कितना कार्य करना होगा?
(अ) 15 घंटे (ब) 12 घंटे
(स) 18 घंटे (द) 20 घंटे

उत्तर - (अ) 15 घंटे

व्याख्या - प्रश्नानुसार रौनक को उस कार्य को करने में 24 x 5 = 120 घंटे लगते हैं। 8 दिनों में कार्य करने के लिये उसे 120/8 = 15 घंटे लगेंगे।

- डॉ. माया राठी
(लेखिका, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय भोपाल में अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका हैं)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 से तीन दशक पुराने कानून में हुआ बदलाव

नया उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 कुछ महीने पहले 20 जुलाई, 2020 को लागू किया गया है। यह उपभोक्ताओं को सशक्त करने के साथ ही उनके अधिकारों की रक्षा करने में भी मदद करेगा। नया अधिनियम पुराने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 की तुलना में तीव्रता से और कम समय में कार्यों का निपटान करेगा। पुराना अधिनियम न्याय हेतु सिंगल-प्वाइंट पहुंच के कारण ज्यादा समय लेता था। नया अधिनियम उपभोक्ताओं को सशक्त बनायेगा और इसके विभिन्न अधिसूचित नियमों व उपभोक्ता संरक्षण परिषदों, उपभोक्ता विवाद निवारण आयोगों, मध्यस्थता, उत्पाद दायित्व तथा मिलावटी और नकली सामान वाले उत्पादों के निर्माण या बिक्री के लिए सजा जैसे प्रावधानों के माध्यम से उनके अधिकारों की रक्षा करने में मदद करेगा। इस अधिनियम में ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स के अनुचित व्यापार चलन को रोकने के लिए नियम भी शामिल किए गए हैं। इस अधिनियम के तहत ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स को 48 घंटों के भीतर उपभोक्ता को शिकायत प्राप्ति की सूचना देनी होगी और शिकायत प्राप्ति की तारीख से एक महीने के भीतर उसका निपटारा करना होगा। नया अधिनियम उत्पाद दायित्व की अवधारणा को प्रस्तुत करता है और मुआवजे के किसी भी दावे के लिए उत्पाद निर्माता, उत्पाद सेवा प्रदाता और उत्पाद विक्रेता को इसके दायरे में लाता है।

नए अधिनियम में मध्यस्थता का एक वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र प्रदान किया गया है। ये इस अधिनिर्णय प्रक्रिया को सरल करेगा। उपभोक्ता आयोगों के तत्त्वावधान में स्थापित किए जाने वाले मध्यस्थता प्रकोष्ठों में मध्यस्थता आयोजित की जाएगी। मध्यस्थता के माध्यम से होने वाले निपटान के खिलाफ कोई अपील नहीं होगी।

नया अधिनियम उत्पाद दायित्व की अवधारणा को भी लाया है। मुआवजे के लिए यह किसी भी दावे के लिए उत्पाद निर्माता, उत्पाद सेवा प्रदाता और उत्पाद विक्रेता को अपने दायरे में लाता है। इस अधिनियम में एक सक्षम न्यायालय द्वारा मिलावटी और नकली सामानों के निर्माण या बिक्री के लिए सजा का प्रावधान है। इसमें पहली बार दोषी पाए जाने की स्थिति में संबंधित अदालत दो साल तक की अवधि के लिए व्यक्ति को जारी किए गए किसी भी लाइसेंस को निलंबित कर सकती है और दूसरी बार या उसके बाद दोषी पाए जाने पर उस लाइसेंस को रद्द कर सकती है।

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए)

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) की स्थापना 24 जुलाई, 2020 से की जा चुकी है। सीसीपीए द्वारा अपना काम आईआईपीए परिसर किया जाएगा। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण का उद्देश्य एक वर्ग के रूप में उपभोक्ताओं के अधिकारों को बढ़ावा देना, उनकी रक्षा करना और उसे लागू करना है। सीसीपीए के पास उपभोक्ता के अधिकारों का उल्लंघन करने और संस्थानों के प्रति शिकायतों और अभियोजनों, असुरक्षित वस्तुओं और सेवाओं को वापस बुलाने, अनुचित विक्रय प्रथाओं और भ्रामक विज्ञापनों को बंद करवाने का आदेश देने, भ्रामक विज्ञापनों के लिए विनिर्माताओं, समर्थनकर्ताओं और प्रकाशकों पर जुर्माना लगाने का अधिकार होगा। प्राधिकरण को गलतफहमी पैदा करने वाले या झूठे विज्ञापनों के निर्माताओं या उनको समर्थन करने वालों पर 10 लाख रुपये तक का जुर्माना तथा दो वर्ष कारावास का दंड लगाने का अधिकार होगा। इस अधिनियम के प्रावधानों को प्रभावी बनाने के लिए कुछ नियमों को अधिसूचित किया गया है और उन्हें 20 जुलाई, 2020 से प्रभावी बनाया गया है वो इस प्रकार से हैं। 1. उपभोक्ता संरक्षण (सामान्य) नियम, 2020, 2. उपभोक्ता संरक्षण (केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण परिषद) नियम, 2020, 3. उपभोक्ता संरक्षण (उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग) नियम, 2020, 4. उपभोक्ता संरक्षण (मध्यस्थता) नियम, 2020, 5. उपभोक्ता संरक्षण (राज्य और जिला आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की सेवा के लिए वेतन, भत्ता और शर्त) मॉडल नियम, 2020, 6. उपभोक्ता संरक्षण (नियुक्ति की अर्हता, भर्ती की प्रक्रिया, नियुक्ति की प्रक्रिया, सेवा की अवधि, इस्तीफा और राज्य और जिला आयोग के सदस्यों की सेवा समाप्ति) नियम, 2020 और 7. उपभोक्ता संरक्षण (ई-कॉमर्स) नियम, 2020.

(शेष अगले पृष्ठ पर)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

तर्कशक्ति

प्र. (1-5) निम्नलिखित पहेली को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -
आठ व्यक्ति P, Q, R, S, T, U, V, W एक वर्ष के विभिन्न महीनों अर्थात - मार्च, अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त, सितंबर और अक्टूबर में छुट्टियों पर जाते हैं। S, 31 दिन वाले माह में छुट्टी पर जाता है। R और S के बीच तीन व्यक्ति छुट्टी पर जाते हैं। P, T से ठीक पहले जाता है, लेकिन उस महीने में नहीं जाता जिसमें 31 दिन हैं। W और Q के बीच केवल दो व्यक्ति छुट्टी पर जाते हैं। T, S से पहले एक महीने में छुट्टी पर जाता है। U और V के बीच केवल एक व्यक्ति छुट्टी पर जाता है। W, S से पहले जाता है। U, Q के बाद नहीं जाता है।
प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्र. (1) निम्न में से कौन मई में छुट्टी पर जाता है?
(a) P (b) S
(c) R (d) T

प्र. (2) R किस माह में छुट्टी पर जाता है?
(a) अगस्त (b) मार्च
(c) जून (d) सितम्बर

प्र. (3) W और V के मध्य कितने लोग छुट्टी पर जाते हैं?
(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

प्र. (4) निम्न में से कौन अन्य से भिन्न है?
(a) V (b) S
(c) R (d) Q

प्र. (5) जून में कौन छुट्टियों पर जाता है?
(a) P (b) U
(c) W (d) T

उत्तर - **(1-5)**
(1) → (d) T
(2) → (b) मार्च
(3) → (c) तीन (3)
(4) → (d) Q
(5) → (c) W

व्याख्या - **(1-5)** प्रश्नानुसार,

माह		व्यक्ति
मार्च (31)	→	R
अप्रैल (30)	→	P
मई (31)	→	T
जून (30)	→	W
जुलाई (31)	→	S
अगस्त (31)	→	U
सितम्बर (30)	→	Q
अक्टूबर (31)	→	V

प्र. (6) **कथन -**
सभी Chocolates, Tofee हैं।
कुछ Toffee, Lollipop हैं।
कुछ Candy, Lollipop हैं।
निष्कर्ष -
(a) कुछ Toffee, Chocolate हैं।
(b) कुछ Lollipop, Toffee नहीं हैं।

उत्तर - केवल (a) सत्य है।

व्याख्या - कथनानुसार,



∵ (a) ✓
(b) x

प्र. (7) **कथन -**
कुछ News, Impact हैं।
कुछ Impact, Reactions हैं।
सभी Reactions, Important हैं।
निष्कर्ष -
(a) कुछ Important के News होने की संभावना है।
(b) कोई Reactions, Impact नहीं हैं।

उत्तर - केवल (a) सत्य है।

व्याख्या - कथनानुसार,



∵ (a) ✓
(b) x

प्र. (8) **कथन -**
सभी Great, Achievement हैं।
सभी Achievement, Stable हैं।
सभी Focus, Stable हैं।
निष्कर्ष -
(a) कुछ Achievements, Focus हो सकते हैं।
(b) सभी Great, Stable हैं।

उत्तर - दोनों सत्य हैं।

व्याख्या - कथनानुसार,

∵ (a) ✓
(b) ✓

प्र. (9) **कथन -**
कुछ Nice, Good हैं।
सभी Good, Fine हैं।
सभी Fine, Excellent हैं।
निष्कर्ष -
(a) कुछ Fine, Good नहीं है।
(b) कुछ Nice, Excellent हैं।

उत्तर - केवल (b) सत्य है।

व्याख्या - कथनानुसार,



∵ (a) x
(b) ✓

प्र. (10) **कथन -**
कुछ Straight, Line हैं।
कुछ Straight, Diagonal हैं।
कुछ Divide, Line हैं।
निष्कर्ष -
(a) कुछ Straight, Divide हो सकते हैं।
(b) कुछ Straight, Divide हैं।

उत्तर - केवल (a) सत्य है।

व्याख्या - कथनानुसार,



∵ (a) ✓
(b) x

प्र. (11) **यदि संख्या 4328916 में 6 से बड़े प्रत्येक अंक में से 2 घटाया जाता है और 6 से छोटे या 6 के बराबर प्रत्येक अंक में 1 जोड़ा जाता है, उसके बाद अंकों को बाएं से दाएं बढ़ते क्रम में व्यवस्थित किया जाता है, तो दाएं छोर से तीसरे स्थान पर कौन सा अंक होगा -**
(a) 6 (b) 5
(c) 7 (d) 4

उत्तर - (a) 6

व्याख्या - 4 3 2 8 9 1 6
प्रश्नानुसार,
→ 5 4 3 6 7 2 7
→ 2 3 4 5 (6) 7 7

प्र. (12) **एक पुरुष एक महिला से कहता है, "तुम्हारी माता मेरे इकलौते पुत्र के ग्रैंडफादर की पत्नी है।" वह महिला उस पुरुष से किस प्रकार संबंधित है?**
(a) बहन (b) आंटी
(c) पुत्री (d) माता

उत्तर - (a) बहन

व्याख्या -



अतः वह महिला उस व्यक्ति की बहन है।

प्र. (13-17) दिए गए प्रश्न निम्न छः संख्याओं पर आधारित हैं -
827 389 485 654 578 217

प्र. (13) **यदि इन संख्याओं में से प्रत्येक के क्रमशः दूसरे और तीसरे अंक को लेकर दो अंकों की संख्या बनाई जाए और फिर इन दो अंकों की संख्याओं में से प्रत्येक के दोनों अंकों को आपस में बदल दिया जाए, तो दी गयी संख्याओं में से कौन सी संख्या, पुनर्निर्मित रूप से दूसरी सबसे बड़ी संख्या होगी?**
(a) 389 (b) 485
(c) 578 (d) 827

उत्तर - (c) 578

व्याख्या - प्रश्नानुसार,
827 389 485 654 578 217
27 89 85 54 78 17
72 98 58 45 (87) 71

प्र. (14) **यदि इन संख्याओं को उनके अंकों के साथ उल्टे क्रम में लिखा जाता है तो उनमें से कौन सी संख्या तीसरी सबसे बड़ी होगी?**
(a) 485 (b) 827
(c) 217 (d) 654

उत्तर - (b) 827

व्याख्या - प्रश्नानुसार,
827 389 485 654 578 217
(728) 983 584 456 875 712

प्र. (15) **यदि प्रत्येक संख्या के पहले दो अंक आपस में बदल दिए जाएं, तो इन संख्याओं में से कौन सी दूसरी सबसे छोटी संख्या होगी?**
(a) 485
(b) 645
(c) 217
(d) 827

उत्तर - (d) 827

व्याख्या - प्रश्नानुसार,
827 389 485 654 578 217
(287) 839 845 564 758 127

प्र. (16) **यदि दी गई संख्याओं में से प्रत्येक में एक जोड़ा जाता है और फिर प्रत्येक संख्याओं के अंकों को अबरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है, तो सबसे छोटी संख्या कौन सी होगी?**
(a) 485 (b) 654
(c) 578 (d) 217

उत्तर - (b) 654

व्याख्या - प्रश्नानुसार,
827 389 485 654 578 217
828 390 486 655 579 218
882 930 864 (655) 975 821

प्र. (17) **यदि सभी संख्याओं के मध्य अंक में से एक घटाया जाता है और फिर अंकों को आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है, तो दूसरी सबसे छोटी संख्या क्या होगी?**
(a) 485 (b) 654
(c) 827 (d) 217

उत्तर - (c) 827

व्याख्या - प्रश्नानुसार,
827 389 485 654 578 217
817 379 475 644 568 207
(178) 379 457 446 568 027

प्र. (18-21) **आठ व्यक्ति P, Q, R, S, T, U, V और W एक वर्गाकार मेज पर बैठे हैं। जो व्यक्ति कोनों पर बैठे हैं, वे बाहर की ओर मुख किए हुए हैं और जो मध्य में बैठे हैं, वे केन्द्र की ओर मुख किए हुए हैं। S, P के दाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। T, S के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। W, R के बाएं से दूसरे स्थान पर है। Q और V के बीच एक व्यक्ति बैठा है। W बाहर की ओर मुख किया है। Q की ओर देखने वाला व्यक्ति U के दाएं तीसरे स्थान पर है। प्रश्न :-**

प्र. (18) **U के ठीक बाएं कौन बैठा है?**
(a) Q (b) S
(c) T (d) V

प्र. (19) **P के सामने कौन बैठा है?**
(a) T (b) R
(c) W (d) U

प्र. (20) **Q के दायीं ओर से गिनने पर, W और Q के बीच कितने लोग हैं?**
(a) 2 (b) 0
(c) 3 (d) 4

प्र. (21) **R के बाएं तीसरे स्थान पर कौन है?**
(a) W (b) S
(c) P (d) Q

उत्तर - **(18-21)**
(18) → (a) Q
(19) → (c) W
(20) → (d) 4
(21) → (b) S

व्याख्या - प्रश्नानुसार,



प्र. (22) **राम की रैंक शीर्ष से 25 है और नीचे से 19 है तो कक्षा में कुल कितने बच्चे हैं?**
(a) 44 (b) 40
(c) 42 (d) 43

उत्तर - (d) 43

व्याख्या - Total = (Top + Bottom) -1
= (25 + 19) -1
= 44 - 1
= 43

प्र. (23-25) निम्नलिखित श्रृंखला को पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर दीजिए -
9 U 1 Q * 7 B $ * G & A N # E 3 V@ 6 R 6 X 3 2 D 8 % W 2 4

प्र. (23) **ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनके पहले प्रतीक और बाद में वर्ण हैं?**
(a) 2 (b) 4
(c) 3 (d) 1

उत्तर - (a) 2

व्याख्या - * 7 B, @ 6 R

प्र. (24) **इनमें से क्या श्रृंखला के दाएं छोर से 21वां है?**
(a) & (b) *
(c) G (d) N

उत्तर - (c) G

प्र. (25) **ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनके पहले संख्या और बाद में स्वर हैं?**
(a) 2 (b) कोई नहीं
(c) 1 (d) 4

उत्तर - (b) कोई नहीं

- ऋचा दुबे
(लेखिका, बैंकिंग परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लिखती हैं)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग

राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) विवादों के निवारण के लिए सस्ती और त्वरित सेवा प्रदान करता है। आप वाद सूचियों, निर्णयों, मुकदमे की स्थिति, दैनिक निर्णयों, उपभोक्ता के अधिवक्ता और शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया के बारे में इसकी वेबसाइट पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वहां आयोग के सदस्यों, राज्य आयोगों, जिले के उपभोक्ता फोरम और उपभोक्ता संरक्षण कानून के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई गई है। राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग द्वारा 24 जुलाई, 2020 से कुछ प्रभावी विनियमों को अधिसूचित किया गया है जो इस प्रकार हैं- 1. उपभोक्ता संरक्षण (उपभोक्ता आयोग प्रक्रिया) विनियम, 2020, 2. उपभोक्ता संरक्षण (राज्य और जिला आयोग के लिए प्रशासनिक नियंत्रण) विनियम, 2020 और 3. उपभोक्ता संरक्षण (मध्यस्थता) विनियम, 2020।

नए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के नियमों के अनुसार 5 लाख रुपये तक का मामला दर्ज करने के लिए कोई शुल्क नहीं लगेगा। इलेक्ट्रॉनिक रूप से शिकायतें दर्ज करने के लिए भी इसमें प्रावधान है, न पहचाने जाने वाले उपभोक्ताओं की देय राशि को उपभोक्ता कल्याण कोष (सीडब्ल्यूएफ) में जमा किया जाएगा। नौकरियों, निपटान, लंबित मामलों और अन्य मसलों पर राज्य आयोग हर तिमाही केंद्र सरकार को जानकारी देंगे।

- रश्मि रंजन
(लेखिका समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

54 अन्तर्राज्यीय जांच चौकियां बन्द

भोपाल, राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा प्रदेश की 259 कृषि उपज मंडी समितियों के माध्यम से 7210 कृषकों को 55 करोड़ 55 लाख रुपये की राशि उपलब्ध कराई है। मंडी बोर्ड द्वारा कृषकों के हित में कृषि उपज मंडियों द्वारा संचालित 54 अन्तर्राज्यीय जाँच चौकियों को बन्द कर दिया गया है।

राज्य कृषि विपणन बोर्ड के संयुक्त संचालक द्वारा बताया गया है कि मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना अन्तर्गत विगत पाँच वर्षों में 2693 कृषकों को 50 करोड़ 37 लाख रुपये की राशि उपलब्ध कराई है। उन्होंने बताया है कि कृषि विपणन पुरस्कार योजनान्तर्गत विगत पाँच वर्षों में 4517 कृषकों को 5 करोड़ 18 लाख रुपये प्रदान किये गये हैं। मुख्यमंत्री कृषक भोजन योजनान्तर्गत प्रदेश की कृषि उपज मंडी समितियों में रियायती दर पर 5 रुपये प्रति थाली किसानों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न - हिन्दी

1. 'मुर्दों का टीला' उपन्यास के उपन्यासकार कौन हैं?
(A) रांगेय राघव
(B) नागार्जुन
(C) फणीश्वरनाथ रेणु
(D) भगवतीचरण वर्मा
उत्तर :- (A) रांगेय राघव

2. चन्द्रधर शर्मा गुलेरी की प्रथम कहानी कब प्रकाशित हुई थी?
(A) 1911 ई. (B) 1912 ई.
(C) 1914 ई. (D) 1915 ई.
उत्तर :- (D) 1915 ई.

3. हास्य रस सम्बन्धी कहानी संग्रह 'मेरी हजामत' के लेखक हैं?
(A) श्री निवास जोशी
(B) राधाकृष्ण
(C) अन्नपूर्णानंद
(D) मधुसुदन
उत्तर :- (C) अन्नपूर्णानंद

4. 'धर्म क्षेत्रे-कुरू क्षेत्रे' कहानी संग्रह के लेखक हैं?
(A) अखिलेश
(B) नमिता सिंह
(C) शिवप्रसाद सिंह
(D) दूधनाथ सिंह
उत्तर :- (D) दूधनाथ सिंह

5. 'जानकी मंगल' नामक नाट्य कृति के रचयिता कौन हैं?
(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(B) जयशंकर प्रसाद
(C) शीतला प्रसाद त्रिपाठी
(D) वाल कृष्ण भट्ट
उत्तर :- (C) शीतला प्रसाद त्रिपाठी

6. महाकवि कालिदास के जीवन पर आधारित मोहन राकेश का कौन-सा नाटक है?
(A) आधे अधूरे
(B) लहरों के राजहंस
(C) पैर तले की जमीन
(D) आषाढ़ का एक दिन
उत्तर :- (D) आषाढ़ का एक दिन
उत्तर :- (D) आषाढ़ का एक दिन

7. 'डॉक्टर' नाटक के नाटककार हैं?
(A) जगदीश प्रसाद माथुर
(B) विष्णु प्रभाकर
(C) मोहन राकेश
(D) उपेन्द्रनाथ अश्क
उत्तर :- (B) विष्णु प्रभाकर

8. प्रसिद्ध नाटक 'अपना-अपना जूता' के लेखक हैं?
(A) मन्नू भंडारी
(B) शिव प्रसाद सिंह
(C) सुदर्शन चौपड़ा
(D) लक्ष्मीकांत वर्मा
उत्तर :- (D) लक्ष्मीकांत वर्मा

9. 'नदी प्यासी थी' एकांकी के रचनाकार हैं?
(A) धर्मवीर भारती
(B) विनोद रस्तोगी
(C) विष्णु प्रभाकर
(D) मोहन राकेश
उत्तर :- (A) धर्मवीर भारती

10. 'नाटक जारी है' रचना किस विधा की है?
(A) निबंध (B) नाटक
(C) उपन्यास (D) कविता
उत्तर :- (D) कविता

11. निम्न भाषाओं के कालक्रम के अनुसार कौनसा क्रम सही है?
(A) संस्कृत, पालि, प्राकृत, अपभ्रंश
(B) पालि, संस्कृत, अपभ्रंश, प्राकृत
(C) अपभ्रंश, पालि, प्राकृत, संस्कृत
(D) अपभ्रंश, पालि, संस्कृत, प्राकृत
उत्तर :- (A) संस्कृत, पालि, प्राकृत, अपभ्रंश

12. असत्य कथन का चयन करें?
(A) 'प्रताप' कानपुर से प्रकाशित होता था
(B) 'उदन्त मार्तण्ड' कलकत्ता से प्रकाशित होता था
(C) 'हिन्दी प्रदीप' लखनऊ से प्रकाशित होता था
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर :- (C) 'हिन्दी प्रदीप' लखनऊ से प्रकाशित होता था।

13. दुःख सबको मांजता है
और चाहे स्वयं को मुक्ति देना वह न जाने
किन्तु जिनको मांजता है उन्हें सीख देता है कि सबको मुक्त रखें
उपरोक्त पंक्ति किस रचनाकार की है?
(A) मुक्तिबोध
(B) भारतेन्दु
(C) अज्ञेय
(D) धर्मवीर भारती
उत्तर :- (C) अज्ञेय

14. अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' द्वारा रचित 'प्रिय प्रवास' व 'वैदेही वनवास' की भाषा है?
(A) अवधी (B) उर्दू
(C) खड़ी बोली (D) बंगाली
उत्तर :- (C) खड़ी बोली

15. 'मैथिल कोकिल' के नाम से प्रसिद्ध हैं?
(A) अमीर खुसरो
(B) शिवसिंह सेंगर
(C) जॉर्ज ग्रियर्सन
(D) विद्यापति
उत्तर :- (D) विद्यापति

16. 'आल्हा खण्ड' किस ग्रंथ से संबंधित है?
(A) पृथ्वीराज रासो
(B) खुमाण रासो
(C) परमाल रासो
(D) बिजयपाल रासो
उत्तर :- (C) परमाल रासो

17. 'काहे री नलिनी तू कुम्हिलानी' यह पंक्ति किस कवि की है?
(A) गुरुनानक देव
(B) कबीरदास
(C) दादूदयाल
(D) हरिदास निरंजनी
उत्तर :- (B) कबीरदास

18. आलवार भक्त किन्हें कहा जाता है?
(A) वैष्णवों को (B) शैवों को
(C) शाक्तों को (D) सिद्धों को
उत्तर :- (A) वैष्णवों को

19. 'भूलि चकोर दीठि मुख लावा/मेघ घटा मह चन्द दिखावा/ यह पंक्ति किस ग्रंथ से ली गई है?
(A) ज्ञानदीप (B) पद्मावत
(C) हंस जवाहिर (D) मधु मालती
उत्तर :- (B) पद्मावत

20. 'दूलह राम सीय दुलही रि' पंक्ति किस ग्रंथ से हैं?
(A) रामचरित मानस
(B) गीतावली
(C) कवितावली
(D) बरवै रामायण
उत्तर :- (B) गीतावली

21. तुलसीदास को कालिदास का वाल्मीकि किसने कहा है?
(A) रामचन्द्र शुक्ल
(B) ग्रियर्सन
(C) नाभादास
(D) महावीर प्रसाद द्विवेदी
उत्तर :- (C) नाभादास

22. श्रृंगार चालीसा, श्रृंगार लतिका और श्रृंगार वत्तीसी किसकी रचनाएँ हैं?
(A) गुमान मिश्र (B) रामसिंह
(C) सेनापति (D) द्विजदेव
उत्तर :- (D) द्विजदेव

23. गागर में सागर भरने वाले कवि हैं?
(A) बोधा (B) बिहारी
(C) आलम (D) भूषण
उत्तर :- (B) बिहारी

24. 'चूरन साहब लोग जो खाता, सारा हिन्द हजम कर जाता' पंक्ति किस नाटक की है?
(A) अंधेर नगरी
(B) भारत दुर्दशा
(C) अन्धा युग
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर :- (A) अंधेर नगरी

25. 'अभिज्ञान शाकुंतलम्' का खड़ी बोली में अनुवाद किसने किया?
(A) राजा शिवप्रसाद 'सितारे हिंद'
(B) राजा लक्ष्मण सिंह
(C) भारतेन्दु हरिशचन्द्र
(D) राधाचरण गोस्वामी
उत्तर :- (B) राजा लक्ष्मण सिंह

26. 'अबे! सुन बे गुलाब' पंक्ति किस कविता से है?
(A) ब्रह्म राक्षस
(B) असाध्य वीणा
(C) राम की शक्ति पूजा
(D) कुकुरमुत्ता
उत्तर :- (D) कुकुरमुत्ता

27. मुन्शी प्रेमचन्द ने अपने किस उपन्यास में 'दहेज प्रथा' और 'अनमेल विवाह' को चित्रित किया है?
(A) निर्मला (B) सेवा सदन
(C) कर्मभूमि (D) गोदान
उत्तर :- (A) निर्मला

28. 'कंकाल' उपन्यास के लेखक हैं?
(A) जी.पी. श्रीवास्तव
(B) पाण्डेय बेचन शर्मा 'उग्र'
(C) जयशंकर प्रसाद
(D) धर्मवीर भारती
उत्तर :- (C) जयशंकर प्रसाद

29. अपभ्रंश के भेद नागर, उपनागर व ब्राचड किसने दिए हैं?
(A) हेमचन्द्र (B) विद्यापति
(C) लक्ष्मीधर (D) मार्कण्डेय
उत्तर :- (D) मार्कण्डेय

30. 'महाभोज' किसकी रचना है?
(A) कृष्णा सोबती
(B) शिवानी
(C) ऊषा प्रियंवदा
(D) मन्नू भंडारी
उत्तर :- (D) मन्नू भंडारी

31. मधुमालती के नायक का नाम है?
(A) रत्नसेन (B) माधव
(C) मनोहर (D) ऋतुपर्ण
उत्तर :- (C) मनोहर

32. सूरदास की मृत्यु पर निम्नलिखित पंक्ति किस कवि ने कही - 'पुष्टि मारग को जहाज जात है, सो जाको कछु लेना हो सो लेऊ'?
(A) राघवानन्द (B) नन्ददास
(C) विट्ठलदास (D) कुंभनदास
उत्तर :- (C) विट्ठलदास

33. रस रहस्य के रचयिता हैं?
(A) कुलपति मिश्र
(B) रत्नाकर
(C) मतिराम
(D) जसवंत सिंह
उत्तर :- (A) कुलपति मिश्र

34. गुरूमुखी लिपि में 'रामायण' किसने लिखी है?
(A) राजशेखर
(B) हृदयराम
(C) कपूरचन्द त्रिखा
(D) प्राणचन्द्र चौहान
उत्तर :- (C) कपूरचन्द त्रिखा

35. घनानंद की प्रेमिका का क्या नाम था?
(A) मंजुला (B) सुजान
(C) प्रांजल (D) त्रिवेणी
उत्तर :- (B) सुजान

36. 'आनन्द कादम्बिनी' पत्रिका का प्रकाशन कहाँ से होता था?
(A) मिर्जापुर (B) सहारनपुर
(C) मेरठ (D) दिल्ली
उत्तर :- (A) मिर्जापुर

37. तार सप्तक का प्रकाशन किसके सम्पादकत्व में हुआ?
(A) गजानन्द माधव मुक्तिबोध
(B) नागार्जुन
(C) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय'
(D) शमशेर बहादुर सिंह
उत्तर :- (C) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय'

38. इनमें से कौन-सा एक नई कविता का हस्ताक्षर नहीं है?
(A) कुँवर नारायण
(B) नेमीचन्द जैन
(C) विजयदेव नारायण साही
(D) केदारनाथ सिंह
उत्तर :- (B) नेमीचन्द जैन

39. रस का सर्वप्रथम विस्तृत शास्त्रीय विवेचन किसने किया है?
(A) शंकुक
(B) राजशेखर
(C) भट्ट लोल्लट
(D) भरत मुनि
उत्तर :- (D) भरत मुनि

40. रस सिद्धांत के संबंध में 'अनुमिति-वाद' के प्रतिष्ठापक आचार्य हैं ?
(A) भट्ट लोल्लट
(B) भट्ट नायक
(C) शंकुक
(D) अभिनव गुप्त
उत्तर :- (C) शंकुक

41. 'सतह से उठता आदमी' की विधा है?
(A) लघु उपन्यास
(B) संस्मरण
(C) कहानी
(D) डायरी
उत्तर :- (C) कहानी

42. मुन्शी प्रेमचन्द का वास्तविक नाम क्या है?
(A) श्रीपत राय (B) अमृत राय
(C) धनपत राय (D) विवेकी राय
उत्तर :- (C) धनपत राय

43. 'पुष्प की अभिलाषा' किसकी रचना है?
(A) सुभद्रा कुमारी चौहान
(B) माखनलाल चतुर्वेदी
(C) सोहनलाल द्विवेदी
(D) सियारामशरण गुप्त
उत्तर :- (B) माखनलाल चतुर्वेदी

44. 'बदबू' किसकी कहानी है?
(A) शेखर जोशी
(B) मोहन राकेश
(C) मन्नू भंडारी
(D) अमरकांत
उत्तर :- (A) शेखर जोशी

45. 'बैर क्रोध का अचार या मुरब्बा' है - किसकी उक्ति है?
(A) बालकृष्ण भट्ट
(B) प्रेमघन
(C) रामचन्द्र शुक्ल
(D) रामधारी सिंह 'दिनकर'
उत्तर :- (C) रामचन्द्र शुक्ल

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं)

स्मृति शेष

नृत्य शैलियों में नवाचार के समर्थक थे अस्ताद देबू

प्रख्यात नर्तक और नृत्य शैलियों में नवाचार के प्रणेता 73 वर्षीय अस्ताद देबू का 10 दिसम्बर को मुंबई में निधन हो गया। भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैलियों, कथक और कथकली में पारंगत देबू ने दोनों नृत्य विधाओं को मिलाकर अनूठी नृत्य शैली पेश करके प्रसिद्धी हासिल की। अस्ताद देबू का जन्म गुजरात के नवसारी में 13 जुलाई, 1947 को हुआ था। देबू ने युवावस्था में गुरु प्रह्लाद दास से कथक सीखा। बाद में उन्होंने गुरु ई.के. पाणिक्कर से कथकली का प्रशिक्षण लिया। देबू अविस्मरणीय प्रस्तुतियों की एक व्यापक विरासत छोड़कर गये हैं। कला के प्रति अपने समर्पण के कारण उन्होंने हजारों दोस्तों और प्रशंसकों के दिलों में जगह बनाई। उनके परिवारजन उनके मित्रों और देश-दुनिया में शास्त्रीय और आधुनिक नृत्य विरादरी के लिए उनका जाना एक अपूरणीय क्षति है। फिल्म अभिनेता अनुपम खेर ने उनके निधन पर कहा कि आधुनिक नृत्य शैली ने अपने पुरोधा को खो दिया है और भारत ने अपनी एक सांस्कृतिक निधि गंवा दी है।

नृत्य शैलियों के संलयन गढ़ने के कारण पहचाने जाते हैं देबू

देबू ने परंपरागत एवं आधुनिक शैली को मिलाकर नृत्य की एक नयी विधा तैयार की। कथक के साथ-साथ कथकली के भारतीय शास्त्रीय नृत्य रूप को, एक अद्वितीय संलयन के रूप में गढ़ने के नवाचार के लिये पहचाने जाने वाले नृत्यगुरु अस्ताद देबू एक प्रयोगधर्मी कलाकार थे। अपनी प्रयोगधर्मी शैली में उन्होंने कई देशों में एकल, सामूहिक और युगल नृत्य की प्रस्तुतियां दीं।

वह समकालीन आधुनिक नृत्य अग्रदूत और इस क्षेत्र में नवाचार के प्रणेता के रूप में जाने जाते हैं। उनके नृत्य और समन्वित नृत्य शैली से कई युवाओं ने प्रेरणा ली। उम्र के इस पड़ाव पर जब कलाकारों की सक्रियता लगभग चुक जाती है वो सतत सक्रिय रहे। अस्ताद देबू एक आधुनिक नृत्य शब्दावली बनाने के लिए जाने जाते हैं जो विशिष्ट रूप से भारतीय थी।

धुन के पक्के देबू की आसान नहीं रही कला यात्रा

देबू की कला यात्रा आसान नहीं रही, मगर धुन के पक्के अस्ताद ने समकालीन नृत्य रूपों को साधा। ऐसे

समय में जब वैश्विक अथवा अंतर्राष्ट्रीय नृत्य का विचार आज जितना लोकप्रिय नहीं था, तब देबू ने दुनिया भर से नृत्य शैलियों को अपनाया। यह सब वैसे भारतीय शास्त्रीय नृत्य रूप सीखने के साथ ही उन्होंने शुरू किया था। उन्होंने जमशेदपुर और कोलकाता में कथक में विधिवत शिक्षा ली। माता-पिता ने सहारा दिया। भारत में आने वाली अमेरिकी डांस कंपनी के अमूर्त नृत्य को देखने के बाद उनके जीवन ने एक अलग मोड़ लिया। भारत में चाहे वह उदय शंकर के प्रयोग हों या मणिपुरी और कथकली के गांव के प्रयोग, सभी देबू ध्यान से देख रहे थे और आत्मसात कर रहे थे। इस बीच अस्ताद कुछ फिल्मों से भी जुड़े मगर उसमें जज़्ब नहीं हुए।

देबू संभवतः पहले पेशेवर पूर्णकालिक नर्तक थे

जब पूर्णकालिक कला की अवधारणा प्रचलित नहीं थी, तो देबू ने पूर्णकालिक

(शेष अगले पृष्ठ पर)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

सामान्य गणित

1. यदि 20 और 45 का मध्यानुपाती x है, तो x और 120 का मध्यानुपाती ज्ञात कीजिये?
(a) 15 (b) 30
(c) 60 (d) 75

उत्तर- (c) 60

व्याख्या- दो संख्याओं का मध्यानुपाती उनके गुणनफल के वर्गमूल के बराबर होता है।

$\Rightarrow$ 20 और 45 का मध्यानुपाती $= \sqrt{(20\times45)}$
$= \sqrt{900=30}$
$\Rightarrow x = 30$

30 और 120 का मध्यानुपाती $= \sqrt{30\times120}$
$= \sqrt{3600}$
$x = 60$

2. रु. 2000 की धन राशि, 4 वर्ष और 8 महीनों की अवधि में रु. 300 का साधारण ब्याज देती है, तो वार्षिक ब्याज दर क्या है?
(a) 4.23% (b) 3.21%
(c) 4.67% (d) 5.56%

उत्तर- (b) 3.21%

व्याख्या- साधारण ब्याज का सूत्र है,

$\Rightarrow SI = \frac{PRT}{100}$

जहां, P = मूलधन, R = ब्याज दर, T = अवधि
निवेश की अवधि है,

4 वर्ष और 8 महीने $= 4\frac{8}{12}$ वर्ष $= \frac{14}{3}$ वर्ष

अब, साधारण ब्याज के सूत्र के अनुसार,

$\Rightarrow 300 = \frac{2000\times R\times14}{3\times100}$

$\Rightarrow R = 3.21\%$

3. एक 25 मीटर ऊंचा खंभा 27.5 मीटर लंबी छाया बनाता है। समान परिस्थितियों में कितनी ऊंची इमारत 68.75 मीटर लंबी छाया बनायेगी?
(a) 62.5 मीटर (b) 66.25 मीटर
(c) 71.35 मीटर (d) 75.62 मीटर

उत्तर- (a) 62.5 मीटर

व्याख्या- माना कि इमारत की ऊंचाई x मीटर है। जितनी अधिक छाया की लंबाई, उतनी अधिक ऊंचाई तो यह एक समानुपातिक स्थिति है।

$25 : 27.5 :: x : 68.75$
$x = (25 \times 68.75/27.5) = 62.5$ मीटर

4. एक व्यक्ति ने 4% की सालाना चक्रवृद्धि ब्याज की दर पर 2550 रुपये लिये जिसका भुगतान उसे 2 साल के अंत तक दो समान किस्तों में करना है। व्यक्ति द्वारा दी गयी किस्त क्या होगी?
(a) 1379 रु. (b) 1352 रु.
(c) 1325 रु. (d) 128s3 रु.

उत्तर- (b) 1352 रु.

व्याख्या- प्रत्येक वर्ष दी जाने वाली राशि

$$= \frac{p}{\left(\frac{100}{100+R}\right)+\left(\frac{100}{100+R}\right)^2}$$

$$= \frac{2550}{\left(\frac{100}{100+4}\right)+\left(\frac{100}{100+4}\right)^2} = 1352 \text{ रु.}$$

5. 2 : 9, 3 : 7 और 12 : 7 का मिश्रित अनुपात ज्ञात कीजिये?
(a) 12 : 49 (b) 8 : 49
(c) 2 : 7 (d) 3 : 3

उत्तर- (b) 8 : 49

व्याख्या- a : b, c : d और e : f का मिश्रित अनुपात ace : bdf के रूप में दिया गया है।

अतः आवश्यक मिश्रित अनुपात $= (2\times3\times12) : (9\times7\times7) = 8 : 49$

6. यदि दो संख्याओं 'a' और 'b' के बीच का मध्यानुपात 3a के बराबर है, तो?
(a) a = 3b (b) a = 9b
(c) b = 3a (d) b = 9a

उत्तर- (d) b = 9a

व्याख्या- दो संख्याओं 'a' और 'b' के बीच का मध्यानुपात ab का वर्गमूल होता है।

अतः हम लिख सकते हैं,

$= \sqrt{ab} = 3a$

दोनों ओर वर्ग करने पर, $\Rightarrow ab = 9a^2$
$\Rightarrow b = 9a$

7. p और a एक काम को एक साथ 6 दिनों में कर सकते हैं। यदि p अकेले काम को 18 दिनों में कर सकता है, तो P, Q से कितना कुशल है?
(a) Q के जितना कुशल
(b) Q से आधा कुशल
(c) Q से दोगुना कुशल
(d) Q से तिगुना कुशल

उत्तर- (b) Q से आधा कुशल

व्याख्या- P के 1 दिन का काम = 1/18
(P + Q) के 1 दिन का काम = 1/6
Q के 1 दिन का काम = 1/6 - 1/18 = 1/9
इसलिए, Q अकेले काम को 9 दिनों में कर सकता है
P, Q से आधा कुशल है।

8. 25 लीटर के एक मिश्रण में तेल और पानी का अनुपात 4:1 है। मिश्रण में 5 लीटर पानी अतिरिक्त मिला दिया जाता है। तेल और नये मिश्रण का अनुपात क्या होगा?
(a) 2 : 3 (b) 4 : 5
(c) 2 : 5 (d) 5 : 3

उत्तर- (a) 2 : 3

व्याख्या- माना मिश्रण में तेल की मात्रा 4a और पानी की मात्रा a है।

$\Rightarrow 4a + a = 25$
$\Rightarrow 5a = 25$
$\Rightarrow a = 25/5 = 5$
तेल 20 लीटर है और पानी 5 लीटर है।
अब मिश्रण में 5 लीटर पानी अतिरिक्त मिला दिया जाता है।
$\Rightarrow$ पानी की मात्रा = 5 + 5 = 10 लीटर
नये मिश्रण की मात्रा = 25 + 5 = 30 लीटर
तेल और नये मिश्रण का अनुपात = 20: 30
= 2 : 3

9. एक 70 मीटर लंबी रेलगाड़ी 50 किमी/घंटा की रफ्तार से एक 130 मीटर लंबी रेलगाड़ी जो कि विपरीत दिशा से आ रही है, उसे 5 सेकंड में पार करती है। मी/से में दूसरी रेलगाड़ी की रफ्तार है?
(a) 82 (b) 26.12
(c) 94 (d) 103

उत्तर- (b) 26.12

व्याख्या- मान लेते हैं कि दूसरी रेलगाड़ी की रफ्तार x मीटर/सेकंड है

सापेक्ष गति $= \{(50\times5/18)+x\}$ मीटर/सेकंड
$= (13.88 + x)$ मीटर/सेकंड

हम जानते हैं, $\Rightarrow (70+130)/(13.88+x) = 5$
$\Rightarrow (13.88 + x) = 40$
$\Rightarrow x = 26.12$

दूसरी रेलगाड़ी की गति = 26.12 मीटर/सेकंड

10. तीन संख्याओं का योग 69 है। यदि पहली संख्या से दूसरी संख्या का अनुपात 3 : 4 है और दूसरी संख्या से तीसरी संख्या का अनुपात 7 : 5 है, तो दूसरी संख्या क्या है?
(a) 20 (b) 22
(c) 27 (d) 28

उत्तर- (d) 28

व्याख्या- पहली और दूसरी संख्या का अनुपात
$\Rightarrow 3 : 4$
$\Rightarrow 21 : 28$
दूसरी और तीसरी संख्या का अनुपात
$\Rightarrow 7 : 5$
$\Rightarrow 28 : 20$
तीनों संख्याओं का अनुपात = 21 : 28 : 20
तीनों संख्याओं का योग = 69
दूसरी संख्या $= 69\times28/69 = 28$

11. 66 किमी/घंटे की गति से चलती हुई एक रेलगाड़ी 300 मीटर लंबे प्लेटफॉर्म को 24 सेकंड में पार करती है। रेलगाड़ी की लंबाई ज्ञात कीजिये?
(a) 160 मीटर (b) 140 मीटर
(c) 250 मीटर (d) 310 मीटर

उत्तर- (b) 140 मीटर

व्याख्या- माना कि रेलगाड़ी की लंबाई A मीटर है।
रेलगाड़ी की गति = 66 किमी/घंटा
$= 66\times5/18$
$= 55/3$ मीटर/सेकंड
यह 300 मीटर लंबे (प्लेटफॉर्म को 24 सेकंड में पार करती है,
$\Rightarrow 55/3 = (300 + A)/24$
$\Rightarrow 440 = 300 + A$
$\Rightarrow A = 140$
रेलगाड़ी की लंबाई 140 मीटर है।

12. जतिन 5 किमी/घंटा की गति से एक स्थान पर जाता है और घर वापस 10 किमी/घंटा की गति से आता है। उसकी औसत गति (किमी/घंटा में) क्या है?
(a) 6.5 (b) 6.8
(c) 6.67 (d) 9

उत्तर- (c) 6.67

व्याख्या- कुल दूरी $= x + x = 2x$ किमी
5 किमी/घंटा पर लिया गया समय $= x/5$
10 किमी/घंटा पर लिया गया समय $= x/10$

$\Rightarrow$ कुल समय $= \frac{x}{5}+\frac{x}{10} = \left[\frac{3x}{10}\right]$

औसत गति = (कुल दूरी)/(कुल समय)
$= 2x/(3x/10) = 20/3$
= 6.67 किमी/घंटा

13. तीन सहेलियाँ : तान्या, निशा और अंजू ने एक केक बांटकर खाया। निशा ने केक का 1/3 हिस्सा खाया, जबकि अंजू ने 1/2 हिस्सा खाया। तान्या का हिस्सा ज्ञात कीजिये?
(a) 1/6 (b) 2/3
(c) 1/4 (d) 2/5

उत्तर- (a) 1/6

व्याख्या- कुल केक को x मानते हैं
निशा का हिस्सा $= x/3$
अंजू का हिस्सा $= x/2$
तान्या के भाग को = T मानते हैं
$T + x/3 + x/2 = x$
$T = x/6$ = केक का 1/6 हिस्सा

14. एक 10 सेमी लम्बे बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 2200 सेमी² है। बेलन का आयतन क्या है?
(a) 38,500 सेमी³ (b) 41,350 सेमी³
(c) 54,000 सेमी³ (d) 74,500 सेमी³

उत्तर- (a) 38,500 सेमी³

व्याख्या- बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल $= 2\pi rh$
$\Rightarrow$ बेलन का आयतन $= \pi r^2 h$
$\Rightarrow 2\times22/7\times r\times10 = 2200$
$\Rightarrow r = 35$
$\Rightarrow$ सिलेंडर का आयतन $= 22/7\times35\times35\times10$
$= 38,500$ सेमी³

15. 2, x और 72 निरंतर अनुपात में हैं तो x का मूल्य है?
(a) 6 (b) 12
(c) 15 (d) 3

उत्तर- (b) 12

व्याख्या- जब 2, x और 72 निरंतर अनुपात में हैं।
इसलिए, $x\times x = 2\times72$
$x^2 = 144, x = 12$
(or x = -12 लेकिन x नकरात्मक नहीं हो सकता है क्योंकि 2 और 72 दोनों ही सकारात्मक हैं)
अतः $x = 12$

16. 5, 9 और 45 का चौथा समानुपाती निकालिए?
(a) 96 (b) 81
(c) 45 (d) 65

उत्तर- (b) 81

व्याख्या- जैसा कि हम जानते हैं,
चौथा समानुपाती = (b × c)/a
जहाँ a, b और c समानुपात के क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे पद हैं।
a = 5, b = 9 और c = 45
$(9\times45)/5$
405/5=81

17. P की दक्षता Q से 25% कम है। उनकी मजदूरी को किस अनुपात में साझा किया जाना चाहिए?
(a) 4 : 3 (b) 2 : 4
(c) 3 : 4 (d) 6 : 3

उत्तर- (c) 3 : 4

व्याख्या- माना कि Q की दक्षता 100 है
P की दक्षता $= 100\times(75/100) = 75$
P और Q के दक्षता का अनुपात = 75 : 100
= 3 : 4

18. 2/3, 4/6, 8/27 का लघुत्तम समापवर्त्य क्या है?
(a) 8/3 (b) 2/3
(c) 2/27 (d) 8/27

उत्तर- (a) 8/3

व्याख्या- 2/3, 4/6, 8/27 का लघुत्तम समापवर्त्य
भिन्नों की लघुत्तम समापवर्त्य = सभी अंश का लघुत्तम समापवर्त्य/सभी हर का महत्तम समापवर्त्य
∴ 2/3, 4/9 और 8/27 का लघुत्तम समापवर्त्य = 8/3
2, 4, 8 का लघुत्तम समापवर्त्य और 3, 6, 27 का महत्तम समापवर्त्य]

19. एक 100 मीटर लंबी ट्रेन बिजली का खंभा कितने समय में पार करेगी यदि उसकी गति 144 किमी/घंटा है?
(a) 4.25 सेकंड (b) 5 सेकंड
(c) 2.5 सेकंड (d) 12.5 सेकंड

उत्तर- (c) 2.5 सेकंड

व्याख्या- ट्रेन की गति = 144 किमी/घंटा या
$144\times(5/18) = 40$ मीटर/सेकंड
ट्रेन की लंबाई = 100 मीटर
जैसा कि हम जानते हैं;
गति = दूरी/समय
$\Rightarrow 40 = 100/$समय
समय = 100/40 = 2.5 सेकंड

20. औसत गति ज्ञात कीजिए जब किसी यात्रा का पहला आधा भाग 60 किमी/घंटा और दूसरा आधा भाग 40 किमी/घंटा की गति से पूरा किया जाता है?
(a) 45 किमी/घंटा (b) 52 किमी/घंटा
(c) 48 किमी/घंटा (d) 35 किमी/घंटा

उत्तर- (c) 48 किमी/घंटा

व्याख्या- माना कि कुल दूरी 240 किमी है।
जैसा कि हम जानते हैं।
औसत गति = कुल दूरी/कुल समय
औसत गति = 240/[120/60 + 120/40]
= 240/(2 + 3)
= 240/5 = 48 किमी/घंटा

- साहिल शर्मा
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

नर्तक और नर्तक का पेशा चुना। जब काम करने का समय था तब देबू ने प्रशिक्षण की सुरक्षित जीवन शैली नहीं अपनाई। उम्र के इस पड़ाव पर भी, नृत्य परंपरा में बुनियादी काम करने के बाद भी, देबू को प्रायोजकों और समर्थकों को खोजना पड़ा। समकालीन नृत्य में आज एक नई पीढ़ी है। कुछ होनहार काम कर रहे हैं। लेकिन कई अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 'सहयोग' के अवसरों की तलाश कर रहे हैं, यह भूलकर की कि कला साधना एक तपस्या है। इसके लिये कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है, जैसा कि अस्ताद देबू ने किया।

भारत भवन भोपाल के ट्रस्टी भी थे अस्ताद देबू

नृत्य के क्षेत्र में योगदान के लिए उन्हें वर्ष 1995 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार दिया गया था। वर्ष 2007 में भारत सरकार ने पद्मश्री से भी देबू को सम्मानित किया। देबू ने मणिरत्नम और विशाल भारद्वाज जैसे फिल्मकारों की फिल्मों के लिए कोरियोग्राफी भी की थी। सुप्रसिद्ध नृत्यगुरु अस्ताद देबू भारत भवन, भोपाल के मौजूदा ट्रस्ट में ट्रस्टी भी थे। वे आखिरी बार भोपाल 29 सितंबर 2019 में एक बैठक में शामिल होने और एक कार्यक्रम में आये थे। भारत भवन के ट्रस्टी होने के नाते उन्होंने कई सुझाव और पारम्परिक नृत्य को लेकर बैठक में कई निर्णय भी ट्रस्ट के सदस्यों के साथ लिए थे।

- राजा दुबे
(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

OBJECTIVE QUESTIONS FOR COMPETITIVE EXAMINATION

Subject : GENERAL ENGLISH

Fill in the blanks with suitable articles. (Question Nos. 1 to 5)

1. They arranged …….. party for celebrating business success.
(a) an (b) the
(c) a (d) no article

2. We consider him …… best player in the team.
(a) an (b) a
(c) the (d) no article

3. Brazil is ……. developed country.
(a) an (b) the
(c) a (d) no article

4. Sanju is …… amazing classical dancer.
(a) a (b) the
(c) no article (d) an

5. …… film I saw a day before was superb.
(a) a (b) an
(c) the (d) no article

Fill in the blank spaces with suitable prepositions. (Question Nos. 6 to 12)

6. There are many dull students ……. his class.
(a) on (b) with
(c) to (d) in

7. The state needs to spend money …….. education of girls.
(a) at (b) on
(c) by (d) in

8. The quality …… food in this hotel is very nice.
(a) at (b) from
(c) of (d) in

9. It is decided …… all employees in the company.
(a) at (b) of
(c) by (d) to

10. I heard nothing ……. his secret mission.
(a) on (b) about
(c) in (d) into

11. He works ……. a paper mill.
(a) from (b) by
(c) to (d) in

12. His area ….. specialization is international politics.
(a) of (b) by
(c) in (d) on

Fill in the blanks with suitable form of the verb. (Question Nos. 13 to 18)

13. Hitesh …….. in a private company.
(a) was worked
(b) working
(c) works
(d) has work

14. Anil ……. Rs. Ten thousand in a bank a day before.
(a) has deposited
(b) deposits
(c) deposited
(d) had deposited

15. She …… prime time serial now.
(a) watches
(b) has watched
(c) has been watching
(d) is watching

16. Dr. Ram ……. Biology since 2009.
(a) teaches
(b) is teaching
(c) has taught
(d) has been teaching

17. I …… your uncle on the road yesterday.
(a) meet (b) met
(c) have met (d) is meeting

18. The peer team ……. the college next year.
(a) will be visit
(b) will visit
(c) visited
(d) will being visited

Change the Voice. (Question Nos. 19 to 25)

19. His thoughts changed the world.
(a) The world was changing by his thoughts.
(b) The world changes with his thoughts.
(c) The world was changed by his thoughts.
(d) The world is changing by his thoughts.

20. He has never punished the innocents.
(a) The innocents are punished by him ever.
(b) The innocents has been never punished him.
(c) The innocents have never been punished by him.
(d) The innocents were never punished by him.

21. Sarita learnt cooking in Hotel Management course.
(a) Cooking is being learnt by Sarita in Hotel Management course.
(b) Cooking was learnt by Sarita in Hotel Management course.
(c) Cooking has been learnt by Sarita in Hotel Management course.
(d) Cooking is learnt by Sarita in Hotel Management course.

22. Rohit translates poems in English from Marathi.
(a) Poems in English from Marathi are being translated by Rohit.
(b) Poems are translated in English from Marathi by Rohit.
(c) Poems in English and Marathi are translated by Rohit.
(d) In English from Marathi poems are translated by Rohit.

23. Do they sell medicine on 10% discount on MRP?
(a) Do sold out medicine by them on 10% discount on MRP?
(b) Is medicine sold by them on 10% discount on MRP?
(c) Was medicine sold by them on 10% discount on MRP?
(d) Medicine sold out by them on 10% discount on MRP.

24. Vacate the room please.
(a) Let the room be vacated.
(b) You must vacate the room please.
(c) You are requested to vacate the room.
(d) Please you vacate the room.

25. Assist the old people.
(a) The old people assist all.
(b) The old must be assisted.
(c) You are requested to assist old people.
(d) Let the old people be assisted.

Do as directed. (Question Nos. 26 to 30)

26. He is very industrious. (Make it negative without changing the meaning)
(a) He is not a company.
(b) He is not indolent.
(c) He was not clever.
(d) He was not lazy.

27. He is polite to everyone. (Make it negative without changing the meaning)
(a) He is impolite to everyone.
(b) He is not rude to anyone.
(c) He is rude to everyone.
(d) He is not polite to everyone.

28. He is truly genius. (Make it exclamatory)
(a) What a truly genius he is!
(b) Is he truly genius!
(c) How genius he is!
(d) Isn't he a truly genius!

29. What a beautiful gift. (Make it assertive)
(a) The beautiful gift it is.
(b) It is indeed a beautiful gift.
(c) It is a beautiful gift.
(d) It is a beautiful gift!

30. There is no sense in doing this. (Make it interrogative)
(a) Do there any sense in doing this?
(b) There is not any sense in doing this?
(c) Is there any sense in doing this?
(d) What is a sense in doing this?

Choose the word opposite to the meaning of the given word. (Question Nos. 31 to 35)

31. Ajar
(a) Disclose (b) Relate
(c) Closed (d) Open

32. Feeble
(a) Tender (b) Strong
(c) Thin (d) Frail

33. Inhale
(a) Gasp (b) Exhale
(c) Breathe (d) Gulp

34. Messy
(a) Chaotic (b) Untidy
(c) Confused (d) Neat

35. Zenith
(a) Top (b) Peak
(c) Apex (d) Nadir

Synonym (Question Nos. 36 to 40)

36. Morose
(a) Morbid (b) Cheerful
(c) Jolly (d) Ebullient

37. Hardship
(a) Happiness
(b) Glee
(c) Misery
(d) Delight

38. Frolic
(a) Delicate (b) Play
(c) Tender (d) Coward

39. Tug
(a) Push (b) Drive
(c) Pull (d) Ram

40. Grin
(a) Frown (b) Scowl
(c) Glare (d) Smile

One word substitutions. (Question Nos. 41 to 45)

41. Spoken or done without preparation.
(a) Exonerate
(b) Debate
(c) Rebutting
(d) Extempore

42. Government not concerned with religious or spiritual matters.
(a) Anti-national
(b) Secular
(c) Sedition
(d) Nationalism

43. A remedy or solution for all diseases or difficulties.
(a) Medicine
(b) Yoga
(c) Panacea
(d) Vaccine

44. A building containing tanks of live fish of different species.
(a) Agrarian
(b) Aquarium
(c) Asylum
(d) Apiary

45. A small shelter for a dog.
(a) Den (b) Kennel
(c) Nest (d) Cave

In each of the following questions, find out the correctly spelt word. (Question Nos. 46 to 50)

46. (a) Deibat (b) Dibate
(c) Dibet (d) Debate

47. (a) Deilogue (b) Dilogue
(c) Dialoge (d) Dialogue

48. (a) Spiering (b) Spring
(c) Sprinag (d) Speering

49. (a) Oppresion
(b) Oppression
(c) Opression
(d) Oppretion

50. (a) Libertiy (b) Liberty
(c) Libarty (d) Libertiy

ANSWERS

1. c, 2. c, 3. c, 4. d, 5. c, 6. d, 7. b, 8. c, 9. c, 10. b, 11. d, 12. a, 13. c, 14. c, 15. d, 16. d, 17. b, 18. b, 19. c, 20. c, 21. b, 22. b, 23. b, 24. c, 25. d, 26. b, 27. b, 28. c, 29. c, 30. c, 31. c, 32. b, 33. b, 34. d, 35. d, 36. a, 37. c, 38. b, 39. c, 40. d, 41. d, 42. b, 43. c, 44. b, 45. b, 46. d, 47. d, 48. b, 49. b, 50. b.

Explanation

2. Article 'the' is used in the superlative degree.
30. Positive interrogatives are made negative assertive and vice-versa. Hence positive interrogative sentence is changed into negative assertive sentence.

- Prafulkumar Prakash Vaidhya
(Assistant Professor in English
Sardar Patel Mahavidyalaya,
Chandrapur)

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

किसानों के लिये .....

इसके साथ ही 2 हजार मछुआ पालक एवं पशुपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण भी किया गया।

एम.एस.पी. बंद हो जाएगी इससे बड़ा नहीं है कोई झूठ

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि लोग भ्रम फैला रहे हैं कि एमएसपी बंद हो जाएगी। इससे बड़ा कोई झूठ नहीं है। हमने न केवल विभिन्न फसलों की एमएसपी में पर्याप्त वृद्धि की है बल्कि गत वर्षों में एमएसपी खरीदी भी कई गुना बढ़ गई है। पुरानी सरकार में जहां गेहूं की एमएसपी दर 1400 रुपये प्रति क्विंटल थी अब वह 1975 रुपये प्रति क्विंटल है, धान की एमएसपी 1310 के स्थान पर 1870, ज्वार की 1520 के स्थान पर 2640, मसूर की 1950 के स्थान पर 5100, चने की 3100 के स्थान पर 5100, तुअर की 4300 के स्थान पर 6000 तथा मूंग की एमएसपी 4500 के स्थान पर अब 7200 रुपये प्रति क्विंटल है।

कृषि अनुबंध कानून देता है किसानों को सुरक्षा

हमने जो फार्मिंग एग्रीमेंट (कृषि अनुबंध) कानून बनाया है, वह किसानों को सुरक्षा प्रदान करता है। बुवाई के समय ही किसान अपनी उपज का अनुबंध किसी से भी कर सकता है। यह अनुबंध उसकी फसल का ही होगा न कि उसकी भूमि का। किसानों को यह अधिकार दिया गया है कि वे उसे समाप्त कर सकेंगे परंतु व्यापारी अनुबंध को समाप्त नहीं कर पाएगा। नए कानून के अनुसार व्यापारी अनुबंध की गई दर पर किसानों की फसल खरीदने के लिए बाध्य होगा।

प्रदेश के सभी किसान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश के सारे किसान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के साथ हैं तथा नए कृषि कानून लागू करने के लिए उनका अभिनंदन एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी किसानों के सबसे बड़े हितैषी नेता हैं। किसानों की आय दोगुना करना उनका जुनून एवं जज्बा है। उन्होंने फसल बीमा योजना बनाई, किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये किसान सम्मान निधि दी जा रही है। देश के किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 2 लाख करोड़ रुपये का रियायती दरों पर ऋण दिलवाया तथा कृषि अधोसंरचना विकास के लिए 01 लाख करोड़ रुपये की राशि दी। वे निरंतर किसानों के हित में कार्य कर रहे हैं।

कृषि कानूनों ने किसानों को मर्जी का मालिक बनाया

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा बनाए गए कृषि सुधार कानूनों ने अब किसानों को अपनी मर्जी का मालिक बना दिया है। वे अपनी मर्जी से मंडी अथवा उसके बाहर कहीं भी देश-विदेश में, जहां उन्हें अच्छा दाम मिले, अपनी फसल बेच सकते हैं। इसी प्रकार फसल अनुबंध के माध्यम से किसानों को उनकी फसलों का निश्चित एवं अधिक मूल्य मिलेगा। 'स्टॉक लिमिट' समाप्त करने से व्यापारियों द्वारा फसलों की अधिक खरीदी होगी, जिससे किसानों को अधिक लाभ प्राप्त होगा।

मध्यप्रदेश में किसानों को 82 हजार करोड़ से अधिक का लाभ दिया गया

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में किसानों को विभिन्न योजनाओं, समर्थन मूल्य खरीदी आदि के माध्यम से 82 हजार करोड़ रुपये से अधिक का लाभ दिया गया है। मध्यप्रदेश के किसानों के खातों में प्रधानमंत्री फसल बीमा के 8 हजार 646 करोड़ रुपये, उद्यानिकी फसल बीमा के 100 करोड़ रुपये, सहकारी बैंकों के माध्यम से सहायता के लिए 800 करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री सम्मान निधि के 6 हजार 815 करोड़ रुपये, खरीफ फसलों के नुकसान के 1600 करोड़ रुपये, गेहूं, धान, ज्वार, बाजरा, चना और सरसों की समर्थन मूल्य खरीदी के 35 हजार करोड़ रुपये, बिजली की सब्सिडी के 14 हजार 804 करोड़ रुपये तथा किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराने के लिए बैंकों को 550 करोड़ रुपये दिए गए हैं। किसान सम्मान निधि के अंतर्गत मध्यप्रदेश सरकार वर्ष में किसानों को 4-4 हजार रुपये देगी। फसल नुकसानी के कुल 4500 करोड़ रुपये किसानों को दिए जाएंगे, जिसकी पहली किश्त दी गई है। इसी के साथ प्रदेश में 7 नई सिंचाई परियोजनाओं के लिए 8 हजार करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

खेल चर्चा

रॉबर्ट लेवांडोव्स्की बने फीफा प्लेयर ऑफ द ईयर

ज्यूरिख, फीफा ने 2020 का बेस्ट फुटबॉलर घोषित कर दिया है। पिछले साल के विजेता लियोनल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो को पछाड़कर पोलैंड के खिलाड़ी रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने इस साल बेस्ट फुटबॉलर के अवॉर्ड पर कब्जा जमाया है। यह पुरस्कार जीतने वाले रॉबर्ट पहले पोलिश खिलाड़ी हैं। बेयर्न म्यूनिख के लिए खेलने वाले रॉबर्ट ने इस साल चैंपियंस लीग में 15 गोल करने में सफल रहे थे और इस लीग में सबसे ज्यादा गोल करने वाले फुटबॉलर भी बने थे। पिछले सीजन में रॉबर्ट ने 47 मैच में 55 गोल किए हैं।

इंडिविजुअल रेसलिंग वर्ल्ड कप में अंशु ने जीता पदक

बेलग्रेड, सर्विया के बेलग्रेड में 2020 इंडिविजुअल कुश्ती वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची भारतीय महिला पहलवान अंशु मलिक को खितावी मैच में हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। अंशु मलिक ने क्वालिफिकेशन राउंड में अज़रबैजान रेसलर एलोना कोलेनिस को 4-2 अंकों से हराया था। क्वार्टरफाइनल में उन्होंने जर्मनी की रेसलर लौरा मर्टेंस को 3-1 अंकों से हराया और सेमीफ़ाइनल में पहुंच गईं। सेमीफाइनल राउंड में उन्होंने रूसी पहलवान वेरोनिका चुमिकोवा को 7-4 अंकों से हराया और फाइनल में पहुंची। गोल्ड मेडल मुकाबले में वह मेसेडोनियन पहलवान अनातसिया निकिता से भिड़ी और उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

आठ फरवरी से शुरू होगा ऑस्ट्रेलियन ओपन

मेलबर्न, कोरोना वायरस के मद्देनजर एटीपी ने प्रत्येक वर्ष जनवरी में होने वाले वर्ष के पहले ग्रैंड स्लेम ऑस्ट्रेलियन ओपन को इस बार तीन सप्ताह के लिए टालते हुए आठ फरवरी से आयोजित कराने की घोषणा की है। यह टूर्नामेंट पहले 18 जनवरी से शुरू होने वाले था, लेकिन कोविड-19 से संबंधित एहतियात बरतने के मद्देनजर अब इस टूर्नामेंट की तारीखों को आगे बढ़ा दिया गया है। अब आस्ट्रेलियन ओपन टूर्नामेंट 8 फरवरी से 21 फरवरी तक चलेगा। एटीपी ने कहा है कि आस्ट्रेलियन ओपन के लिए पुरुषों का क्वालीफाइंग मुकाबला 10 से 13 जनवरी के बीच दोहा में होगा। इसके बाद खिलाड़ी मेलबर्न में आएंगे और 14 दिन के लिए क्वारंटीन होंगे।

'बॉक्सिंग हॉल ऑफ फेम' में शामिल हुए फ्लायड मेवैदर

न्यूयॉर्क, विश्व विजेता फ्लायड मेवैदर, पूर्व हैवीवेट चैम्पियन व्लादिमीर क्लिटश्चेको और लैला अली को इंटरनेशनल मुक्केबाजी 'हॉल ऑफ फेम' एंड म्यूजियम में चुना गया है। हाल ही में 2021 की श्रेणी की घोषणा की गई जिसमें पूर्व ओलिंपिक चैम्पियन आंद्रे वार्ड, एन वोल्फे, मारियन ट्रिमियार और डॉ. मार्गेट गुडमैन का नाम भी शामिल है। विभिन्न वर्गों में मरणोपरांत चुने गए व्यक्तियों में लाइटवेट चैम्पियन डेवी मूर, जैकी टोनावांडा, कट मैन फ्रेडी ब्राउन, मैनेजर-ट्रेनर जैकी मैकॉय, पत्रकार जार्ज किम्बाल और टी.वी. कार्यकारी जे. लार्किन शामिल हैं। इन सभी को 13 जून को शामिल किया जाएगा, जिसमें पिछले साल की श्रेणी भी शामिल होगी, जिसे कोरोना वायरस महामारी के कारण स्थगित कर दिया गया था।

महिला वनडे विश्वकप–2022

आईसीसी ने जारी किया कार्यक्रम

वेलिंग्टन, आईसीसी महिला वनडे विश्वकप 2022 का आयोजन चार मार्च से न्यूजीलैंड में किया जाएगा और इसका फाइनल मुकाबला तीन अप्रैल को खेला जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महिला वनडे विश्वकप 2022 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। महिला विश्वकप का आयोजन पहले 2021 में किया जाना था, लेकिन कोरोना महामारी के कारण आईसीसी ने इसे 2022 तक स्थगित कर दिया था। आईसीसी ने इसका संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। 50 ओवर के इस टूर्नामेंट में विश्व की आठ टीमें हिस्सा लेंगी और न्यूजीलैंड के छह शहरों में कुल 31 मैच कराए जाएंगे। ऑकलैंड के ईडन पार्क, हेमिल्टन के सेडन पार्क, टॉरंगा के बे. ओवल, वेलिंगटन के बेसिन रिज़र्व, क्राइस्टचर्च के हेग्ले ओवल और डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल में मैच आयोजित किए जाएंगे। सेमीफाइनल मुकाबला क्राइटचर्च और वेलिंगटन में आयोजित होगा, जबकि फाइनल मैच क्राइटचर्च में खेला जाएगा। मेजबान न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और भारत पहले ही इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं, जबकि अन्य तीन टीमों का चयन आईसीसी क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिए होगा। क्वालीफाइंग टूर्नामेंट श्रीलंका में 26 जून से 10 जुलाई 2021 तक किया जाएगा। विश्वकप की शुरुआत न्यूजीलैंड और क्वालीफायर की किसी एक टीम के साथ मुकाबले से होगी। टूर्नामेंट का पहला मैच 4 मार्च को और फाइनल मैच 3 अप्रैल को खेला जाएगा।

भारत के मैच

भारत अपने अभियान की शुरुआत 6 मार्च को क्वालीफायर टीम से भिड़कर करेगा। इसके बाद भारत का मुकाबला 10 मार्च को न्यूजीलैंड, 12 मार्च को क्वालीफायर टीम, 16 मार्च को इंग्लैंड, 19 मार्च को ऑस्ट्रेलिया, 22 मार्च को क्वालीफायर टीम और 27 मार्च को साउथ अफ्रीका की टीम से होगा।

- न्यूजीलैंड के छह शहरों में कुल 31 मैच कराए जाएंगे।
- विश्व की आठ टीमें लेंगी हिस्सा।
- न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और भारत कर चुके हैं क्वालीफाई।
- तीन टीमों का चयन आईसीसी क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिए होगा।

इंग्लैंड का भारत दौरा

सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में होंगे 2 टेस्ट और 5 टी–20

मुंबई, इंग्लैंड के भारत दौरे का ऐलान हो गया है। बीसीसीआई और ईसीबी ने भारत और इंग्लैंड के बीच 4 टेस्ट, 3 वनडे और 5 टी-20 मैच का शेड्यूल जारी किया है। पहले 2 टेस्ट मैच चेन्नई में खेले जाएंगे। जबकि बाकी 2 टेस्ट और 5 टी-20 मैच दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम मोटेरा, अहमदाबाद में खेले जाएंगे। इसके अलावा 23, 26 और 28 मार्च को वनडे सीरीज के मैच खेले जाने हैं, तीनों मैच पुणे में होंगे। टेस्ट सीरीज का पहला टेस्ट मैच 5-9 फरवरी, दूसरा मैच 13 से 17 फरवरी, तीसरा मैच 24-28 फरवरी और चौथा मैच 4-8 मार्च के बीच होगा। मार्च में 12, 14, 16, 18 और 20 तारीख को टी-20 मैच होंगे।

इंडियन नेशनल रैली चैम्पियनशिप

गौरव गिल ने जीता पहला राउंड

ईटानगर, भारत के प्रमुख रैली चालक और अर्जुन अवार्डी गौरव गिल ने चैम्पियंस याच क्लब-एफएमएससीआई इंडियन नेशनल रैली चैम्पियनशिप 2020 का शानदार आगाज किया है। गिल ने रैली के पहले राउंड-रैली ऑफ अरुणाचल को जीत लिया। जे.के. टायर की टीम में शामिल गौरव ने आठ स्पेशल स्टेजों को कुल 56:55:200 मिनट में पूरा किया और कर्णा कादुर की तुलना में 4:25:700 मिनट के रिकॉर्ड अंतर के साथ विजेता घोषित किए गए।

मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम को मिलेंगे 6 विश्व-स्तरीय स्क्वैश कोर्ट

- इस परियोजना के लिए 5.52 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है।

नई दिल्ली, केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री किरेन रिजिजू की उपस्थिति में मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में 6 स्क्वैश कोर्ट की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा, भारत में शानदार खेल प्रतिभा है। इसमें सक्षम और उत्साही कोच हैं, जो उस प्रतिभा को तैयार करने के लिए समय देंगे। वह स्थान उपलब्ध नहीं था, जहां प्रतिभा प्रशिक्षकों से मिल सके। मुझे विश्वास है कि यह एक मॉडल सुविधा होगी और इससे अधिक आने वाली कई सुविधाओं के लिए उत्प्रेरक का काम करेगी।

खेल मंत्री ने कहा कि यह नई सुविधा विश्व चैंपियनों को पैदा करने वाली है। उन्होंने कहा, 6 स्क्वैश कोर्ट की यह सुविधा न केवल विश्व-स्तरीय होगी बल्कि उत्कृष्टता केंद्र भी होंगे जहां हम विश्व चैंपियनों को तैयार करेंगे और मुझे विश्वास है कि आने वाले नए खिलाड़ी इस केंद्र का अधिकतम लाभ उठाएंगे।

दोहा 2030 और रियाद 2034 एशियाई खेलों की मेजबानी करेगा

मस्कट, कतर की राजधानी दोहा 2030 में होने वाले एशियाई खेलों की मेजबानी करेगी, जबकि 2034 में इन खेलों का आयोजन रियाद में किया जाएगा। दोहा ने 2030 एशियाई खेलों की मेजबानी की दौड़ में रियाद को पीछे छोड़ा है। इसके लिये मतदान एशियाई ओलिंपिक परिषद (ओसीए) की आम सभा में किये गये थे। सऊदी अरब और कतर के बीच लंबे समय से चले आ रहे राजनीतिक विवादों के बीच यह मतदान संपन्न हुआ। मतदान के बाद ओसीए इस नतीजे पर पहुंचा कि मतदान में विजेता को 2030 की मेजबानी सौंपी जाएगी, जबकि दूसरा दावेदार 2034 में खेलों का आयोजन करेगा। ओसीए अध्यक्ष शेख अहमद अल फहद अल सबाह ने कहा, इसका मतलब कोई विजेता नहीं रहा और किसी की हार नहीं हुई। कतर में 2022 में फीफा विश्व कप भी आयोजित किया जाएगा। मतदान में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में समस्या के कारण लगातार देरी हुई, क्योंकि कई प्रतिनिधि कोरोना वायरस महामारी के कारण अपने देश में रहकर ही मतदान कर रहे थे।

योगासन को प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में औपचारिक मान्यता

नई दिल्ली, आयुष मंत्रालय और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने योगासन को एक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में औपचारिक मान्यता देने की घोषणा की है। केन्द्रीय आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री श्रीपद नाइक और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री किरेन रिजिजू ने इस संबंध में नई दिल्ली में संयुक्त प्रेस वार्ता आयोजित की थी। श्री नाइक ने योगासन प्रतियोगिताओं को भारतीय योग परंपरा का हिस्सा बताया, उन्होंने कहा कि आज भी कई स्तरों पर ऐसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, लेकिन प्रतियोगिताओं को राष्ट्रीय पटल पर उभरने के लिए मजबूत और दीर्घकालिक स्वरूप का सामने आना बाकी है।

वार्ता के दौरान आयुष सचिव ने एक प्रस्तुति दी जिसमें बताया गया कि योगासन के खेल की प्रतियोगिताओं के लिए 4 स्पर्धाओं और 7 श्रेणियों में 51 पदक प्रस्तावित किये जा सकते हैं। पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए प्रस्तावित कार्यक्रमों में पारंपरिक योगासन, कलात्मक योगासन (एकल), कलात्मक योगासन (युगल), लयबद्ध योगासन (युगल), मुक्त प्रवाह या समूह योगासन, व्यक्तिगत ऑल राउंड-चैम्पियनशिप और टीम चैम्पियनशिप शामिल हैं।

वहीं श्री किरेन रिजिजू ने कहा कि योगासन को खेलों के रूप में मान्यता मिलने से जो प्रतिस्पर्धा पैदा होगी, उससे दुनिया भर के लोगों में योग के प्रति रुचि बढ़ेगी। दोनों मंत्रालय योगासन को एक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में स्थापित करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं, योगासन को खेलो इंडिया और यूनिवर्सिटी गेम्स में एक खेल के रूप में शामिल करने की योजना बना रहे हैं और हम इसे राष्ट्रीय खेलों का भी हिस्सा बनाएंगे, लेकिन किसी भी खेल का लक्ष्य और उद्देश्य ओलिंपिक खेलों में शामिल होना है और यह एक लंबी यात्रा की शुरुआत है।

योगासन खेल का रोडमैप और अन्य गतिविधियां

- 2021 की शुरुआत में पायलट योगासन प्रतियोगिता 'नेशनल इंडिविजुअल योगासन स्पोर्ट चैंपियनशिपप वर्चुअल मोड के नाम से होनी है।
- योगासन खेल की प्रतियोगिताओं, प्रतिस्पर्धाओं और कार्यक्रमों का एक वार्षिक कैलेंडर जारी करना।
- प्रतियोगिताओं के लिए एक स्वचालित स्कोरिंग प्रणाली का विकास करना।
- कोच, रेफरी, जजों और प्रतियोगिताओं के निदेशकों के लिए पाठ्यक्रम।
- खिलाड़ियों के लिए कोचिंग कैंप।
- योग आसनों के लिए एक लीग का उद्घाटन, जिससे इस खेल के खिलाड़ियों के लिए बेहतर कॅरियर और सामाजिक स्थिति, विशेषज्ञों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।
- योगासन को राष्ट्रीय खेल, खेलो इंडिया और अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में खेल प्रतिस्पर्धा के रूप में प्रस्तुत करना।
- योगासन खिलाड़ियों के लिए नौकरी के अवसर पैदा करने के लिए कदम।

रूस पर दो वर्ष का प्रतिबंध, टोक्यो ओलिंपिक से बाहर

जेनेवा, डोपिंग स्कैंडल से जूझ रहे रूस के खिलाड़ी जुलाई-अगस्त 2021 में होने वाले टोक्यो ओलिंपिक में अपने देश के राष्ट्र ध्वज और राष्ट्रगान के तले हिस्सा नहीं ले पाएंगे। लुसाने स्थित खेल मध्यस्था अदालत (सीएएस) ने डोपिंग मामलों को लेकर रूस पर दिसंबर 2019 में लगा चार साल का प्रतिबंध हटाकर दो साल कर दिया है और रूसी खिलाड़ी अगले दो वर्षों में टोक्यो ओलिंपिक, फीफा विश्वकप फुटबॉल और अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में अपने देश के ध्वज और राष्ट्रगान के तले हिस्सा नहीं ले पाएंगे। वाडा और आईओसी के अनुसार, पिछले साल रूस के राज्य अधिकारियों ने वाडा के जांचकर्ताओं को सौंपने से पहले मॉस्को परीक्षण प्रयोगशाला के एक डेटाबेस के साथ छेड़छाड़ की थी। जिसके बाद कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स ने रूस को यह सजा सुनाई है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन वर्ष 2021 में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस

परेड के मुख्य अतिथि होंगे। उन्होंने पिछले दिनों प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार कर लिया। ब्रिटेन के विदेश सचिव डॉमिनिक राव ने बताया कि जॉनसन ने भारत का न्यौता सहर्ष स्वीकार कर लिया है। डॉमिनिक ने कहा कि जॉनसन ने भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को यूके में आयोजित होने वाले जी-7 समिट का न्यौता भी दिया है।

गुजरात में प्रमुख परियोजनाओं का शिलान्यास

बदलते समय के साथ चलना होगा और दुनिया के बेहतरीन तौर-तरीके अपनाने होंगे - प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में एक विलवणीकरण संयंत्र, एक हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा पार्क और एक पूरी तरह से स्वचालित दुध प्रसंस्करण और पैकिंग संयंत्र शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि हर किसी को बदलते समय के साथ चलना होगा और वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाना होगा। उन्होंने इस संबंध में कच्छ के किसानों की सराहना की जो आजकल विदेशों में फल निर्यात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारे किसानों के अभिनव उत्साह को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सरकार के न्यूनतम हस्तक्षेप के कारण पिछले दो दशकों में गुजरात में कृषि, डेयरी और मत्स्य पालन क्षेत्र समृद्ध हुए हैं। गुजरात सरकार ने किसानों और सहकारी समितियों को सशक्त बनाने का काम किया है।

देश के सबसे तेजी से विकसित क्षेत्रों में से एक है कच्छ

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज कच्छ ने आधुनिक दौर की प्रौद्योगिकी और अर्थव्यवस्था दोनों मामले में बड़ी छलांग लगाई है। खरेरा में अक्षय ऊर्जा पार्क, मांडवी में विलवणीकरण संयंत्र और अंजार में नई सरहद देहरी परिसर में नये स्वचालित संयंत्र के लिए किया गया शिलान्यास, कच्छ की विकास यात्रा में नए मील के पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं का लाभ क्षेत्र के आदिवासियों, किसानों, पशुपालकों और आम लोगों को मिलेगा। उन्होंने कहा की आज, कच्छ देश के सबसे तेजी से विकसित क्षेत्रों में से एक है। देश के अन्य क्षेत्रों के साथ इसका संपर्क लगातार बेहतर होता जा रहा है।

भूकंप के बाद चार गुना हुआ विकास

उन्होंने कहा कि अब गुजरात में चीजें बहुत बदल गई हैं। गुजरात के युवाओं को आज पहले की असुविधाओं की जानकारी तक नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक समय ऐसा भी था जब कच्छ में जनसंख्या काफी कम होने लगी थी। अब लोगों ने यहां से बाहर जाना बंद कर दिया और क्षेत्र के लोगों के वापस लौटने से आबादी भी बढ़ने लगी है। उन्होंने कच्छ में भूकंप के बाद के समय में हुए चार गुना विकास पर अध्ययन करने के लिए शोधकर्ताओं और विश्वविद्यालयों का आह्वान किया।

श्री मोदी ने पिछले बीस वर्षों में कई किसान हितैषी योजनाओं को शुरू करने के लिए गुजरात सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा क्षमता को मजबूत करने के मामले में गुजरात अग्रणी रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी के दौर में ऊर्जा और जल सुरक्षा काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शुरुआती समय में उन लोगों का मजाक उड़ाया गया जिन्होंने पानी की समस्या को दूर करने के लिए नर्मदा का पानी कच्छ तक लाने की बात कही थी। अब, नर्मदा का पानी कच्छ तक पहुंच गया है और कच्छ प्रगति कर रहा है।

जेईई मेन्स परीक्षा

अब साल में चार बार होगी

इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए होने वाला ज्वाइंट एंट्रेंस एक्जाम (जेईई मेन्स) वर्ष में 4 बार आयोजित होगा। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने नई प्रणाली के बारे में बताया कि इस बार छात्र परीक्षा सत्र के दौरान आए अवरोध से परीक्षा देने से वंचित नहीं हो सकेगा और शेष अवसरों में योग्यता साबित कर

- **छात्रों को मिलेगा स्कोर सुधारने का मौका।**
- **पहले सत्र में इसका आयोजन 23 से 26 फरवरी 2021 तक होगा।**

सकेगा। यदि किसी उम्मीदवार की किसी विशेष महीने में बोर्ड परीक्षा है या कोरोना महामारी की वजह से वह उपस्थित नहीं हो पा रहा है तो उसके पास परीक्षा देने के लिए दूसरे अवसर रहेंगे।

ज्ञात रहे पहली परीक्षा फरवरी, दूसरी मार्च, तीसरी अप्रैल और चौथी मई में आयोजित होगी।

नेपाल ने भारत के रेल प्रोजेक्ट को स्वीकारा

काठमांडु को भारत से रेल लाइन द्वारा जोड़ने के प्रस्ताव को नेपाल ने

- **भारत ने नेपाल से डीपीआर और रेलवे के निर्माण की अनुमति मांगी थी।**
- **काठमांडु तक रेल लाइन की लंबाई 136 किलोमीटर है।**

स्वीकृति प्रदान कर दी है। नेपाल की एक न्यूज वेबसाइट के अनुसार लंबे समय के बाद नेपाल ने काठमांडु को भारतीय राज्य बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के रक्सौल को रेल लाइन से जोड़ने को भारत की कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड को डीपीआर तैयार करने की अनुमति दे दी है।

कोरोना की दूसरी लहर

जर्मनी में लगा सख्त लॉकडाउन

कोरोना की दूसरी लहर के चलते जर्मनी में 16 दिसंबर से लॉकडाउन लगा

दिया गया। जर्मनी ने संक्रमित मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सख्त लॉकडाउन लागू किया है। चांसलर एंजेला मर्केल ने जनता से सहयोग करने की अपील की है।

- **सरकार की जनता से सहयोग की अपील।**
- **10 जनवरी तक के लिए लगा लॉकडाउन।**
- **दुकानें, स्कूल और डे-केयर रहेंगे बंद।**

उन्होंने बताया कि जर्मनी के 16 राज्यों के गवर्नर इस बात पर राजी थे कि कोविड-19 में बढ़ते संक्रमण के चलते लॉकडाउन लगाना उचित है।

ज्ञात रहे कि जर्मनी में अब तक कोरोना से 13,38,483 लोग संक्रमित हो चुके हैं और तकरीबन 22,406 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

हांगकांग लोकतंत्र समर्थक जिमी की जमानत रद्द

हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक और मीडिया टायकून जिमी लाई को कोर्ट ने जमानत देने से इन्कार कर दिया है। उन पर नए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत आरोप लगाए गए थे और उन्हें हिरासत में ले लिया गया था। जिमी लाई टेबलॉयड द एप्पल डेली के संस्थापक हैं और उन पर विदेशी शक्तियों के साथ गठबंधन के संदेह और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने का

यूरोप

माउंट एटना ज्वालामुखी में हुआ विस्फोट

यूरोपीय देश इटली के सिसली में स्थित ज्वालामुखी माउंट एटना में विस्फोट के बाद 325 फुट की ऊंचाई तक हवा में लावा उठा। विस्फोट की वजह से तीन मील के इलाके में राख फैल गयी।

ज्वालामुखी की राख से सिसली के पेडोरा और ट्रेमेस्टिइरी इटनिओ के इलाके पूरी तरह से ढंक गए थे। ज्ञात रहे कि माउंट एटना यूरोप का सबसे सक्रिय और सबसे बड़ा ज्वालामुखी है। इस ज्वालामुखी से हर साल इतना ज्यादा लावा निकलता है कि 108 मंजिला इमारत को इससे भरा जा सकता है।

सैटेलाइट इमेज से पता चला कि ज्वालामुखी के दक्षिणी-पूर्वी गड्ढे में सबसे पहले विस्फोट हुआ। इससे करीब 325 फुट तक लावा उठा।

- **माउंट एटना ज्वालामुखी 11 हजार फुट ऊंचा और 24 मील चौड़ा है।**
- **ज्वालामुखी माउंट एटना में विस्फोट के बाद कई भूकंप के झटके महसूस किए गए।**

इस विस्फोट से पहले रिक्टर पैमाने पर 2.7 की तीव्रता वाला भूकंप महसूस किया गया। यह ज्वालामुखी 7 लाख साल पुराना है और हर साल इससे करोड़ों टन लावा और 70 लाख टन कार्बन डाई ऑक्साइड, पानी और सल्फर डाइ ऑक्साइड निकलता है।

सूडान

आतंकवाद फैलाने वाले देशों की सूची से नाम हटा

सूडान का नाम अमेरिका ने आतंकवाद फैलाने वाले देशों की सूची से हटा दिया है। अमेरिका ने 1993 में सुडान को राज्य प्रायोजित आतंकवाद सूची में दर्ज किया था। ज्ञात रहे कि इसी साल अक्टूबर में ही सुडान ने इज़रायल के साथ राजनयिक संबंध बहाल करने का ऐलान किया था। अमेरिका के राज्य प्रायोजित आतंकवाद वाली सूची में ईरान, उत्तर कोरिया और सीरिया अभी भी शामिल हैं। गौरतलब है कि सूडान ने हाल ही में कई आतंकवादी समूहों के साथ शांति समझौता किया था, ताकि वर्षों से चल रहे गृह युद्ध को समाप्त किया जा सके।

- **सूडान की राजधानी खार्तूम में स्थित अमेरिकी दूतावास ने इस संबंध में जानकारी दी है।**

भारत और ब्रिटेन शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग को करेंगे मजबूत

भारत और यूनाइटेड किंगडम ने अपने शैक्षिक सहयोग को और सशक्त करने पर सहमति व्यक्त की है। भारत के शिक्षा मंत्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' और ब्रिटिश विदेश मंत्री माननीय डोमिनिक राब के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक में दोनों देशों ने शिक्षा और शोध के क्षेत्र में अपनी साझेदारी को और मजबूत करने और अगले वर्ष से शैक्षणिक योग्यता की पारस्परिक मान्यता के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई। ब्रिटिश विदेश मंत्री माननीय डोमिनिक राब ने भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को दूरदर्शी बताते हुए इसकी प्रशंसा की और कहा कि प्रस्तावित सुधारों के चलते छात्रों और अर्थव्यवस्था के लिए नए अवसर उपलब्ध होंगे और दोनों देशों के बीच साझेदारी को और सशक्त करने में सहायता मिलेगी। वर्ष 2018 में ब्रिटेन दौरे में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के बयान "शिक्षा भारत-ब्रिटेन के बीच जीवंत सेतु है" का स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि यह नीति इस सेतु को मजबूती प्रदान करने में मददगार होगी। भारत और ब्रिटेन शैक्षणिक योग्यता को पारस्परिक मान्यता देने हेतु नामित उच्च संस्थानों के संयुक्त कार्यबल के गठन के लिए भी सहमत हुए। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि कार्यबल के गठन से शैक्षणिक योग्यता की पारस्परिक मान्यता की प्रक्रिया में तेज़ी आएगी। यह शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण के भारत के एजेंडे के लिए भी सहायक होगा। शैक्षणिक योग्यता की पारस्परिक मान्यता की दिशा में काम करने का समझौता प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वैश्विक स्तर पर उपयोगी कर्मी तैयार करने और भारतीय उच्च शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसका प्रस्ताव इस साल जुलाई में लागू की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 में भी किया गया है। दोनों पक्षों ने शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में पारस्परिक सहभागिता को और बढ़ाने के लिए आशा और विश्वास व्यक्त किया, जिससे द्विपक्षीय सम्बन्धों में और मजबूती आएगी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।